दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
R.N.I. No. MPHIN/2021/82530
खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक
समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया
ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -307 | ग्वालियर, शनिवार 16 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

खेलों के उत्थान के लिए मध्यप्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी मुख्यमंत्री डॉ. यादव

आने वाले दिनों में ग्वालियर में 50 हजार दर्शक क्षमता का स्टेडियम भी बनाया जायेगा : केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर में 210 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम का किया लोकार्पण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर / मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 210 करोड़ रूपए की लागत से 20 हजार दर्शक क्षमता वाला अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत स्व. माधवराव सिंधिया के नाम किया है। यह स्टेडियम न केवल ग्वालियर, प्रदेश व देश में भी अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्वालियर में नवनिर्मित स्टेडियम के लोकार्पण एवं एमपीएल-2024 मध्यप्रदेश लीग ङ्क सिंधिया कप के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, देश के पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव, बीसीसीआई के अध्यक्ष जय शाह, मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिलाष खाण्डेकर, उपाध्यक्ष महाआर्यमान सिंधिया सहित जीडीसीए के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि क्रिकेट आज हर युवा के दिल में बसता है। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ग्वालियर सहित मध्यप्रदेश में क्रिकेट के उत्थान एवं स्टेडियमों के निर्माण के लिए जो भी सहयोग चाहेगा, मध्यप्रदेश सरकार उसे पूरा करेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल में खेलों के लिये असीम प्यार है। वे खेलों को बढ़ावा देने के लिये हर संभव सहयोग कर रहे हैं। ग्वालियर के लिये आज ऐतिहासिक दिन है। जब मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 210 करोड़ रूपए की लागत से 20 हजार दर्शक क्षमता वाला स्टेडियम लोकार्पित किया जा रहा है। यह स्टेडियम मेरे पूज्य पिताजी स्व. माधवराव सिंधिया के नाम किया गया है। उनका सपना था कि ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बने। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन देश का पहला ऐसा एसोसिएशन है जिसके ग्वालियर शहर में दो स्टेडियम हैं। ग्वालियर में आने वाले दिनों में हम सभी के सहयोग से 50 हजार क्षमता वाला एक अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण भी करेंगे। इसमें मध्यप्रदेश शासन का सहयोग अपेक्षित है। ग्वालियर में पहली बार मध्यप्रदेश लीग ङ्क सिंधिया कप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश की पाँच टीमें अपनी खेल क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगीं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी आने वाले दिनों में देश की टीम में शामिल होकर सम्पूर्ण देश का नाम भी गौरवान्वित करेंगे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जीडीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खाण्डेकर एवं उपाध्यक्ष महाआर्यमान सिंधिया ने भी अपने विचार रखे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया गया।

ग्वालियर महाराजपुरा थाना प्रभारी रश्मि भदोरिया को जम्मू कश्मीर में वैष्णो धाम माता के यात्रियों पर किया हमला अमित शाह के नाम दिया ज्ञापन : रेखा तोमर..

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

श्योपुर।भारत के जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं पर पाकिस्तान के आतंकवादियों ने माता रानी के भक्तों पर जो गोलीबारी की गई पाकिस्तान के आतंकवादियों पर कठोर कार्यवाही संबंध हेतु थाना प्रभारी महाराजपुरा ग्वालियर मध्यप्रदेश हिंदू टाइगर फोर्स प्रदेश अध्यक्ष रेखा तोमर एवम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच मध्य प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ श्योपुर ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नाम संगठन के द्वारा सभी जिलों में ज्ञापन दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा तोमर ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जम्मू कश्मीर के लिए निकले माता रानी वैष्णो धाम की यात्रा पर जो श्रद्धालु दर्शन करने गए थे पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए माँ वैष्णव भक्तों के यात्री बस पर गोलीबारी की गई जिसमे बहुत लोग नहीं रहे हिंदू टाईगर फोर्स हिन्दू संगठन स्त्रद्मश्चद्दह्ल1द्व इसकी कठोर निंदा करता है और साथ में यह मांग करता है कि ऐसे पड़ोसी देश पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उसको ऐसा सबक सिखाया जाए की दुनिया के नक्शे पर पाकिस्तान का नाम ना हो जिससे अन्य आतंकवादी देश भारत पर कभी भी हमले करने के लिए ना सोचे क्योंकि एक 6 साल के बच्चे पर 6 गोली मारी गई कितनी निंदनीय घटना आतंकवादियों ने की है यह किसके ईशारे पर की इसकी जांच पड़ताल करके दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष रेखा तोमर, प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ श्योपुर,गीता शर्मा, शिवानी शर्मा, सोना तोमर, देखा तोमर, पिंकी अवधेश सिंह परमार,धर्मेंद्र तोमर, राकेश अविनाश आदि एवम संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जेसीआई मुरैना जागृति और स्टार ने किया बृक्षारोपड़

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

पर्यावरण संरक्षण के विशेष प्रोजेक्ट पर किया कार्य

मुरैना । पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से स्वयंसेवी संगठन जेसीआई (गो-ग्रीन) ने एक खास प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत जेसीआई के सभी चैप्टर अपने-अपने शहरों में पार्क या भूखंड गोद लेकर वहां हरा-भरा उद्यान विकसित करेंगे। प्रोजेक्ट के तहत जेसीआई मुरैना जागृति और जेसीआई स्टार ने अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण किया।

विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत जेसीआई मुरैना जागृति ने फाटक बाहर स्थित मां स्वास्ति इंटरनेशनल स्कूल में पौधे रोपे। जेसीआई गो-ग्रीन की कोर्डिनेटर भावना जैन ने बताया कि उन्होंने स्कूल के पार्क को गोद लिया है। यहां अभी पौधरोपण किया गया है। इन पौधों की सतत देखभाल की जाएगी और जरूरत के हिसाब से इन्हे पोषित किया जाएगा। हम सब जेसीआई मेंबर्स एक संकल्प के साथ यहां उद्यान डवलप करेंगी। इसके अलावा जेसीआई स्टार के सदस्यों ने भी इस प्रोजेक्ट से जुड़कर पौधरोपण किया और विभिन्न प्रजाति के पौधों का वितरण भी किया। जेसीआई गो-ग्रीन कोर्डिनेटर भावना जैन ने बताया कि हम लोग मानसून का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही बारिश शुरू होती है, शहर और आसपास के क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत गोद लिए गए पार्क या भूखंड की वर्तमान तस्वीर और फिर उद्यान विकसित होने के बाद की फोटो जोन में भेजने की शर्त रखी गई है। इसलिए जेसीआई के सभी चैप्टर्स को यह टास्क कम्पलीट करना ही है। जेसीआई अध्यक्ष ललिता गोयल ने बताया कि मानसून से पहले हम सभी मेंबर्स मीटिंग बुलाकर पौधरोपण के लिए स्थान चयनित कर लेंगे। जेसीआई मुरैना जागृति के पौधरोपण कार्यक्रम में गो-ग्रीन कोर्डिनेटर भावना जैन के अलावा अध्यक्ष ललिता गोयल, सचिव कंचन चावला, आइपीपी ज्योति मोदी, सारिका गर्ग आदि शामिल हुईं।

दानाओली में नोवेल्टी शॉप में शॉर्ट शर्किट से लगी आग

ग्वालियर। दानाओली स्थित सराफा जमुना लॉन्च के सामने गुप्ता नोवेल्टी दुकान में शनिवार को आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही मिनटों में दुकान के अंदर भरा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दुकान और घर में लगी आग पर एक फायर ब्रिगेड पानी डालकर आग पर काबू पाया गया है। बताया जा रहा है कि दुकान में बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग लगी है। दुकान में जिस वक्त आग लगी दुकान बंद थी। फिलहाल इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के दानाओली स्थित सराफा जमुना लॉन्च के सामने आंचल गुप्ता रहते हैं। घर के नीचे ही उनकी पत्नी पूजा गुप्ता की गुप्ता नोवेल्टी नाम से दुकान है। शनिवार सुबह आंचल गुप्ता और पत्नी पूजा गुप्ता अपने घर में बैठे हुए थे तभी नीचे की दुकान में धुआं उठने लगा। अभी वह कुछ समझ पाते कि देखते ही देखते दुकान में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते आंचल गुप्ता अपनी पत्नी पूजा सहित अन्य परिजन के साथ घर के बाहर निकल आए और अपनी जान बचा ली। वहीं आग को लगता देख आसपास के लोगों ने तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी है। फायर ब्रिगेड अधिकारी अतिबल सिंह यादव ने बताया कि दानाओली में गुप्ता नोवेल्टी नाम की दुकान में शनिवार सुबह आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर एक गाड़ी मौके पर भेजी गई थी।

हाईअलर्ट के बीच ग्वालियर में डबल मर्डर, मिले दो शव

ग्वालियर। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्वालियर आगमन के चलते हाईअलर्ट है। उसके बाबजूद ग्वालियर में शनिवार सुबह 7.30 बजे शीतला माता मंदिर रोड हाईवे किनारे दो लोगों के शव मिले हैं। ग्वालियर में हाईअलर्ट के बीच डबल मर्डर हुआ है। पता चला है कि दोनों मृतकों के सिर पर गहरे घाव हैं। पास में ही खून से सने पत्थर पड़े मिले हैं। एक युवक पैर से दिव्यांग है। उसका कृत्रिम पैर लगा हुआ है। दूसरे युवक का शव पहले युवक से 20 कदम दूरी पर झाड़ियों में पड़ा मिला। घटनास्थल पर कपड़ों से भरा एक बैग भी मिला है, लेकिन ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे युवकों की पहचान हो सके। मौके से चार्जर मिला है, लेकिन मोबाइल नहीं है। पुलिस को शक है कि कहीं से लाकर उनकी यहां हत्या की गई है।

पत्रकार से अभद्रता करने वाला एस आई हुआ लाइन हाजिर



पत्रकार के साथ अभद्रता का मामला प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्टीय अध्यक्ष के रविंद्र सिंह पवैया द्वारा लाया गया था प्रशासन के अधिकारियों के संज्ञान में

मुरैना -/- कुछ दिन पूर्व जिला मुरैना के पोरसा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर के द्वारा एक पत्रकार के साथ गाली गलौज के साथ अभद्र भाषा के साथ दुर्व्यवहार किया था यह मामला जब प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया को पता चला तो उनके द्वारा इस मामले को शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया इस मामले को प मुरैना प्रशासन के द्वारा गंभीरता से लिया गया और पोरसा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर को मूरेना पुलिस अधीक्षक मुरैना शैलेंद्र सिंह चौहान के द्वारा लाइन हाजिर कर दिया गया जब यह खबर मुरैना सहित अंचल के पत्रकारों को पता चली तो उन्होंने इसे प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की जीत माना सभी पत्रकार साथियों के द्वारा प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया का आभार माना और उनसे कहा कि आप ऐसे ही पत्रकार हितों की लड़ाई लड़ते रहे हम सभी आपके साथ हैं जब दूसभास के द्वारा प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया से संपर्क साधा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व पोरसा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर के द्वारा मुरैना के एक

प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ
Press Media Journalist Welfare Association India
9644811407

पत्रकार से अभद्र व्यवहार किया गया था जिसकी जानकारी जब मुझे लगी तो मैंने इस मामले को उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया इसका परिणाम है हुआ कि पोरसा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर को मुरैना पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसडीओपी भदोरिया के द्वारा जांच कराई गई इस जांच में यह पाया गया कि सब इंस्पेक्टर रवि गुर्जर के द्वारा पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज की गई है जिसको देखते हुए मुरैना पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के द्वारा सब इंस्पेक्टर रवि गुर्जर को

लाइन हाजिर कर दिया गया है अधिकतर देखने में आता है कि हर जगह कहा जाता है कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है परंतु यह बहुत ही बड़ा दुर्भाग्य है कि आज पत्रकारों की जो दुर्दशा है वह किसी से छुपी नहीं है मेरा मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं प्रशासन से आग्रह रहेगी पत्रकारों की हितों के लिए ठोस कदम उठाए जाएं जिससे पत्रकार भय मुक्त होकर अपना कार्य कर सके उन्होंने आगे सभी पत्रकार साथियों से दूरभाष के माध्यम से आग्रह किया कि आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन के द्वारा आज हम यह लड़ाई कुछ हद तक जीत पाए हैं और आगे भी मैं आपको पूर्ण रूप से भरोसा दिलाता हूं कि जहां कहीं भी किसी पत्रकार साथी के साथ अभद्रता या दुर्व्यवहार होगा मैं आपके साथ स्वयं खड़ा रहूंगा

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा मां सरस्वती गार्डन में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के छठवें दिन

भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध अत्याचार का अंत किया

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी

7354490175 भितरवार

भितरवार । दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा मां सरस्वती गार्डन में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से विदुषी मेरुदेवा भारती ने कंस वध व बाल लीलाओं के प्रसंगों का चित्रण किया। नगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में छठवें दिन दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक आशुतोष महाराज जी की साध्वी शिष्य सुश्री मेरुदेवा भारती जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण पुराणों में श्रेष्ठ है। वह उस दर्पण की तरह है जो मनुष्य को उसकी आंतरिक सुंदरता का बोध करवाता है। इन्हीं भावों को सर्व श्री आशुतोष महाराज जी साध्वी शिष्य सुश्री मेरु देवा भारती जी ने मथुरा गमन प्रसंग के द्वारा समझाया। जब संशयग्रस्त अक्रूर जी श्रीकृष्ण और बलराम जी को रथ पर बैठाकर मथुरा की ओर बढ़ रहे थे, तब मार्ग में वे नदी में स्नान करने के लिए रुके। उन्होंने नदी में स्नान करते हुए प्रभु की दिव्यता का दर्शन किया और मन के सभी संशयों से मुक्ति तय

को प्राप्त किया। लोग यह समझते हैं कि उनको नदी में ही श्रीकृष्ण व बलराम जी का दर्शन हो गया।

विदुषी मेरुदेवा भारती जी ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था।

कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राह त्राह जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे। तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वही कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी पुत्र श्री भगवान सिंह दांगी एवं श्रीमति बरखा दांगी पत्नि श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी निवासी ग्राम सोजना तहसील व जिला विदिशा म.प्र. का एक भूखण्ड/मकान स्थित नया वार्ड क्रमांक 21 कांच मंदिर के पीछे माधव गंज विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में होकर नगर पालिका परिषद विदिशा की सीमा के अंदर जो कि 1500 वर्गफीट 139.40 वर्गमीटर का है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में श्री भगवान सिंह का मकान पश्चिम में सुभाष मार्ग रोड उत्तर में श्री नारायण सिंह दांगी का मकान तथा दक्षिण में जैन मंदिर ट्रस्ट का मकान है। उक्त मकान में श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी पुत्र श्री भगवान सिंह दांगी ने अपनी पत्नि श्रीमति बरखा दांगी पत्नि श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी निवासी ग्राम सोजना तहसील व जिला विदिशा म.प्र.को रजिस्टर्ड सहस्वामित्व ई पंजीयन दस्तावेज कं.एमपी 452732024 A1747887 दिनांक 13.06.2024 से सह स्वामी बनाया है। उक्त भूखण्ड/मकान को श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी पुत्र श्री भगवान सिंह दांगी एवं श्रीमति बरखा दांगी पत्नि श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी निवासी ग्राम सोजना तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मेरी पक्षकार कंपनी हिन्दूजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधकर रखकर ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि उक्त भूखण्ड/मकान से संबंधित किसी भी हितधारी व्यक्ति या बैंक अथवा वित्तीय संस्थान आदी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। 7 दिवस की अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। और मेरी पक्षकार कंपनी श्री ब्रजगोपाल सिंह दांगी एवं श्रीमति बरखा दांगी को ऋण प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

भवदीय: नरेन्द्र बघेल पेनल एडवोकेट शॉप नं. 3 भावसार पुलिया बरेठ रोड गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र. मो. नं. 9926383737

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा की

गांव, नगर, महानगर, कहीं भी रोस्टरिंग के नाम पर अनावश्यक 'पावर कट' न हो

थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मण्डल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं

जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज, ज़ोन स्तर पर तत्काल शुरू हो जाए

हमारी कार्रवाई माफिया के खिलाफ, गरीब के खिलाफ नहीं, यह कार्रवाई और तेज की जाए

फील्ड में तैनात अधिकारियों को सी0यू0जी0 फोन दिए गए, इसे 24×7 चालू रखें

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झाँसी से ब्यूरो गिरबर सिंह की रिपोर्ट

झाँसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथने अपने सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून-व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के सम्बन्ध में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आगामी 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को बकरीद, 18 जून को ज्येष्ठ माह का बड़ा मंगल का पर्व है। 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है। जुलाई माह में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र कार्यक्रम होने हैं। स्वाभाविक रूप से यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। शासन-प्रशासन को 24×7 एक्टिव मोड में रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जानी चाहिए। स्नान कहाँ करना है, यह सुनिश्चित हो। सतर्कता के दृष्टिगत गोताखोरों, पी0ए0सी0 की फ्लड यूनिट तथा एन0डी0आर0एफ0 व

एस0डी0आर0एफ0 की तैनाती भी की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह समय भीषण गर्मी का है, साथ ही पर्व-त्योहारों का आयोजन भी होना है। ऐसे में गांव, नगर, महानगर, कहीं भी रोस्टरिंग के नाम पर अनावश्यक 'पावर कट' न हो। ट्रांसफार्मर खराब होने अथवा फॉल्ट की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराएं। आम जन की जरूरतों का ध्यान रखें। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। हमें इनसे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मण्डल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं। पीस कमेटी की बैठक कर लें। मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से ही होना चाहिए। इसके अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी न हो। विवादित/संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। हर जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्थित कार्ययोजना होनी चाहिए। नमाज परम्परानुसार एक निर्धारित स्थल पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। आस्था का सम्मान करें, किंतु किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें। वीडियोग्राफी कराएं, ड्रोन का इस्तेमाल किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। यदि कोई भी कानून हाथ में लेने का प्रयास करे, शांति व्यवस्था को खराब करने का प्रयास करता मिले तो उसके साथ पूरी कड़ाई की जाए। अराजक तत्वों पर नजर रखें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ज्येष्ठ माह के बड़ा मंगल पर भंडारा आयोजन की परंपरा रही है। आयोजकों को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि प्रसाद खाकर अपशिष्ट सड़क के किनारे न फेंके जाएं। डस्टबिन की उपलब्धता हर भंडारा स्थल पर होनी चाहिए। नगर निगम/नगर पालिका के माध्यम से अपशिष्ट का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध कड़ाई से लागू करें। पर्व और त्योहारों को 'अवेयरनेस' का माध्यम बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। हर दिन सायंकाल पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे। पी0आर0वी0 112 एक्टिव रहे। अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़क आवागमन के लिए है, न कि अतिक्रमण के लिए। यातायात विभाग के साथ-साथ परिवहन विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध वसूली न हो। आम आदमी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। ऐसी शिकायतें मिलीं तो कार्रवाई होनी तय है। नगरों में पार्किंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ करना होगा। स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि अवैध टैक्सी स्टैंड की समस्या का स्थायी समाधान करे। यह सुनिश्चित करें कि कोई तय स्थान के बाहर दुकान न लगाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वाहन सरकारी हो या प्राइवेट, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर नहीं बजना चाहिए। जहां लगा हो, तत्काल उतरवाएँ। वी0आई0पी0 फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजे। अन्य किसी वाहन में नहीं। इसे स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए, कि यदि कहीं से भी प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर बजने की सूचना मिली तो सम्बन्धित थाने पर कार्रवाई होनी तय है। वी0आई0पी0 कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्होंने जनता दर्शन कार्यक्रम पुनः प्रारंभ कर दिया है। जिलों से आ रहीं शिकायतों/आवेदनों की समीक्षा की जा रही है। जिस क्षेत्र से अधिक शिकायतें मिल रहीं हैं, उसी अनुसार वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज, ज़ोन स्तर भी तत्काल शुरू हो जाए। कौन सा अधिकारी, किस दिन कहां जनसुनवाई करेगा, इसके बारे में जनता के बीच पहले से ही प्रचार-प्रसार किया जाए। लोगों की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनें तथा एक तय समय सीमा के भीतर निस्तारण करें। उन्हें लटकाएं नहीं, समाधान दें। कॉमन मैन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। आम आदमी का विश्वास जीतें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी कार्रवाई माफिया के खिलाफ है, गरीब के खिलाफ नहीं। यह कार्रवाई और तेज की जाए। हर गरीब, शोषित, पीड़ित और वंचित के हितों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। भूमाफ़िया हो या कोई अन्य माफिया सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारियों को सी0यू0जी0 फोन दिए गए हैं। यह जनता के लिए है। इसे 24×7 चालू रखें। हर अधिकारी यह फोन स्वयं रिसीव करें। कतिपय कारणवश रिसीव न कर सकें तो कॉल बैक करें। जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाये रखें। उनकी अपेक्षाओं-समस्याओं को सुनें। मेरिट के आधार पर उसका निराकरण करें। सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। ब्लॉक हो या जिला मुख्यालय या फिर सचिवालय, कहीं भी किसी भी स्तर पर यदि अनैतिक लेन-देन की शिकायत प्राप्त हुई तो इसमें संलिप्त हर किसी के खिलाफ कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों को जारी रखें। हर जिले की जी0डी0पी0 और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के नए माध्यम सृजित करें। सरकारी परियोजनाओं/निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते रहें। जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाएं, उनका मार्गदर्शन प्राप्त करें। गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि योग, भारतीय मनीषा द्वारा विश्व मानवता को प्रदान किया गया वह अमूल्य उपहार है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। हमारे ऋषि-मुनियों के इस प्रसाद से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया को परिचित कराया है। इस वर्ष 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' रखी गई है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को कल्याण एवं स्वास्थ्य प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों से सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सरकारी बोर्डों के अध्यक्ष/पदाधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, योग संस्थानों, एन0सी0सी0 कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाना चाहिए। अधिकाधिक जन को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्वपूर्ण आयोजन से जोड़ने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून 2024 तक 'योग सप्ताह' के रूप में मनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 21 जून के मुख्य समारोह को सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में आयोजित किया जाए। अमृत सरोवर, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और सांस्कृतिक स्थलों में योगाभ्यास कराया जाना उचित होगा। आम जन की सुविधा और जागरूकता के लिए कॉमन योग प्रोटोकॉल के वीडियो भी प्रसारित किए जाने चाहिए। वार्ड स्तर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन सभी मंत्रीगण अपने प्रभार वाले जनपद में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। यहां ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निराश्रित गोआश्रय स्थलों की व्यवस्था सुधार में जिलाधिकारीगण स्वयं रुचि लें। यहां हरा चारा, पानी आदि की उपलब्धता हो, इसके लिए नगर विकास तथा पशुपालन विभाग की भी सहभागिता होनी चाहिए।इस दौरान वीडियोकांफ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, डीआईजी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस सहित अन्य पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में प्रतिभाग कि

भारत सरकार के मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने अवैध आरा मशीन पर कहा वरिए अधिकारी को कराएंगे अवगत

एस एस रिज़वी गया जिला ब्यूरो चीफ (केसरिया हिंदुस्तान)

बीते शनिवार को इमामगंज स्थित नीलांचल होटल में भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री जीतन राम मांझी अपने जनता तथा कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। इसी दौरान गया जिला के इमामगंज

वन विभाग अंतर्गत दर्जनों आरा मशीन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एक पत्रकार ने जब उनसे उनकी प्रतिक्रिया पूछा तो श्री मांझी ने बताया की उन्हे इससे पूर्व जानकारी नही थी लेकिन अब मुझे जानकारी मिली है तो ये मैं कहूंगा की ये जंगल से लकड़ी कटना गलत है और इसे मैं वरीय पदाधिकारी तथा जिला प्रशासन को अवगत कराऊंगा की इस पर संज्ञान ले।विदित हो की कैबिनेट मंत्री श्री जीतन राम मांझी पहली बार मंत्री बनने के बाद इमामगंज की धरती पर आए थे। हालाकि ये विदाई और मिलन दोनो ही था। चुकी इमामगंज विधायक पद से उन्होंने सरकार को इस्तीफा दे दिया है और अब भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्री बन चुके हैं।

मऊरानीपुर में कृषि विभाग की बेशकीमती भूमि पर दुकानदारों ने जमाया कब्जा

कृषि विभाग के अधिकारी की मिली भगत से लोगो ने जमाया कब्ज़ा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झाँसी से ब्यूरो गिरबर सिंह की रिपोर्ट

झाँसी के नगर मऊरानीपुर में कृषि विभाग की बेशकीमती भूमि पर दर्जनों लोग अवैध कब्जा कर दुकानें संचालित कर रहे हैं। इस अवैध कब्जा को

हटाने के लिए कृषि विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे लगातार कब्जा होता जा रहा है।बता दें कि एक ओर जहाँ नगरपालिका द्वारा नगर में अनावश्यक रूप से फैले बेहद अतिक्रमण को हटाने के लिए तमाम तरह से प्रयास किये जा रहे हैं। अतिक्रमण नहीं हटाने वाले अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने की हिदायत भी दी गई है। वहीं दूसरी ओर नगर में कृषि विभाग की ज़मीन पर कब्जा कर दर्जनों लोगों ने अपनी व्यसायिक दुकानें खोल ली है। लेकिन इस कब्जाधारी दुकानदारो के खिलाफ विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मऊरानीपुर में तहसील कार्यालय के समीप कृषि विभाग की भूमि पड़ी हुई है। यहाँ पर कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियो के निवास बने हुए हैं। जहाँ पर अधिकारी कर्मचारी निवास भी कर रहे हैं। इसी भूमि पर चारों ओर जो सड़क निकली हुई है। उन सड़कों के किनारे कृषि विभाग की भूमि में दर्जनों लोगों ने अपनी दुकानें बना रखी है। यहाँ तक की अंदर तक बाकायदा सीमेंट फर्स कर लिया गया है। और दुकानदारों के बड़े बड़े कारोबार भी शुरू बाकायदा चल रहे हैं। ताज्जुब की बात तो यह है कि यहाँ पर कृषि विभाग के अधिकारी का निवास होते हुए भी जमकर अवैध कब्जा हो गए। लेकिन इस अवैध कब्जाधारियों को रोका नहीं गया। आलम यह हुआ कि आज चारों तरफ दुकानदारों का कब्जा हो गया। सूत्रों का कहना तो यह भी है कि यह सब खेल कृषि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है।

तीन किलो गांजा के साथ गांजा तस्कर पुलिस ने दबोचा*

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी के नेतृत्व में

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.06.2023 को एक गांजा तस्कर नितिन उर्फ सुल्ला पुत्र चंद्रपाल निवासी बनगांव थाना कोतवाली नगर एटा को 03 किलो अवैध गाँजा सहित रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2021 तक दस्तक अभियान होगा संचालित

ग्राम पंचायतों में चलाया जाए साफ-सफाई और फागिंग अभियान

लॉक स्तर पर होने वाली संवेदीकरण बैठक/कार्यशाला को समय से और गंभीरता से किया जाना सुनिश्चित करें

डीएम ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान की समीक्षा, माइक्रो प्लान बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झाँसी से ब्यूरो गिरबर सिंह की रिपोर्ट

झाँसी। जनपद में 01जुलाई, 2024 से 31 जुलाई 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई, 2024 तक दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय समीक्षा जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने करते हुए कहा कि अभियान की शतप्रतिशत सफलता सुनिश्चित करें। इसे संवेदनशीलता और गंभीरता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में कहा कि समस्त विभाग माइक्रोप्लान बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि परिणाम बेहतर मिलें।जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास गंदा पानी एकत्र ना होने दें। इसके साथ ही साथ साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रखें, उन्होंने लोगों से अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आव्हान किया ताकि मलेरिया और डेंगू से अपना और परिवार का बचाव किया जा सके। उन्होने अभियान से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के आदेशानुसार विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान व दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ अभियान की सफलता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने सहयोगी

विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अंतर विभागीय बैठक स्थानीय निकायों की संवेदीकरण बैठक ब्लाक स्तरीय ग्राम विकास अधिकारियों का संवेदीकरण ब्लॉक स्तर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुए अभियान को सफल बनाएं, उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि किसी भी दशा में कार्य में शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संचारीय रोग से संबंधित अभियान को सफल बनाने की दृष्टिगत बताया कि इस बार फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री को विशेषकर खुले हुए खाद्य पदार्थ जैसे सड़े हुए फल सब्जी एवं असुरक्षित तरीके से तैयार किए जा रहे ताजा फलों गन्ने के जूस आदि पर प्रभावी नियंत्रण करने का कार्य संपादित किया जाएगा। बैठक में डीएम ने जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी को समस्त ग्रामों में फागिंग मशीन द्वारा सही ढंग से कार्य करने के निर्देश दिये, उन्होंने ग्राम प्रधानों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के समस्त नजरों में फागिंग कराना सुनिश्चित करें।ग्राम सभाओं में खराब हैण्डपम्प का पानी पीने से भविष्य में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए उन्होने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि खराब हैण्डपम्पों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया आई0ई0सी0 मद से कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराकर ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से किया जाए। जनपद में सुअरबाड़ों की स्थिति खराब है इसे प्रत्येक मालिक से मिलकर उनको संवेदीकृत करें एंव छिड़काव कार्य कराया जाए। ग्राम सभाओं में झाड़ियों, तालाबों आदि की साफ - सफाई अभियान चलाकर की जाए। तथा प्रत्येक विद्यालय में हैण्ड वाश की जानकारी दी जाए तथा उनके परिवार को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए। उन्होने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक दस्तक अभियान को भी संचालित किया जाएगा। प्रतिदिन आशाओं के माध्यम से वीएचएनडी सत्रों पर संचारी रोग संबंधी बैठक, टीकाकरण, दिमागी बुखार केस की निगरानी, उपचार एवं रोगियों हेतु निःशुल्क 108/102 की व्यवस्था की जाये और मलेरिया विभाग द्वारा लार्वारोधी गतिविधियां चलाई जाये तथा आवश्यकतानुसार फागिंग करायी जाये। नगरीय निकायों द्वारा समस्त वार्डों में प्रतिदिन नाली, नालों की सफाई, कचरा निस्तारण फागिंग आदि कराने के साथ सभी वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाकर पूर्व की भांति सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और वार्डवासियों को संचारी रोग के बचाव के लिए घर व आस-पास सफाई रखने के प्रति जागरूक भी करें। बैठक में उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग द्वारा अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग/छिड़काव एवं गांवों में विशेष सफाई अभियान के दौरान गलियों, नालियों आदि की सफाई, झाड़ियों की कटाई, संचारी रोग से बचाव हेतु ग्रामवासियों के साथ बैठक, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जाये तथा पशु पालन विभाग द्वारा सूकर पालकों का चिन्हींकरण कर आबादी से दूर स्थापित करने हेतु प्रेरित करना और पोल्ट्री व्यवसाय के लोगों को संचारी रोग से बचाव तथा सफाई आदि के बारे में सूचित/संवेदीकृत किया जाये। जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारियों को ताकीद करते हुए कहा कि कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता अथवा लापरवाही ना होने पाए इसे अवश्य सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुधाकर पांडेय, सीएमएस जिला अस्पताल डॉक्टर पीके कटियार, एसीएमओ डॉ ए के जैन, डॉ रवि शंकर, डॉ राम बाबू, डॉ आरके गुप्ता, डॉ रमाकांत, डीएमसी श्री आदित्य जायसवाल डीएसओ श्री रजनीश मिश्रा, बीसीसीएम गौरव बर्मा सहित समस्त एमओआईसी अन्य चिकित्सक, विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 25 शिकायतों में 4 का निस्तारण

- लोकसभा चुनाव की आचार सहिंता के तीन महीने बाद हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- 24 फरियादियों ने लगाई गुहार 4 को मिला निस्तारण , बाकी शिकायतें अधीनस्थ अधिकारियों को सौपी गयी

माधौगढ़ (जालौन)- लोकसभा चुनाव की आचार सहिंता के लगभग तीन महीने बाद तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विशेश्वर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 24 फरियादियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र दिये जिसमें 4 समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया जबकि शेष समस्याओं को अधीनस्थ अधिकारियों को सौपी गयी एवं उन्हें समय पर निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया।

शिवनारायण पुत्र परमसुखलाल ग्राम सिरसा दो गढ़ी ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चकमार्ग नपवाने के लिए कई बार लेखपाल से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नही हुयी जबकि ज्ञानसिंह

निवासी मींगनी ने अबैध कब्जा मकरंदसिंह निवासी सूपा नुनायचा ने नाला जेसीबी से खुदबाये जाने के बाबत शिकायती पत्र दिया एवं प्रबेन्द्र सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी हुसेपुरा जगीर ने चकमार्ग की पैमाइश कराने के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया एवं दिलीप कुमार निवासी सिलउआ ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कई माह से लगा हैण्डपम्प खराब पड़ा है जिससे पानी के लिए परेशानी होती है कई बार शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नही हुयी एवं इस दौरान विभिन्न विभागों के प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को दिये गये जिसमें उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये एवं शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाये इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेन्द्र वाजपेयी , खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा , तहसीलदार अमित शेखर , नायाब तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधीनस्थ अधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में चाचा की मौत

अनुज शर्मा ब्यूरो चीफ जालौन

रामपुरा-थाना क्षेत्र के ग्राम झरैला में भतीजे को बचाने आए चाचा की लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया, जिससे जमीन पर गिर गया। गाव वालो व परिजनों ने माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव झरैला में बने प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पति की रात को ताले तोड़ कर लेपटोप की चोर चोरी कर ले गए। उस विध्यालय में बिमला देवी रसोइया ने अध्यापकों को सूचना दी थी। अध्यापकों ने पढने वाले छात्र छात्राओं के पिता आदेश कोरी प्रेमसिह रबि व सर्वेश आदि को बुलाकर लेपटोप लाने के लिए कहा था इन लोगों को लगा कि रसोइया बिमला देवी ने नाम लिए है। शनिवार की सुबह बिमला देवी व पुत्र गोलू दरवाजे पर बैठे थे तभी चारो आरोपी आदेश कोरी प्रेमसिह रबि व सर्वेश लाठी लेकर आ गए और बिमला देवी व गोलू के साथ गाली-गलौज करने लगे तभी चाचा प्रताप सिंह उर्फ लल्लू कोरी 55 बीच वचाव करने के लिए पहुंच गए और फिर गाली-गलौज होने लगी तभी लाठी डंडा लगने से जमीन पर गिर गया गाव वाले व परिजनों ने आनन फानन में माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर मृत्यु की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी योगेन्द्र पटेल का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

बारिश का पानी जमीन के अंदर जाने से रोकती है प्लास्टिक - डॉ अनूप मिश्रा

गोपालदास बांध में चला स्वच्छता अभियान -

सीधी।

शनिवार की सुबह स्थानीय गोपालदास बांध में स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ अनूप मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ बांध में उतरे, और पाट में मौजूद गीला कचरा, सूखा कचरा एवं अमानक पैमाने से बनी पॉलीथीन को हटाया। इस दौरान नगर के आधा सैकड़ा से ज्यादा लोग मौजूद रहें। कुछ ही घंटो की मेहनत रंग लाई और साफ स्वच्छ दृश्य निर्मित कर दियें। चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान डॉ अनूप ने कहा कि बारिश का पानी जमीन के अंदर जाने से प्लास्टिक की पन्नी रोकती है, जिससे जल का स्रोत नही बढ़ पा रहा है। कार्यक्रम समापन अवसर पर डॉ अनूप ने सभी को संकल्प दिलाया कि हम सब जल जंगल जमीन के संरक्षण के लिए तत्पर हैं और ग्रीन सीधी क्लीन सीधी के अभियान से सीधी का कायाकल्प करेगें।

इन्होने स्वच्छता अभियान को दी गति - ग्रीन सीधी क्लीन सीधी के अभियान में आर.जे.पटेल, नीरज कुन्देर, राकेश जायसवाल, अतुल भारती, विकाश भारती, अभिषेक भारती, मनोज मिश्रा, राजेंद्र जायसवाल, अजीत सिंह लल्ला, डॉ मनोज सिंह, डॉ विशाल वाधवानी, गंगा गुप्ता, भूरा तिवारी, संजय सोनी, महेंद्र सिंह, सुनील कुशवाहा, नीरज पाण्डे, अशोक शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा, आशुतोष मिश्रा एडवोकेट, प्रयास उपाधाय, धीरज कुमार सोनी, वीरेंद्र गुप्ता, पप्पू गुप्ता, संजीव कुमार वर्मा, पंकज दुबेदी, सौरव सिंह, पुनीत नारायण शुक्ला, धनेश गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, अजीत कुमार रजक, संजू तिवारी, अरुण सिंह पिंटू, राम नरेश सिंह, योगेंद्र प्रसाद तिवारी, अमित पाण्डे, दीपक सिंह वैश्य, रजनीश कुमार जायसवाल एवं बाबूलाल कुन्देर ने श्रमदान किया।

सार्वजनिक स्थालों पर छलक रहें जाम, महिलायें आए दिन हो रहीं छींटाकशी का शिकार

प्रतिबंध बेअसर -
फोटो न - 01, 02 - लीड खबर -

सीधी।

राज्य सरकार द्वारा पूर्व में सार्वजनिक स्थलों पर खुले में शराब पीना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही धार्मिक स्थल, मंदिर एवं स्कूल के समीप इसकी विक्री करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश भी दिये गये थें। उक्त आदेश का जिले में पालन होता नही दिख रहा है। शराब की दुकानो के बाहर एवं सार्वजनिक स्थलों पर डंके की चोंट पर शराबी आए दिन जाम छलकाते नजर आते हैं, इसके साथ ही मदिरा के नशे में महिलाओं से छींटाकशी भी करते नजर आते हैं। कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस पूरे घटनाक्रम से अनजान बनी हुई है।

बात अगर नियम की करें तो सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान निहित है। इसके बाद भी मयकश शराब खरीदकर सार्वजनिक स्थलों पर ही शराब पी रहे हैं। खासतौर पर सोनांचल बस स्टैंड, सम्राट चौक के इर्द गिर्द, नवीन बस स्टैंड, शासकीय शराब की दुकानो के बाहर, सूखा नाले के समीप बने नवीन मार्ग, गोपालदास बांध सहित अन्य प्रमुख स्थलो पर इन दिनो शराबियों का आतंक है। महिलायें हमेशा अपने आप को भयभीत महसूस कर रही हैं। जिसकी मुख्य वजह यह है कि विधिक कार्रवाई के अभाव में शराबियों के हौंसले दिनो दिन बढ़ते जा रहे हैं। वहीं अभिभावकों की माने तो नशेड़ियो के द्वारा की जाने वाली छींटाकशी के चलते ट्यूशन जाने वाली छात्रायें तो अब अकेले घर से निकलने में भी भय महसूस कर रही हैं। जिला मुख्यालय में तो शराब के शौकीन लोग शराब खरीदने के बाद ठेके से चंद कदमों की दूरी पर सार्वजनिक स्थल पर ही शराब पीना शुरू कर देते है। ऐसा कोई एक स्थान पर नहीं बल्कि अधिकांश ठेकों के पास होता है। सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने का चलन दिनो दिन बढ़ता जा रहा है। नगर में कहीं भी खाली प्लाट तथा मार्केट में युवकों की चौकड़ी दिखाई देना आम बात हो चली है। ऐसा तब हो रहा है जबकि पुलिस भी लगातार सक्रिय रहती है।

आईजी रीवा का आश्वासन भी बेअसर

विगत माह सीधी भ्रमण के दौरान डॉ.महेन्द्र सिंह सिकरवार पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा सीधी के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे थें। जहाँ पत्रकारों द्वारा किये गये एक सवाल के जबाब में श्री सिंह ने भरोशा दिलाया था कि नियमों का उल्लंघन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध त्वरित रूप से विधिक कार्रवाई की जायेगी। जिसका जिले वासियों ने भी स्वागत किया था किन्तु आज दिनांक तक सीधी पुलिस द्वारा मुहिम के तहत खुले में जाम छलकाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की हिम्मत नही जुटा पाई है।

7 करोड़ की राशि स्वीकृत, स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा कायाकल्प - रीती पाठक, विधायक

आउटडोर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 एवं शाम 5 से 6 बजे तक बैठने लगे चिकित्सक

सीधी।

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जल्द कायाकल्प होने के वाला है। इसके लिए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की पहल पर 7 करोड़ रुपए का बजट भी जल्द ही मिलने वाला है। उक्त बजट से जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के उपचार के लिए कई आधुनिक जीवनरक्षक मशीनें भी लगेंगी। जिला अस्पताल में एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम, एबूलेंश और 2 शव वाहन मेंटीनेंश एवं पीओएल हेतु कार्य होगा। नवनिर्मित मेटरनिटी विंग हेतु आवश्यक उपकरण एवं हास्पिटल फर्नीचर हेतु राशि मिलेगी। जिला अस्पताल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना होगी। वहीं नवनिर्मित मेटरनिटी विंग हेतु सभी वार्डों में सेंट्रल ऑक्सीजन पाईप लाईन का कार्य होगा। 450 बिस्तरीय जिला अस्पताल में नव इनसीनेटर की व्यवस्था की जावेगी। पुराने जिला अस्पताल हेतु आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों की व्यवस्था भी होगी। नवनिर्मित मेटरनिटी विंग हेतु एसएनसीयू एचडीयूपी आईसीयू के कार्य हेतु आवश्यक बजट उपलब्ध होगा। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक का जिस तरह से स्वास्थ्य एक सपना रहा आज वह सपना साकार रूप ले रहा है। क्यूंकि सीधी विधायक ने जिला चिकित्सालय में हाल ही में जिस तरीके से चिकित्सा व्यवस्था हेतु सात करोड़ का बजट दिलाया है इससे यह स्पष्ट होता है की जहां एक तरफ जिला चिकित्सालय का काया कल्प होगा वही दूसरी तरफ चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त होगा। जिला चिकित्सालय के निगरानी हेतु सीधी विधायक ने एक टीम गठित कराया है जो हॉस्पिटल के चिकित्सा व्यवस्था का तरीके से ध्यान रखेगा और ग्रामीण जनों के चिकित्सा व्यवस्था में हो रहे समस्याओं का भी ध्यान रखेगा। इस टीम के गठन में प्रशासन का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। सीधी विधायक ने जिस तरीके से चिकित्सा व्यवस्था पर ध्यान आकृष्ट किया है इससे वर्तमान में नवाचार और व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण देखने को मिल रहा है चिकित्सा व्यवस्था में जो कमी देखने को मिल रहा था उसका भी ध्यान रखा गया है।

आउटडोर में बैठने लगे डॉक्टर्स

जिला अस्पताल सीधी में आने वाले मरीजों को उपचार सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े इसके लिए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक द्वारा निगरानी समिति गठित कर दी गई है। यह समिति प्रति दिन जिला अस्पताल में पहुंचकर यह देखने लगी है कि आउटडोर में कितने डॉक्टर समय पर बैठ रहे हैं और मरीजों का परीक्षण कर रहे हैं। सीधी विधायक की ओर से निगरानी समिति के माध्यम से अस्पताल में व्यवस्था बनाने के बाद से अब मरीजों को उपचार सुविधाएं पाने के लिए जो भटकाव बना हुआ था वह कम होता दिख रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि इसी तरह से डॉक्टरों पर शिकंजा कसा रहेगा तो वह आउटडोर में बैठकर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक और शाम 5 बजे से 6 बजे तक मरीजों को देखना सुनिश्चित करेंगे। मरीजों के समक्ष सबसे बड़ी परेशानी यही बनी हुई थी कि यहां आने के बाद मालूम पड़ता था कि अधिकांश डॉक्टर आउटडोर में नहीं बैठते। इस वजह से मरीजों को उपचार करानें के लिए उनके बंगले में जाने की मजबूरी बनी हुई थी।

मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिलेंगी - रीती

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक का कहना है कि जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए वह सतत प्रयास कर रही हैं। 7 करोड़ के बजट से यहां कई बड़ी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर होने से सबसे ज्यादा लाभ गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों को मिलेगा। श्रीमती पाठक ने आगे कहा कि समग्र रूप से किये जा रहे प्रयासो से जिला अस्पताल में व्याप्त अन्य कमियों को भी जल्द ही दूर किया जाएगा। यहां डॉक्टरों के स्वीकृत पदों पर भी पदस्थापना कराने का भी प्रयास जारी है। जिससे मरीजों को जिला अस्पताल में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं बिना किसी भटकाव के मिले।

जन दर्शन कार्यक्रम में सांसद ने सैकड़ो की सुनी समस्यायें, दिया निर्देश

सीधी।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने शनिवार को जन दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक सांसद कार्यालय स्थानीय वैष्णवी गार्डन के सभागार में सैकड़ो आम जनों एवं पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की। सांसद जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि दूर दराज से आई हुई जनता जनार्दन ने अपनी समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन भी दिया। सभी आवेदनों को सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने स्वीकार करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षो को त्वरित निराकरण हेतु लेटर लिखे और कुछ पत्र पत्रों के संदर्भ में दूरभाष पर चर्चा कर समस्याओं का निराकरण किया। क्षेत्र से आने वाली प्रमुख समस्याओं में विद्युत, जल, शिक्षा विषयों पर प्रमुख रूप से रही। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने सभी को मुस्कुराते हुए गले से लगाए और उनका अभिनंदन किया। लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने इस दौरान कहा कि मेरा पल प्रतिपल क्षेत्र के विकास और जनता जनार्दन के कल्याण के लिए समर्पित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, डॉ राजकरण शुक्ला राज, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, धर्मेंद्र शुक्ला, चंद्रशेखर शुक्ला, अजीत सिंह चंदेल, जितेंद्र तिवारी, दिनेश गुप्ता सहित सैकड़ो आमजन एवं पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐतिहासिक सागरताल में श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एवं प्रदेश सरकार के मंत्रिगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी किया श्रमदान

ग्वालियर का विकास प्रदेश सरकार के लिये विशेष महत्व रखता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

ग्वालियर -/-/ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत संगीत की नगरी ग्वालियर के ऐतिहासिक सागरताल के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर ग्वालियरवासियों को जल संरचनायें सहेजने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ केन्द्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश सरकार के मंत्रिगण सर्वश्री नारायण सिंह कुशवाह, तुलसीराम सिलावट व प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने कतारबद्ध खड़े होकर सागरताल की साफ-सफाई के लिये श्रमदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर क्षेत्र का विकास प्रदेश सरकार के लिए विशेष महत्व रखता है। सरकार ग्वालियर-चंबल अंचल के विकास के लिये कटिबद्ध है। इस दिशा में जल्द ही 33 हजार करोड़ रूपए लागत की पार्वती-काली सिंध-चंबल परियोजना का भूमिपूजन किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के पेयजल व खेती के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। साथ ही उद्योग धंधों के लिये नए-नए रास्ते खुलेंगे।

सागरताल पर आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के जरिए लगभग 179 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। ग्वालियर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 210 करोड़ रूपए लागत के नवनिर्मित स्टेडियम सहित कुल मिलाकर लगभग 389 करोड़ रूपए की सौगातें दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागरताल पर ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत आयोजित हुई जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भिण्ड जिले से लेकर सम्पूर्ण बुन्देलखंड के सर्वांगीण विकास के लिये 43 हजार करोड़ रूपए लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना को मूर्तरूप दिया जायेगा। इसमें से 12 हजार 600 करोड़ रूपए के टेंडर हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागरताल के जीर्णोद्धार का काम ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के बाद भी जारी रखने के निर्देश इस अवसर पर दिए। उन्होंने कहा सरकार ने सागरताल के जीर्णोद्धार के लिये ढाई करोड़ रूपए की धनराशि मंजूर की है। साथ ही सागरताल में नौकायन सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिये भी सरकार धनराशि उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागरताल के गहरीकरण से 5 करोड़ लीटर अतिरिक्त जल ग्वालियरवासियों को उपलब्ध होगा। उन्होंने सागरताल के जीर्णोद्धार कार्य में महिला शक्ति, एनसीसी कैडेट्स एवं शहरवासियों द्वारा दिए जा रहे सहयोग पर खुशी जताई।

जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में जल संरक्षण की सुदीर्घ परंपरा रही है। भागीरथ ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत धरती पर गंगा का अवतरण कराया था। उन्होंने कहा जिस प्रकार शरीर में धमनियों के माध्यम से रक्त प्रवाह से हमें जीवन मिलता है, उसी तरह नदियाँ जल प्रवाह कर पृथ्वी को जीवंतता प्रदान करती हैं। इस भाव को प्रदेश सरकार ने भलीभाँति समझा है और नदियों के संरक्षण के लिये कारगर पहल की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर यह भी कहा कि हमने जब राज्य संचालन के सूत्र समझे तब पता चला कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात की समस्त नदियों, घाटों व कुओं-बावड़ियों सहित सभी प्रकार की जल संरचनाओं का सफलतापूर्वक जीर्णोद्धार कराया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी की इसी दूरदर्शी सोच के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के माध्यम से प्रदेश भर की जल संरचनाओं को सहेजने का काम किया जा रहा है। उन्होंने रहीम के प्रसिद्ध दोहे ÷रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून÷ के माध्यम से पानी की महिमा को रेखांकित किया।

सूरवीरों की धरा है ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की धरती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर-चंबल अंचल की शौर्य गाथाओं की सराहना करते हुए कहा कि चंबल अंचल के जवान देश की सीमा की रक्षा के लिए सीना तानकर खड़े रहते हैं। दुश्मन की गोलियों के आगे आँख से आँख मिलाकर लड़ने की हिम्मत चंबल के सूरवीरों ने दिखाई है। ग्वालियर वह धरती है जहाँ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक इशारे पर उड़े विमानों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के अड्डे तबाह कर दिए थे।

ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग का शेष भाग भी फसाड़ लाईट से जगमग होगा : श्री सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए नमामि गंगे अभियान की तर्ज पर ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ शुरू किया है। हमारी संस्कृति में नदियों को माँ के समान पूजा जाता रहा है। इसलिए नदियों की रक्षा व साफ-सफाई करना हमारा दायित्व ही नहीं अपितु धर्म है। खुशी की बात है कि प्रदेश में यह सब काम जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिंधिया रियासतकाल में बड़े पैमाने पर श्रृंखलाबद्ध ढंग से जल संरचनाओं का निर्माण कराया गया था। सागरताल उनमें से एक है। प्रसन्नता की बात है कि सागरताल के जीर्णोद्धार का काम प्रदेश सरकार द्वारा कराया जा रहा है। श्री सिंधिया ने ग्वालियर को विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें देने के लिये मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। साथ ही जानकारी दी कि ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग के शेष भाग को भी फसाड़ लाईट से जगमग किया जायेगा। इसके लिये 15 करोड़ रूपए की धनराशि इंडिगो सीएसआर मद से उपलब्ध कराई जायेगी।

प्रदेश में जल संरक्षण के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं : मंत्री श्री कुशवाह

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू हुए ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत जन सहयोग से जल संरक्षण के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि ग्वालियर क्षेत्र के विकास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

ग्वालियर का औद्योगिक वैभव लौटाने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया आग्रह

ऊर्जा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने स्वागत उदबोधन दिया। उन्होंने जेसीमिल श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही भरोसा जताया कि जल्द ही सरकार इन समस्याओं का समाधान करेगी। श्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर के औद्योगिक वैभव को फिर से वापस लौटाने की पहल करने का आग्रह भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से किया। साथ ही कहा कि सागरताल का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य सुनियोजित ढंग से पूर्ण कराया जायेगा। अगले गर्मी के मौसम में शहरवासी सागरताल में नौकायन का आनंद उठा सकेंगे।

ग्वालियर अंतर्राष्टीय पटल पर स्थापित होगा : सांसद श्री कुशवाह

सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ और पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा योजना से ग्वालियर जिले को भी बड़ा फायदा हुआ है। इस योजना से ग्वालियर पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर उभरकर सामने आयेगा।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में इनकी भी रही मौजूदगी

सागरताल पर ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में संत कृपाल सिंह सहित अन्य संतजन, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर तथा सर्वश्री महेन्द्र यादव, अभय चौधरी, कौशल शर्मा, रमेश अग्रवाल, जयसिंह कुशवाह, मुन्नालाल गोयल, आशीष अग्रवाल, विनोद शर्मा व दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। साथ ही प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय शुक्ला, संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर प्रवास के दौरान सागरताल पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जिले को लगभग 179 करोड़ रूपए लागत की सौगातें दीं। इनमें गोले का मंदिर के समीप 45 करोड़ 68 लाख लागत का अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर व बिलौआ में लगभग 52 लाख की लागत से बनने जा रहा 132 केव्ही का विद्युत उप केन्द्र का भूमिपूजन शामिल है। इसके अलावा 9 करोड़ से अधिक लागत से बनने जा रहे ग्वालियर में विधि कॉलेज भवन, 9 करोड़ से अधिक लागत की खुरैरी, बिजौली, गुंधारा, गुहीसर मार्ग पर स्थित बेसली नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण व पौने आठ करोड़ रूपए लागत के नगर निगम के फायर स्टेशन का भूमिपूजन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। साथ ही 9 करोड़ रूपए लागत से जीवाजी विश्वविद्यालय में बनाए गए एक हजार सीटर स्व. अध्ययन केन्द्र, 7 करोड़ रूपए लागत से जेएएच में बनकर तैयार हुए टरसरी कैंसर केयर यूनिट भवन व रेडीमेंट गारमेंट पार्क परिसर में 12 करोड़ रूपए लागत का डेनीसन फैशन इंडिया प्रा. लि. की इकाई का लोकार्पण शामिल है। इसके अलावा आधा दर्जन अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देखा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का मॉडल

सागरताल के समीप नगर निगम द्वारा भूजल रीचार्ज करने के लिये तैयार किए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के मॉडल का जायजा भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लिया। उन्होंने इस मॉडल की सराहना की।

क्या सचमुच अहंकार से आहत है संघ परिवार

राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com
92



नयी सरकार बनने के बाद से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने % अहंकार % शब्द को लेकर एक अभियान शुरू कर दिया है । संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अपनी % संघीय भागवत% % में जो नया अध्याय जोड़ा है उसका नाम है % अहंकार %। डॉ भगवत की भागवत में % हाँ % में % हाँ % मिलाने के लिए उनके अवर सह संघ चालक श्रीमान इंद्रेश कुमार जी ने भी %अहंकार % को लेकर अपनी व्याख्या दी है। पूरा देश इस भ्रम में है कि क्या % अहंकार % को लेकर संघ और भाजपा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के बीच अनबन हो गयी है ?

देश के लोग पिछले दस साल से भाजपा और उसके शीर्ष नेतृत्व के मन में उपज रहे %अहंकार % के पौधे को देख रहे है । यह अहंकार अब वटवृक्ष बन गया है। संघ को तो % अहंकार का ये वटवृक्ष अच्छा लगता है लेकिन देश की जनता को नहीं । देश की जनता ने वर्ष 2024 में जो जनादेश दिया उससे जाहिर है कि जनता % अहंकार से आहत है। सत्ताधीशों के अहंकार का कदाचित लाभ प्रतिपक्ष को भी मिला है और संघ के असंतोष की यही असली वजह है। संघ चाहता था कि सत्ता का अहंकार भी बना रहे और भाजपा बिना बैशाखियों के सतत चलती रहे लेकिन ऐसा हो नहीं सका।

देश का विपक्ष % अहंकार % के इस मुद्दे को अपना हथियार बनाये इससे पहले ही संघ ने खुद इस मुद्दे को अपने हाथ में ले लिया ताकि भाजपा की लंगड़ी -लूली सरकार के सामने % अहंकार % कोई मुद्दा न बन जाए। जनता समझे कि संघ अब खुद ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ हो गयी है ,जबकि हकीकत ये नहीं है । संघ और भाजपा में कोई अनबन नहीं है । ये दोनों एक-दूसरे के बिना एक पल जीवित नहीं रह सकते। हाँ इतना अवश्य है कि संघ परिवार ने मोदी परिवार का मुखौटा लगाकर एक बड़ी भूल कर दी। मोदी परिवार की अवधारणा साधारण संघियों की समझ में नहीं आयी। उन्हें लगा कि मोदी जी संघ परिवार को हड़प रहे हैं ,इसलिए वे आम चुनाव में जहाँ -तहाँ पीछे हट गए और इसका खमियाजा संघ और भाजपा को उठाना पड़ा।

यदि आप गौर करें तो पाएंगे कि संघ और भाजपा का नेतृत्व इस समय जो पीढ़ी कर रही है वो खुद स्वभाव से %अहंकारी % है। डॉ भागवत और मोदी जी ही नहीं बल्कि इंद्रेश कुमार भी आक्रामकता के लिए जाने जाते है। तीनों हमउम्र हैं । ऐसा भ्रम फैलाया जा रहा है कि मोशा की भाजपा ,संघ का नहीं बल्कि अपना % हिडन एजेंडा % चला रही है,जबकि ये सौ फीसदी गलत है । भाजपा का अपना कोई एजेंडा नहीं है। आज भी संघ इतनी शक्ति रखता है कि मोदी जी को एक झटके में सत्ता से अलग कर दे लेकिन उसके पास मोदी जी जैसी आक्रामकता के साथ संघ के एजेंडे पर काम करने वाला कोई दूसरा नेता है नही। अमित शाह का खलनायकत्व भी साफ़ झलकता है। संघ चाहता है कि जब तक उसका एजेंडा पूरा न हो जाये भाजपा येन-केन सत्ता में बनी रहे। भले ही इसके लिए उसे आने वाले दिनों में बैशाखियाँ और % वॉकर % ही इस्तेमाल क्यों न करना पड़े ?

आपको बता दूँ कि डॉ भागवत ने अहंकार से पहले मणिपुर का मुद्दा भी उठाया जबकि मणिपुर में सत्तारूढ़ भाजपा नहीं बल्कि संघ नाकाम हुआ । भाजपा के सत्ता में आते ही मणिपुर में पूर्णकालिक प्रचारक की नियुक्ति की गयी थी। बी भगैया जैसे प्रचारक वहां तैनात किये गए थे ,लेकिन मणिपुर में संघ का पासा उलटा पड़ गया और जिस तरह की हिंसा हुई उसे संघ अपने पक्ष में भुना नहीं पाया। संघ यदि सचमुच मणिपुर की हिंसा से द्रवित होता तो डॉ भागवत जिस तरह से आज मोशा सरकार को हिदायत या उपदेश दे रहे हैं पिछले साल ही दे सकते थे। प्रधानमंत्री को मणिपुर जाने से यदि किसी ने रोका तो वो संघ ही है। मणिपुर समेत पूर्वोत्तर में अपने पांव जमाने में नाकाम रहा संघ अब चाहता है कि वहां हालात मामूल पर आएं और शायद इसीलिए वहां के विकास के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे सुदर्शन और ऊर्जावान संसद को पूर्वोत्तर मामलों का मंत्री बनाया गया है।

आम चुनाव में भाजपा के कमजोर होकर उभरने से भाजपा के प्रति जनता में अनास्था और न बढ़े इसलिए संघ ने अपना पैंतरा बदलते हुए न सिर्फ मणिपुर का राग अलापा बल्कि % अहंकार %को भी मुद्दा बनाया। संघ लगातार भ्रम पैदा करने की कोशिश करता रहता है । संघ प्रमुख गोरखपुर में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गुफ्तगू कर ये भ्रम भी फैलाना चाहता है कि संघ मोदी का विकल्प खोज रहा है। जबकि मोदी का विकल्प खुद मोदी जी ही है। वे हिटलर की राह पर चलते हुए बहुत आगे जा चुके हैं और संघ यही चाहता भी था । दरअसल मोदी जी ने वो कर दखाया है जो गुरु गोलवलकर भी नहीं दिखा पाए थे। मोदी से पहले अटल बिहाई बाजपेयी को भी संघ ने मौक़ा दिया था किन्तु प्रधानमंत्री के रूपमें वे मोदी की तरह संघ की कार्यसूची पार काम नहीं कर पाए उलटे उन्होंने सत्ता में वापसी का मौका भी गंवा दिया।

आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि भाजपा और संघ मिलकर देश को उसी दिशा में आगे धकेलेंगे जो पहले से तय है । संसद में शक्ति कम होने की वजह से संघ और भाजपा की यात्रा की रफ्तार थोड़ी धीमी जरूर हो सकती है लेकिन ये रुकने वाली नहीं है। संघ आम चुनाव में घायल हुए मोदी और अमित शाह की जोड़ी की मरहम -पट्टी खुद ही कर उन्हें पीछे से ताकत देने का काम करती रहेगी और ये भ्रम भी बनाये रहेगी की भाजपा और संघ में अनबन है।

ये बात सही है कि माननीय मोदी जी जैसे कुछ नेता अत्यधिक अहंकार के कारण विश्व का परम् सत्य जाने की कोशिश करते हैं । वे खुद को अविनाशी घोषित कर नर से नारायण बनने की इच्छा करते हैं । परमात्मा से भी ऊपर ब्रह्म बनना चाहते हैं ।लेकिन स्वयं के भीतर की आत्मा को परमात्मा मानते है। लेकिन उन्हें भी अंत में ज्ञात हो जाता है कि उसकी ही आत्मा ,परमात्मा है वह ही ब्रह्म है तथा वही नर है वही नारायण है।

मोदी जी को अब तब तक अविनाशी बने रहना पडेगा जब तक की वे स्वयं ही अपने आपको भस्म नहीं कर लेते। उन्हें नाचना सिखाने वाले ईश्वर किस मोहनी बनकर खुद उनसे ही उनके सर पर उनका हाथ रखवा कर उन्हें भस्म होने के लिए विवश कर देंगे। ये न संघ जानता है और न दूसरा कोई। एक बात और की भाजपा को रामजी ने कोई नुक्सान नहीं पहुंचाया ,भाजपा को जो नुकसान पहुंचा है वो इस देश की जनता की और से पहुंचा है ,वो भी जनादेश के रूपमे। इंद्रश कुमार का ये कहना बिलकुल गलत है कि रामजी ने भाजपा को या अहंकारियों को 242 सीटों पर लेकर दण्डित किया है। रामजी तो बड़े उदार हैं। फिर भी इंद्रेश जी को लगता है कि राम जी ने भाजपा को इंद्र के पुत्र जयंत की तरह सीता जी के पेअर में चैंच मारने की सजा एक नयन कर दी है ,तो ठीक है। वैसे डॉ भागवत हों या इंद्रेश कुमार दोनों ने रामचरित मानस पढ़ी है । वे जानते हैं कि -

नहिं कोउ अस जनमा जग माहीं।

प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं।।

माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी इसका अपवाद नहीं हैं भले ही वे अपने आपको बायलोजिकल पैदाइश न मानते हों। वैसे आप कहीं लिखकर रख लीजिये कि मोदी जी को अहंकार से बचने कि सलाह देने वाले इंद्रेश जी ही मोदी कि पसंद से संघ के अगले अलम्बरदार बनने वाले हैं।

लहार विधानसभा की जनता एवम कार्यकर्ताओं की जीवन भर ऋणी रहूंगी-सांसद संध्या राय

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर सतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

लोकसभा निर्वाचन 2024 में भिंड दतिया लोक सभा सीट से सांसद संध्या राय को लहार बिधानसभा में अभूतपूर्व समर्थन सत्ताईस हजार एक सौ सत्तावन मतो से जीत के लिए लहार विधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया के निर्देशन में नगर के सरयू वाटिका गार्डन में एक आभार सभा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लाड़ले विधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया ने कहा कि लहार क्षेत्र की जनता ने मेरे निबेदन पर अभूतपूर्व समर्थन कर सांसद महोदया को हमसे दुगने वोटों से जीत दिलाई इसके लिए क्षेत्र की जनता का सदैव आभारी रहूंगा उन्होंने कहा कि लहार क्षेत्र की जनता मेरे प्राण है और में हरदम हरपल सोते जागते लहार क्षेत्र की जनता के हितों की चिंता करता हूँ उन्होंने लहार के पूर्व बिधायक पर तंज कसते हुए कहा कि बो खुद नही पता क्या बोल रहे एक पत्र में बोले कि बिधायक रेत नही चलने दे रहा एक मे लिख रहे बिधायक ओर थाना प्रभारी मिलकर रेत चला रहे तो उनकी कथनी करनी ही गड़बड़ है खैर उन्हें हार का सदमा है उबरे नही तो ऐसे ही ऊल जूलूल हरकतें करते रहते है उन्होंने कहा कोंग्रेसियो के भृम में न आये इन्होंने हरदम आपको भृम फैलाकर छ्ला है , इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद संध्या राय ने सभा को सम्बोधित किया और सभी से विधानसभा में विकास की गंगा बहाने हेतु सुझाव एवम आशीर्वाद मांगा लहार विधानसभा में प्रचंड बहुमत से जीत के लिए जनता को धन्यवाद दिया, मंच का सफल संचालन मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह बघेल द्वारा किया गया ।इस मौके पर दिनेश शुक्ला एडवोकेट,नबल मिश्रा,रामकुमार महाते,निर्पेन्द्र सिंह जूदेव राजा मछन्ड,डॉ विनोद तिवारी,सन्तोष सरपंच बरौआ,देवेंद्र त्रिपाठी,सन्तोष बोहरे, रामकुमार त्रिपाठी,शिवनारायण दुबे उर्फ बबलू बकील,अंजनी कुरचनिया,ह्रदेश सिंह, पृथ्वीराज शर्मा दउआ, मातादीन बघेल,कैलाश नारायण गुप्ता,राकेश महाते,मनोज शास्त्री,कैलाश नारायण मिश्रा,संजीव चौधरी ठेकेदार,बिकास बिरथरे, शिवराज यादव,केशव गुप्ता,रणविजय सिंह रिंकू,सुभाष अग्निहोत्री, दीपक सिंह,अनूप त्यागी,लल्लू त्यागी,प्रवीण त्यागी,ऋषिकांत त्यागी,सतीश उपाध्याय,देवेंद्र उपाध्याय, कुलदीप कौरव,बिकास बोहरे,उमाकांत सिल्लू चौधरी,चन्द्रशेखर उपाध्याय, केदार सिंह,बलिकराम भंडा,राओ सहाब गुर्जर,हिर्देश नायक,रविकांत उर्फ बबलू चौधरी,आत्माराम उपाध्याय, संजीव नायक,छुन्ना उपाध्याय, रोहित त्रिपाठी,अशोक शर्मा तेजपुरा,अंगद शुक्ला,हरिसिंह दद्दा लारोल,भगवान सिंह पटेल निसार,नीलम शर्मा,दीपू सिंह,सूरज शर्माररी,दशरथ जी कौरव,रामबहददुर सिंह कैप्टन,आर.बी.बघेल एडवोकेट, बाबूलाल टेगौर,अमित छोटू तिवारी,बिनोद,खटीक,अरफाज खान, रामकुमार राठौर,सतीश पाराशर, बिनय झा एडवोकेट,संजू राणा,रामदत्त शर्मा अजनार,रमाकांत पटसरिया,अनुज उपाध्याय, मझले जोशी,आनंद त्रिपाठी,सत्यम खद्दर,अरविंद सरपंच लपवाह,विनोद दीक्षित नंना,कैलास बुधौलिया,नीतेश भारद्वाज पप्पू,मोनू दीक्षित कैथा, हरगोविंद बघेल,मुनेश बघेल,कृपालबघेल,माताप्रसाद बघेल, सत्यनारायण दादा धर्मपुरा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

भाजपा जिला मंत्री नेत्रपाल चौहान ने अपने कार्यालय पर किया नवनिर्वाचित भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का भव्य स्वागत

अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्रामीण/ आज हरिद्वार से भाजपा के लोकसभा नवनिर्वाचित सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ग्रामीण विधानसभा के बादशाहपुर स्थित भाजपा जिला मंत्री नेत्रपाल सिंह चौहान के निजी कार्यालय पर पहुँचे। जहां पर उपस्थित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने नवनिर्वाचित सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस उपलक्ष में भाजपा जिला मंत्री नेत्रपाल सिंह चौहान ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शर्बत वितरण करनेवक कार्यक्रम भी किया। वही सांसद के स्वागत कार्यक्रम व शर्बत वितरण कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे। वही सभी ने भाजपा जिंदाबाद और त्रिवेंद्र सिंह रावत जिंदाबाद के नारे लागतें हुए हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने फीता काट कर कार्यालय में प्रवेश किया। वही उन्होंने हरिद्वार की जनता का आभार और धन्यवाद करते हुए कहा कि हरिद्वार लोकसभा का चौमुखी विकास करना ही उनके कार्यक्रमों की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं व जनता ने जो सम्मान उन्हे दिया है वह उसे कभी भुला नहीं पाएंगे और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा की अब समय आ गया है की पार्टी कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ पार्टी को और भी मजबूत करें ताकि आगामी चुनाव में उसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री नेत्रपाल सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण ही हरिद्वार की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। देश की जनता केंद्र में नरेन्द्र मोदी को ही देखना चाहते थी इसलिए सभी ने एक मत से नरेन्द्र मोदी को चुना हैं। वही हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से त्रिवेंद्र सिंह रावत को चुना हैं। वही भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री श्रवण कुमार ने बड़ी बेबाकी के साथ कहा की जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के अगले ही दिन से किसान सम्मान निधि की राशि जारी करने के आदेश दे दिए है। उससे यह पता चलता है कि भाजपा किसानो और देश वासियों के विकास के लिए लगातार कार्यरत है। उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस देश को विकास के नए आयाम दिए हैं और तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास बनाया है। उन्हीने कहा की भाजपा प्रत्येक वर्ग के लिए जनहित के कार्य लगातार करती रहती है। इस मौके पर हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 सालों में युवाओ को रोजगार से जोड़ा जायेगा। इस मौके पर सचिन, अशोक, सब्जपाल, अजय, डाक्टर राहुल चौहान, मनीष चौहान, गुड्डू चौहान, शिवम कश्यप, रविंद्र चौधरी, लोकेंद्र चौहान, अर्जुन चौहान, कृष्णपाल चौहान, पंकज चौहान, अनूप चौहान, संजू चौहान, सचिन चौहान, मोनू चौहान, दिलीप, महिपाल चौहान, पप्पू चौहान, सुशील चौहान आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

रावाघस का 23 वा: स्थापना दिवस पावन वाल्मीकि तीर्थ में मनाया गया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

वाल्मीकि धर्म समाज (राजी॰) रावाघस का 23 वा॰ स्थापना दिवस पावन वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर में विशेष रूप से मनाया गया । जिस की प्रधानगी मुख्य संचालक आर के सफरी ने की और विशेष रूप वीर दिलबाग जी , वीर. आर.के. से संगठन के धर्म गुरु उनहोने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा की हमारा संगठन अदेविश्वस और नशे खोरी और कोर समाज पर हो रहे अत्याचार पर काम कर रहा है और हम अपने समाज के युवाओ को ये सदेश देते है की वे भी अपने धर्म का प्रचार करे । इस अवसर पर भगवान ने शिक्षा की और जोर दे । वे शिक्षा की और आये । पावन संत सभी धर्म प्रेमीया को सवरोपा और भगवान का सबरूप देकर समानित किया और इस अवसर पर संगठन, जिला के अलग-अलग शहरों से पोहंचे जिस मै पूजा बालक (प्रदान देहाती महिला विम, प्रदीप (साईगर) क्क ऊबैन हसं (प्रत्तार सचिव) सगम कुमार वल्मीकिन (सहजापूर) अशोक बौहान (गुजरात) कृष्णा मुर्ति (अदरा)। विजय अठवाल (राजस्थान) सतपाल वेद (अतरा खाण्ड अकाश राज कुलीगडू क्कवीर छोले लाल, वीर महलसिह जगीरो (बडलान) प्रबजीत कौर प्रधान, ओमप्रकाश (अजय) रीकू अदि मजुद थे।

देवेंद्र कुमार 'पंकज' ने सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को भेजा पत्र

लखीमपुर खीरी दिनांक 13/6/024 को भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा दिए जाने की मांग करी है विगत दिनों जनपद एटा के कुछ अराजक तत्व द्वारा लखीमपुर में आकर देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷

की गड़ाबंदी करके हत्या करने का प्रयास किया था देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ जनपद एटा के मूल निवासी हैं वर्तमान में लखीमपुर खीरी में रह रहे हैं ।जनपद एटा में देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ की पेत्रक जमीन है और घर बना हैं और उन्होंने और उनके परिवार जनों ने थाना जैथरा के अंतर्गत अपने गांव मतवरिया (परौली सुहागपुर) में भगवान श्री महादेव जी का मंदिर भी अपनी निजी जगह में अपना मंदिर बनवाया है उस मंदिर से करीब 14 बीघा जमीन श्री पंकज के पूर्वजों ने लगाई थी उस जमीन पर गांव एवं आस-पास के लोगो की नियत खराब है अराजक तत्व अपनी दबंगई के बल पर भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का घर ,,मंदिर और जमीन पर कब्जा कर लेना चाहते हैं और श्री पंकज की हत्या कर देना चाहते हैं। मंदिर ,,घर और जमीन की देखभाल करने वाले को परेशान करते हैं और वहां से भगा देना चाहते हैं मंदिर पर अराजक तत्वों को बिठाते हैं। किसान नेता देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷का कहना है कि उनके लोगों ने उन्हें बताया है कि गांव जाने पर वह लोग घेरा बंदी कर हत्या करने की ताक में हैं और सारी संपत्ति अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। इसी संबंध में अपनी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आज देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ ने यूपी के मुख्यमंत्री को एवं भारत के गृहमंत्री को पत्र भेजा है। और सुरक्षा दिए जाने की मांग करी है।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार लखन पटेल ने आज पथरिया में मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

दमोह। राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान.

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार लखन पटेल ने आज पथरिया में मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा मैं बहुत प्रसन्न हूं, गुरुदेव का आगमन मेरे विधानसभा क्षेत्र में हुआ जिसके लिए मैं उनका कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा

मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज जी से निवेदन करता हूं, यदि यहां पर चौमासा होता है तो हम सब पथरियावासी धन्य हो जाएंगे। आप सबके आशीर्वाद से मध्य प्रदेश सरकार ने मुझे पशुपालन विभाग का मंत्री बनाया हैं।

राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा हमारी सरकार बेसहारा गोवंश के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने जा रही है। उन्होंने कहा महाराज जी आपका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिले जो सड़क पर गौवंश से उसे समस्या को कैसे निजात मिले।

राज्यमंत्री श्री लोधी विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

दमोह ॰ 15 जून 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 16 जून 2024 को दमोह जिले के शिव मंदिर खर्राघाट में शाम 5 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा व्यारमा नदी पर गंगा आरती में शामिल होंगे। श्री लोधी सांय 04 बजे नोहटा से शिव मंदिर खर्राघाट ग्राम पंचायत हाथीघाट के लिए रवाना होकर 05 बजे यहां पहुँचेगे। कार्यक्रम उपरात आप यहां से प्रस्थान कर निज निवास नोहटा जायेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। समाचार के साथ फोटो संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी

चोर ने घर में घुसकर तीस हज़ार रूपए उड़ाए, असफल फायरिंग के बाद चोर तमंचा लहराते हुए फरार

अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

लक्सर/ क्षेत्र के सीधडू गांव में 11 जून 2024 की रात एक बड़ी चोरी की घटना घटी। सीधडू गांव निवासी गुलशन आजाद ने पुलीस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर की छत पर सो रहे थे जब रात करीब 3॰30 बजे उन्हें घर के अंदर किसी के होने की आहट सुनाई दी। संदेह होने पर वह नीचे उतरा और देखा कि एक चोर घर से भागने की कोशिश कर रहा है। गुलशन ने भागते हुए चोर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन चोर ने अपने पास से तमंचा निकालकर उन पर तान दिया और जान से मारने की नीयत से फायर करने की कोशिश की। सौभाग्यवश, तमंचा नहीं चला और चोर तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गया। गुलशन ने तुरंत अपने घर की तलाशी ली और पाया कि उनकी कॉलेज ड्रेस

की पैंट की जेब से, जिसमें 30,000 रुपये थे, गायब थे। यह रकम उन्हें सुबह अपने कॉलेज में जमा करनी थी। गुलशन ने पुलीस को बताया कि उन्होंने चोर को पहचान लिया है, जो नदीम पुत्र इरफान, गांव सीधडू, कोतवाली लक्सर का निवासी है। गुलशन ने बताया कि नदीम एक आदतन चोर और अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो पहले भी गांव में कई चोरी और अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इसलिए उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि नदीम के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी भी अन्य बड़ी घटना को टाला जा सके। पुलिस ने आरोपी नदीम पुत्र इरफान उर्फ लालू गांव निवासी सीधडू, कोतवाली लक्सर के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही नदीम को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। गांव में इस घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।

ग्राम पंचायत बछरन में इंटरलॉकिंग खरंजा निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

घटिया निर्माण कार्य कराकर ग्राम प्रधान वा ठेकेदार के द्वारा सरकारी धन का किया जा रहा बंदरबाट

ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट

नही दिखा एक चार छः का रेसियो बाहरी ठेकेदारों का पहाड़ी ब्लॉक में जमावड़ा ग्राम प्रधान, सचिव खण्ड विकास अधिकारी को देते है कमीशन की बड़ी लालच

चित्रकूटद्व पहाड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बछरन में बना रहे पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त योजना अंतर्गत इंटर लॉकिंग खड़ंजा निर्माण

चंद्रपाल के दरवाजे से बालक के दरवाजे तक,व बच्चा के दरवाजे से प्यारे के दरवाजे तक कराये जा रहे इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य में लगायी जा रही घटिया सामग्री ईट के खड़ंजा के ऊपर ही कराया जा रहा निर्माण जो नियमो के खिलाफ है ग्रामीणों ने ठेकेदार सचिव , प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप ।

मुख्यमंत्री भले ही ना खाऊंगा ,ना खाने दूँगा का नारा देते हो ,लेकिन जमीनी हकीक़त इन सब से परे है। खरंजा निर्माण में प्रयोग की जा रही घटिया सामग्री को देख लोग आग बबूला हो गए और इंटरलॉकिंग खरंजे के नाली निर्माण में लगाई जा रही मानक विहीन घटिया सामग्री।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भ्रष्टाचारियों पर नकेल लगाने की पूरी तरह से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम प्रधान के द्वारा अपने मनचाहे ठेकेदारों को सड़क और नाली निर्माण का टेंडर देते हैं ठेकेदार द्वारा इंटर लॉकिंग नाली निर्माण में लगाई जा रही सामग्री मानक के विपरीत है जो बिकास के नाम पर लीपापोती करके उत्तर प्रदेश सरकार को बड़े पैमाने पर बदनाम करने की साजिश है।

अमनदीप अस्पताल ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब

रक्तदान संबंधित भ्राँतियों को दूर करने तथा लोगों से जीवन बचाने के लिए रक्तदान करने का आग्रह करने के लिए अमनदीप अस्पताल, अमृतसर, ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 'रक्तदान आवश्यक है, विकल्प नहीं' का नारा बुलंद करते हुए अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की सभी शाखाओं में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें सामाजिक भलाई के लिए रक्तदान करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिसने लोगों को बहुत प्रभावित किया। रक्तदान को समय की जरूरत बताते हुए अमनदीप अस्पताल, अमृतसर की निदेशक डॉ. अमनदीप कौर ने कहा कि यह जीवन बचाने को समर्पित है, जो एक नेक कार्य है। ÷दुनिया में बहुत कुछ घटित हो रहा है और लोग विभिन्न बीमारियों और आपदाओं का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में एक दूसरे को संभालने, साँझ और दान करने की संस्कृति विकसित करने की सख्त जरूरत है, और इसमें बहुमूल्य जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना भी शामिल है ।

डॉ. अमनदीप कौर ने कहा कि अस्पताल आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए अपने रक्त बैंक में हमेशा पर्याप्त रक्त आपूर्ति बनाए रखने का प्रयास करता है। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के बावजूद भी कई लोग अभी भी कुछ मिथकों पर विश्वास करते हैं, जो उन्हें रक्तदान करने से रोकते हैं।

÷किसी भी उम्र या भोजन की पसंद वाले लोगों को रक्तदान करने पर कोई रोक नहीं है। कोई भी व्यक्ति जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है, वह रक्तदान कर सकता है और उसे ऐसा करना ही चाहिए। यह सब जीवन बचाने के बारे में है और हर बूंद मायने रखती है । इस अवसर पर अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के सभी लोग मौजूद थे और उन्होंने भी अपना रक्तदान किया।

गंगा दशहरा पर्व को लेकर श्रद्धालुओं को दिशा निर्देश

ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवारीयों की जिंदगी पर पड़ सकती है भारी

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा/अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा ने जनपद वासियों को गंगा दशहरा पर्व को लेकर के शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिंदगी एक अनमोल हीरा है जिसको संभाल कर जीना सीखें एसपी ने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली की सवारी जिंदगी पर भारी पड़ सकती है उन्होंने गंगा स्नान को जाने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि यात्रा हेतु अधिकृत बहनों से ही यात्रा करें तथा ओवरलोडिंग ओवर स्पीड से बचे शराब पीकर या नशे की हालत में बाहन न चलाएं माल वाहक बाहन या ट्रैक्टर ट्राली से

जोखिम भरी यात्रा न करें। प्रशासन द्वारा यातायात संबंधित दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें जिससे आपकी यात्रा मंगलमय हो और कहां की बीते दिनों हुई माल वाहक ट्रैक्टर ट्राली से होने वाली दुर्घटनाओं से सबक लेने की अपील की गई।



भाईचारे से मनाए ईद उल अजहा का त्योहार डॉक्टर आलमगीर

नगीना=आलमी शिया कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर आलमगीर काजमी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि ईद उल अजहा का त्योहार भाईचारे व इंसानियत का त्यौहार है इसलिए हमारे किसी भी दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए ईद उल अजहा के मौके पर कुर्बानी खुले में ना करें और कुर्बानी का खून नालियों में ना बहने दे। उसको गड्ढे में दफन करें। और ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे किसी दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे कुर्बानी के मीट को कपड़े से अच्छी तरह ढककर लाए तथा कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष व गंदगी को खुले में ना डालें कुर्बानी करते वक्त कोई भी व्यक्ति वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न डाले वीडियो डालने से दूसरे धर्म के लोगों की

भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इस तरह के मामले से बचें। डॉक्टर आलमगीर काजमी ने कहा की सरकार द्वारा बताई गई गाइडलाइन का पालन करें ।उन्होंने सभी लोगों से त्योहारों को मिलजुल कर मनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

गंगा दशमी के पावन पर्व पर आगामी 16 जून को हजारों की संख्या में गंगाभक्त गंगा कुंड गांगली पहुंचेंगे।

इंदौर - संभाग ब्यूरो*

ग्राम पंचायत गांगली-सात्तलाई विकासखण्ड मनावर जिला धार मध्यप्रदेश,मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित मां गंगा कुंड, इस स्थान पर प्रतिवर्ष गंगा दशहरा के पावन पर्व पर कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं, शिव पुराण के अनुसार इस स्थान को मां नर्मदा एवं मां गंगा का मिलन स्थल बताया गया है, नर्मदा पुराण कथा में इस स्थान का उल्लेख, गांगलोद,गांगलगड़,गांगली ,गांव के नाम से उल्लेखीत है,। शिव पुराण एवं नर्मदा पुराण के अनुसार इस स्थान पर गंगा जी का उद्गम,एक तपस्वी ऋषि द्वारा नर्मदा परिक्रमा की जा रही थी उस दौरान तपस्वी ऋषि के कमण्डल में पानी खत्म हो गया ओर वह ऋषि केवल गंगा जल ही ग्रहण करते थे, उन्होंने उस दौरान भगवान भोलेनाथ की साधना की ओर उनसे प्रार्थना की, मेरी नर्मदा परिक्रमा अभी अधुरी है या तो मैं अपनी परिक्रमा को छोड़कर गंगा जल लेने हरिद्वार जाउ या फिर आप मेरे लिए गंगा जल लाऐं, उसी समय इस स्थान पर गंगा जी का उद्गम हुआ। यही वह स्थान है जो आज गंगा कुंड के नाम से प्रचलित है। एक कथा का ओर उल्लेख आता है जिसमें मां गंगा शिव जी से प्रार्थना करती है कि मैं सारी उम्र संसार वासियों के पाप धोने का काम करूंगी,पर मेरे पाप कोन धोएगा,जब शिवजी ने मां गंगा से कहा कि तुम्हारे पाप नर्मदा धोएगी। कथा अनुसार, मां गंगा को दिया वरदान एवं तपस्वी ऋषि की साधना एक साथ पुरी हो गई।

इसी स्थान पर मां नर्मदा के तट पर प्राचीन नन्दीकेश्वर महादेव मंदिर भी है, इस स्थान को नंदी एवं भगवान भोलेनाथ का मिलन स्थल बताया गया है।नंदी एवं शिव जी पहली बार इसी स्थान पर मिले थे। यही पर मां नर्मदा में अवतरित शिव लिंग है, शिव जी के सारे भारत वर्ष में 24 अवतरित शिव लिंग है, जिसमें 22 काशी विश्वनाथ में है,23वां अवतरित शिव लिंग गांगली घाट पर है,इसकी भी एक कथा है। ऋषिका नाम की एक साध्वी थी जिसने कई वर्षा तक शिव जी की आराधना इसी स्थान पर की थी ओर शिव जी अवतरित हुए।

इसी स्थान पर सात मात्रा भी है जिसमें प्रति मंगलवार को, श्रद्धालु स्नान करने आते, पांच से सात मंगलवार सात मात्रा में स्नान करने से पेरालिसिस, वाले भी ठीक हो जाते हैं,जिन बहनों को मातृत्व सुख नहीं मिला वह भी इस स्थान पर प्रत्येक मंगलवार स्नान करने से मातृशक्ति ने बच्चे को जन्म दिया है,यह प्रत्यक्ष प्रमाण देखे हैं।

गुरुदेव श्री उत्तम स्वामी जी महाराज जब नर्मदा परिक्रमा में थे तब इसी स्थान पर रात्रि विश्राम किया था ओर उनके मुखारविंद से इस स्थान की पौराणिक महत्त्व को साझा किया था, ओर गुरुदेव ने इस गंगा कुंड में स्नान भी किया। गुरुजी ने अपनी एक कथा में भी इस स्थान का महत्व बताया था, उसके बाद पंडित प्रदीप जी मिश्रा ने शिव पुराण कथा में इस स्थान का पौराणिक महत्त्व बताया था व गंगा दशमी पर एक बार अवश्य गंगा कुंड गांगली में पहुंचकर भक्तो से दर्शन की अपील की।

प्रतिवर्ष गंगा दशहरा के पावन पर्व पर ग्राम वासियों के जनसहयोग से यहां पर सभी श्रद्धालुओं के लिए, निःशुल्क पार्किंग,ठंडे जल,ठंडी रसना,चाय, पोहा, प्रसादी,एवं फलहारी साबुदाने की खिचड़ी की व्यवस्था रहती है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 85 से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

***पत्रकार गोपाल त्रिपाठी**

भिण्ड कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया।

कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 85 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितो को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल, अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सडक दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

रेत का अवैध परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 28 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

ओमप्रकाश परमार

देवास। जिले के सतवास तहसील के फतेहगढ़ घाट पर रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किये। कार्रवाई के लिए अधिकारी टूरिस्ट ट्रेवलर बस से पहुंचे।

कन्नौद एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने बताया कि प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक?त टीम ने फतेहगढ़ घाट पर रेत के अवैध उत्खन्न पर संयुक?त रूप से कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर ट्राली जब?त किये गये। ट्रैक्टर ट्रालियां सतवास थाने पर अभिरक्षा में खडे किये गये हैं। जप?त ट्रेक?टरों के प्रकरण बनाकर जिलास?तर पर भेजे जायेंगे। उन?होंने बताया कि टीम लगातार फतेहगढ़ घाट पर रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के लिए टीम टूरिस?ट ट्रेवलर बस से पहुंची। अवैध उत?खनन करने वाले ट्रेक?टर वालों का नेटवर्क में मेन रोड से लेकर अन?दर हर 100 मीटर की दूरी पर एक व?यक्ति खडा रहता है, जो की आगे मेसेज करता है कि कार्रवाई के लिए कोई आ तो नहीं रहा है। इसलिए टीम टूरिस?ट ट्रेवलर बस से पहुंची और कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर ट्राली जब?त किये गये।

जिले में किसी भी प्रकार के खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जायेगी। खनिजों अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों की मशीनें एवं डम्पर, ट्रैक्टर-ट्राली न केवल जब्त की जाएंगी बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद प्रवीण प्रजापति, तहसीलदार हरिओम ठाकुर, माइनिंग इंस्पेक्टर गणेश विश्वकर्मा एवं राजकुमार वराठे, थाना प्रभारी सतवास आशीष राजपूत एवं समस्त अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

नए कानून को लेकर धार में आयोजित प्रशिक्षण के सभी 6 सत्रों की आयोजित परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाकर टी आई कुक्षी,राजेश यादव , एसपी के द्वारा किए गए सम्मानित

इंदौर- जैसा की विदित हे की 1 जुलाई से संपूर्ण भारत देश में नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता लागू होंगे जो नए कानून के संबंध में प्रशिक्षण के लिए एसपी धार श्री मनोज कुमार सिंह साहब ने पूरे जिले के अधिकारी,कर्मचारियों का प्रशिक्षण सत्र धार

में आयोजित किया था, 20 मई से लेकर अभी तक कुल 6 प्रशिक्षण सत्र आयोजित हो चुके हैं, प्रशिक्षण सत्रों की समाप्ति के उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी,कर्मचारी,का ज्ञान का टेस्ट के लिए एसपी साहब के द्वारा कानूनी ज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया था इस परीक्षा में कुक्षी टी आई राजेश यादव ने 50 में से 47 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो एसपी मनोज कुमार सिंह के द्वारा जिला मुख्यालय धार पर टीआई राजेश यादव को नगद पुरस्कार एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया एवं एसपी ने टी आई के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए टी आई को निर्देशित किया है कि वह अपने अधीनस्थ स्टाफ को भी नए कानून के बारे में जानकारी से अवगत कराए।

प्रदेश उपाध्यक्ष आर. के. सिंह सैनी का जिला अधिवक्ता कार्यालय कटनी में हुआ भव्य स्वागत

राजेंद्र खरे कटनी*

कटनी विगत दिवस मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवम कटनी मण्डला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आर के सिंह सैनी जी एवम उनकी टीम सदस्यों का कटनी जिला स्त्र न्यायालय में जिला अधिवक्ता कटनी के जिलाध्यक्ष एड अमित शुक्ला एवम जिला सदस्य शिकायत निवारण समिति एड श्रीमती अंजुला सरावगी बजाज एवम जिला पदाधिकारियो द्वारा भव्य स्वागत जिला कैंटीन में किया गया । सर्व प्रथम मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एड आर के सिंह सैनी जी का स्वागत जिला अध्यक्ष एड अमित शुक्ला एवम जिला सदस्य शिकायत निवारण समिति एड अंजुला सरावगी बजाज के द्वारा फूल माला एवम शाल भेट कर उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारियो जिला उपाध्यक्ष एड सन्तू परोहा जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला जिला सदस्य शिकायत निवारण समिति एड अंजुला सरावगी बजाज जिला महामंत्री राज कुमार तिवारी जबलपुर से आये वरिस्ठ अधिवक्ता सुदीप दीक्षित ,एडसुदीप

सिंह सैनी ,वरिष्ठ अधिवक्ता संजय दुबे जबलपुर का स्वागत अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद के अध्यक्ष अनिरुध्द बजाज महामंत्री वैध सुरेन्द्र विश्वकर्मा राज किशोर यादव संभव रांधयलिया अंतु गुप्ता सुभाष मालाकार प्रकाश जैन अंशुल बहरे एड अंतु पांडेय एड प्रकाश भूमिया एड सनत परोहा एड राज कुमार बक्शी ने शाल भेट कर एवम माला पहना कर उनका स्वागत किया गया । इसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आर के सिंह सैनी जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला जिला महामंत्री राजकुमार तिवारी जिला उपाध्यक्ष सन्तू परोहा का अधिवक्ताओं के नाम पर उद्बोधन हुआ जिला सदस्य अजय जायसवाल दुष्यन्त गुप्ता प्रकाश भोमिया एड अक्षय बजाज एवम अन्य वरिष्ठ वकीलों ने कटनी जिले के अधिवक्ताओं पर आए दिन हो रहे हमलों एवम अधिवक्ता सुरक्षा मेडिकल सुविधाओ नए अधिवक्ताओं की शनद आकस्मिक दुर्घटना पर होने वाले खर्च भरपाई पर भी चर्चा की गयी। इन बातों पर प्रदेश उपाध्यक्ष एड आर के सिंह सैनी जी ने कहा कि यहाँ उपस्थित सभी अधिवक्ता भाई बहन अपनी अपनी शिकयत व मागे एक लिखित प्रारूप में मप्र राज्य अधिबक्ता परिषद में कटनी जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला एवेम जिला शिकयत निवारण समिति सदस्य एड अंजुला सरावगी बजाज के माध्यम से भेज सकते है आप की मांगों पर विचार विमर्श कर उनका समाधान करवाया जायेगा हम कटनी के अधिवक्ता भाई बहनों के हर दुख शुख मे हमेशा शामिल रहेंगे। तदुपरान्त एड अक्षय बजाज वा उनकी टीम के मंगल जीत सिंह ,कमला पति त्रिपाठी , यशपाल सिंह राजपूत,विपिन चक्रवर्ती ,अभिनेष नामदेव ,रोशनी पटेल ,नीलेश निषाद ,शैलया पयाशी रोशनी गुप्ता , हिमांशु शर्मा, प्रीति,संदीप विश्वास,श्रीकांत श्रीवास्तव , असलम सेख आदि सदस्यों द्वारा जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला एवम एड अंजुला सरावगी के साथ एड आर के सिंह सैनी जी को कटनी आगमन पर यादगार के रूप मे मोमेंटम भेट किया गया एवम शाल और माला पहनना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया फिर श्री आर के सिंह सैनी जी द्वारा कटनी जिला अधिवक्ता संघ एवम अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद के सदस्यों का आभार प्रगट किया साथ ही कहा कि आप सभी अधिवक्ताओं को जब भी हमारी जरूरत होगी तब हम आप के साथ होंगे कार्यक्रम का सफल सन्चालन एड अनुज तिवारी ने किया स्वागत कार्यक्रम मे एड ललित त्रिपाठी वरिष्ठ एड ओम प्रकाश परोहा रामू सोनी विष्णु पटेल रविन्द्र गुप्ता आर के विश्वकर्मा शुखविन्दर सिंह गरचा अनुज तिवारी एड शहनवाज खान एड राजेश सिंह डॉ सेवा राम साहू श्याम तिवारी साचि विश्वकर्मा एड आनन्द पचौरी हिमांशु शर्मा अजय साडिल्य अरविंद पांडेय सनत परोहा एड विपिन द्विवेदी धनेश नायक इंद्र पाल सिंह सनत आर के विश्वकर्मा राजेश सिंह राजेश खरे शिखा पांडेय सूर्य कांत सोलंकी राज कुमार दासवानी चार्लस रोड्रिक एड हिमांशु उरमलिया एड नीरज द्विवेदी एड अनुज सेन एवेम लगभग सौ से अधिक अधिवक्ता एवम समजसवीओ की भागीदारी इस कार्यक्रम मे रही।

घर में रखी मोटरसाइकिल ले उड़े चोर, एफ.आई.आर के नाम पर पीड़ित से लिया सिर्फ आवेदन

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मो. 9424075866



टांडा- नगर में चोरों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र जैन के निर्माणाधीन मकान से पानी की मोटर सहित रात में चार अन्य दुकानों में धावा बोल हज़ारों रुपये के माल पर हाथ साफ कर पुलिस को चकमा दिया, वही बीती रात फिर एक मकान को निशाना बनाकर अंदर रखी मोटरसाइकिल ले उड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की इंदिरा कालोनी स्थित मनीष पिता श्यामलाल भालेराव की मोटरसाइकिल एम. पी. 11 एम.वी.1765 ब्लेक/रेड कलर की डीलक्स बाईक को अज्ञात बदमाश घर का ताला तोड़कर ले उड़े। मनीष भालेराव ने बताया कि रोज़ की तरह ही मे अपनी मोटरसाइकिल को अपने अंकल रामबाबू के घर पर रखता हूं। चूंकि मेरे अंकल इंदौर रहते हैं। इसलिए शुक्रवार को जब सुबह मे अपनी मोटरसाइकिल लेने अंकल के घर पहुँचा तो देखा कि मेन दरवाजे का ताला अज्ञात बदमाशों द्वारा तोड़कर घर का सामान अस्त- व्यस्त कर दूसरे कमरे में रखी मोटरसाइकिल को चुरा ले गये। आसपास ढूढ़ने के बाद मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर अपने अंकल के साथ बाईक चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने जब में टांडा थाने पर गया तो मुझसे एफआईआर के नाम पर सिर्फ आवेदन ले कर मुझे घर भेज दिया। और कहा कि तुम जाओ एफआईआर हो जाएगी। ज्ञात हो कि पूर्व में भी कई लूट व चोरी की घटनाओं में पीडितों से एफआईआर के नाम पर सिर्फ आवेदन लेकर उन्हें घर भेज दिया जाता है। और उन घटनाओं का आज तारीख तक कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला। बढ़ती चोरी की घटनाओं एवं पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से ग्रामीणों मे भय व्याप्त है। चोरी हुई मोटरसाइकिल का बीमा नहीं था,इसलिए आवेदन लिया व वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र जैन के यहां हुई चोरी की एफआईआर दर्ज कराने को कहा, ÷जी.एस. भयडिया थाना प्रभारी टांडा ÷

बदनावर को आदर्श नगर बनाकर पूरे देश मे पहचान बनाएगें: केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर

मंत्री बनने के बाद पहली बार आगमन पर हुआ धूमधाम से स्वागत,

नपाध्यक्ष यादव ने चांदी का मुकुट पहनाकर त्रिशूल भेंट किया,*

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मो. 9424075866

बदनावर। महिला एवं बाल विकास विभाग की नवगात केंद्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर शनिवार को केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार बदनावर आई। जिनका यहां धूमधाम से स्वागत किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव व भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष शेखर यादव ने चांदी का मुकुट पहनाकर व त्रिशूल भेंटकर स्वागत किया। वे पहले यहां मिडिल स्कूल के पास बनी आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण करने पहुंची व आंगनवाड़ी में मौजूद बच्चों से चर्चा की। इसके पश्चात वे नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के बाद हुई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव व भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष शेखर यादव ने केंद्रीय मंत्री ठाकुर का स्वागत चांदी का मुकुट पहनाकर व त्रिशुल भेंटकर स्वागत किया। वही नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतराम चौहान, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, पार्षद भारती राठौड़, जितेंद्र शर्मा, अनिता चौहान, झनूबाई सिर्वी, भगवंता बाई राव, सुखराम देवदा, बबिता नागल, सन्तोष चौहान, भेरूलाल डावर समेत निकायकर्मियो ने 51 किलो के हार से स्वागत किया। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने स्वागत भाषण देते हुए शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की जानकारी दी व केंद्रीय मंत्री ठाकुर से शहर के विकास के लिए सहयोग मांगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि बदनावर नगर के विकास व उन्नति के लिए हमेशा सहयोग करूंगी। उन्होंने कहा कि बदनावर नगर को आदर्श शहर के रूप में विकसित करेंगे। उन्होंने नगर परिषद के सीएमओ व इंजीनियर से कहा कि शहर के विकास के लिए पूरा मास्टर प्लान बनाए व ऐसा नक्शा बनाए जिससे बदनावर आदर्श शहर के रूप में पूरे देश मे पहचाना जाए। ठाकुर ने कहा कि बदनावर के विकास के लिए केंद्र सरकार के माध्यम से हमेशा सहयोग दिलाऊंगी। क्षेत्र में आंगनवाड़ी भवनों की अगर जरूरत होगी तो हम समस्या हल करेंगे। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ व कार्यक्रम में मौजूद महिलाओ से कहा कि आप एक एक पौधा जरूर लगाए व उसे पेड़ बनाने का संकल्प ले। कार्यक्रम को धार विधायक नीना वर्मा व पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार आदि नेताओ ने भी संबोधित किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान: तालाबों से निकाल रहे मिट्टी, जेसीबी से हो रही बेतरतीब खुदाई; अधिकारी ने दिए जांच के निर्देश*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।जिले के तालाबों में एक बार फिर गहरीकरण के नाम पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय से 6 किमी दूर पारागढ़ तलैया में रात के अंधेरे में जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी बेची जा रही है। मामले की शिकायत पर जनपद सीईओ ने काम बंद करा दिया है। साथ ही जांच के निर्देश जारी किए गए हैं।दरअसल, जिले में शासन के निर्देशन पर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए काम शुरू किए गए हैं, लेकिन पंचायतों में अभियान के नाम पर तालाबों से सिर्फ मिट्टी निकालने का काम किया जा रहा है।ग्राम पंचायत आलमपुरा के पारागढ़ तलैया में जेसीबी से शुक्रवार रात खुदाई कर ट्रॉलियों में भरकर मिट्टी का परिवहन किया गया। ट्रैक्टर चालक मिट्टी को ले जाकर मनमर्जी से अपने तय स्थानों पर डालते रहे। वहीं गहरीकरण के लिए शासन से कोई बजट भी नहीं है।इसके बावजूद मशीनों से काम चलता रहा। जबकि शासन से निर्देश है कि ग्रामीण और नगरीय निकायों के जल स्रोत को संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाए, ज्यादातर पंचायतों में मनमाफिक तौर पर मिट्टी निकालकर बेचने का काम किया जा रहा है।

अतिक्रमण हटाने पर ध्यान नहीं ग्राम पंचायतों में जल स्रोतों को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के साथ-साथ अतिक्रमण को भी हटाना था, लेकिन सिर्फ तालाबों से मिट्टी निकालने में रुचि दिखाई जा रही है। तालाबों पर अतिक्रमण जस का तस है। जिले के कई तालाबों पर अतिक्रमण हो गया है। जिसके कारण तालाब में जल भराव नहीं हो पा रहा। अभियान में लगे अधिकारी भी जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त नहीं करा रहे हैं।

मामले की जांच के निर्देश दिए

मामले में जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत जल स्रोतों की साफ सफाई और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अगर मशीनों से मिट्टी निकाल कर बेची जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। पारागढ में काम बंद करा दिया गया है।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

कोरेक्स तथा अन्य नशीले पदार्थों की रोक के लिए सीमाओं पर कड़ी जाँच करें-उप मुख्यमंत्री

ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम और पुलिस मिलकर प्रयास करे-उप मुख्यमंत्री

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कानून और व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था की समीक्षा की।उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस रात्रिकालीन गश्त बढ़ाए। कोरेक्स, गांजा तथा अन्य नशीले पदार्थ पूरी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं।इसका जिले में प्रवेश रोकने के लिए सीमाओं पर कड़ी जाँच करें। कोरेक्स के मूल स्रोतों पर चोट करें। रीवा में तेजी से विकास हो रहा है, लेकिन नशीले पदार्थ हमारी युवा पीढ़ी को नशे की राह में ले जाकर विकास को बेमानी बना रहे हैं।कोरेक्स तथा अन्य नशीले पदार्थ मुख्य रूप से आसपास के राज्यों से आ रहे हैं।उत्तरप्रदेश में एनडीपीएस एक्ट की तरह नशे के विरूद्ध कड़े वैधानिक प्रावधान बनाने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया जाएगा। शराब की अवैध बिक्री करने वाले पैकारों पर कड़ी कार्यवाही करें जिससे वह दोबारा इस कार्य को करने की हिम्मत न कर सके। नशा अपराधों का बहुत बड़ा कारण है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में चोरी की बढ़ती हुई घटनाएं चिंताजनक हैं। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थिति अधिक गंभीर है। चोरी में सक्रिय बाहर की गैंग तथा स्थानीय गैंग पर कार्यवाही करें।अपराधों पर नियंत्रण के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करें। पुलिस अधिकारी मातहतों द्वारा की जा रही कार्यवाही पर कड़ी निगरानी रखें।अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए कठोर कदम उठाएं जिससे आमजनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा बहुत तेजी से विकसित हो रहा है,लेकिन शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। यातायात को ठीक किए बिना शहर का सौन्दर्य नहीं बढ़ेगा।यातायात पुलिस तथा नगर निगम मिलकर यातायात व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करें। आटो के लिए स्थान निर्धारित करें। पार्किंग तथा ठेले वालों के लिए स्थान तय करें।आटो यूनियन के साथ बैठक करके उनकी उनसे भी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के संबंध में सुझाव लें।यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दो माह तक लगातार प्रयास करें।व्यवस्थाएं ठीक करने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही भी करें।बैठक में आईजी एमएस सिकरवार ने जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी दी।बैठक में 14 स्थानों पर आटो स्टैण्ड बनाने, सड़कों से अवैध कब्जा हटाने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के आटो के अलग-अलग चिन्हांकन तथा यातायात पुलिस एवं नगर निगम द्वारा मिलकर निगरानी का सुझाव दिया गया। बैठक में पुलिस लाइन में पानी की टंकी तथा विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमि निर्धारण पर भी चर्चा की गई।बैठक में,कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड,डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे,आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन,पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेन्द्र जैन,अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एडीएम सपना त्रिपाठी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर तथा विवेक लाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शास्त्रार्थ में गोविन्दानन्द पराजित और डा परमेश्वरनाथ मिश्र विजयी घोषित

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव

संवाददाता भानु प्रताप राय ??



जिस किसी को भी यह अभिप्रेत हो जयपत्र

श्री गोविंदानंद सरस्वती स्वामीजी ने जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज को मठाम्नाय महानुशासनम् के अनुसार अयोग्य बताते हुए उनका समर्थन करने वाले काशी के विद्वानों को मठाम्नाय महानुशासनम् पर शास्त्रार्थ करने के लिए चुनौती दी थी । श्री गोविंदानंद सरस्वती स्वामीजी की चुनौती को स्वीकार करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जी के मुख्तारेआम श्री राजेन्द्र मिश्र द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के माध्यम से विश्ववविश्रुत विद्वान श्री रामजन्मभूमि विवाद में माननीय हाईकोर्ट इलाहाबाद तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय भारत में ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य महास्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की संस्था श्री रामजन्मभूमि पुनरुद्धार समिति की ओर से 30 सम्पूर्ण दिनों तक 500 से अधिक पुस्तकों से प्रमाण प्रस्तुत कर बहस कर हिंदुओं को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉ0 पी0 एन0 मिश्र 'मंडन मार्तंड' ने उनकी चुनौती को स्वीकार करते हुए शास्त्रार्थ के लिए उन्हें 3 विकल्प दिया था । एक विकल्प के अनुसार शीघ्र शास्त्रार्थ हेतु श्री गोविंदानंद सरस्वती स्वामीजी को श्री मिश्र जी को कोलकाता से वाराणसी आवा-गमन तथा वाराणसी में होटल में प्रवास की उचित व्यवस्था करके वाराणसी बुलाना था परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया बल्कि श्री गोविंदानंद सरस्वती स्वामीजी के स्रोतों से ही ज्ञात हुआ है कि वे वाराणसी से अन्यत्र चले गए हैं ।

वाराणसी शास्त्रार्थ हेतु मुझे निर्णायिका के रूप में नामित किया गया था। वाराणसी में शास्त्रार्थ हेतु आवश्यक शर्तों का परिपालन किये बिना श्री गोविंदानंद सरस्वती स्वामीजी द्वारा वाराणसी से पलायन कर जाने के कारण मैं निर्णायिका श्रीमती रेखा मिश्र एतद्द्वारा श्री गोविंदानंद सरस्वती स्वामीजी को पराजित और डॉ0 पी0 एन0 मिश्र 'मंडन मार्तंड' जी को विजयी घोषित करती हूँ।

विदित हो कि श्री मिश्र जी श्री गोविंदानंद सरस्वती जी को दूसरा अवसर देने के पक्षधर हैं । उनके द्वारा पूर्व में दी गई शर्त के अनुसार यदि आज श्री गोविंदानंद सरस्वती जी शंकर मठ हावड़ा में उपस्थित होकर उनसे शास्त्रार्थ नहीं करते हैं तो यहाँ के निर्णायक डॉ0 प्रज्ञानानंद सरस्वती स्वामी जी महाराज, व्याकरणाचार्य, वेदांततीर्थ, शास्त्रचक्रवर्ती (बी.एच.यू. की पी.एचडी. उपाधि) उन्हें पराजित घोषित कर देंगे। और यदि वे आते हैं तो शर्त के मुताबिक विमान से कोलकाता और वहाँ से वाहन द्वारा हावड़ा शंकरमठ आने-जाने के मार्गव्यय का भुगतान श्री मिश्र जी करेंगे। आवासीय व्यवस्था शंकरमठ में ही रहेगी।

राज्य मंत्री गौतम टेंटवाल ने किया 10 लाख की लागत से बनने वाले भवन का भूमि पूजन

आज ग्राम पंचायत संडावता में कुशवाह महोल्ला में विधायक निधि से निर्मित श्री राम मंदिर परिसर में 10 लख रुपए की लागत से बनाने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने किया इस अवसर पर समाज ह्यद्द1द्वह्र लक्ष्मण कुशवाह रसिया ने एवं पटेल पुत्र कमल कुशवाह ने मंत्री का तिलक लगाकर हार फूल से स्वागत किया इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कैलाश नागर, जिला पंचायत सदस्य प्रति निधि रामलाल खटक, मंडल घनश्याम नागर, वरीष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश टेलर, समाज सेवी सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर पालीवाल वरीष्ठ भाजपा नेता पूर्व सरपंच यश्वन्त मोरे अजय पालीवाल भाजपा के मंडल महा मंत्री भगवान सिंह गुर्जर महा मंत्री सिधनाथ वर्मा सभी मोर्चे के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डूंगर सिंह कुशवाहा , राजगढ़ कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमृतलाल कुशवाहा नरसिंहगढ़, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुशवाहा कुरावर पूर्व जिला अध्यक्ष राजगढ़ एवं युवा राष्ट्रीय सचिव देवीलाल कुशवाहा, गोकुल कुशवाह,, मंगिलाल कुशवाह पडा जी,समाज सेवी मोहन कुशवाह, , दिनेश कुशवाह बूथ अध्यक्ष सुरेश कुशवाह,, विनोद कुशवाह,, अनिल कुशवाह, सुरेश कुशवाह, राजेश कुशवाह,सहित गांव के वरिष्ठ जन एवं सभी भाजपा के वरिष्ठ जन सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे ।

ओ पी एम उद्योग का सुरक्षा विभाग और प्रॉपर्टी विभाग अवैध कब्जा रोकने में नाकाम साबित हो रहा है

सोडा कास्टिक यूनिट के जीएम एवं सुरक्षा अधिकारी के नाम के नीचे हो रहा कंपनी की भूमि पर कब्जा।

संभागीय ब्यूरो अखण्ड प्रताप सिंह केसरिया हिंदुस्तान

शहडोल।कागज कारखाना ओरिएंट पेपर मिल अमलाई इन दिनों मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विन लड्ढा की निरंतर निगरानी में उद्योग के उत्पादन को लेकर नए आयाम स्थापित कर रहा है दूसरी ओर मैनेजिंग डायरेक्टर की उपस्थिति एवं निगरानी होने के बावजूद उद्योग के प्रॉपर्टी विभाग जिनका उद्योग की चल एवं अचल संपत्ति देखरेख एवं निगरानी करना है लेकिन प्रॉपर्टी विभाग के अधिकारी मिस्टर लखेरा एवं अरविंद मोदी के द्वारा उद्योग की निजी स्वामित्व की भूमि पर जो की नगर परिषद बरगवां के वार्ड क्रमांक 03 में धोबी टंकी के पास स्थित तलैया में हो रहे कंपनी के बिना सहमति के कार्य एवं गहरी करण अवैध कब्जा को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे हैं यही नहीं इनके द्वारा ड्ड1 टाइप कॉलोनी सोडा कास्टिक यूनिट की भूमि पर भी कब्जा कराया गया। 1961 ड्ड 62 में निर्माणाधीन ओरिएंट पेपर मिल का ओपीएम कैप जहां की भूमि पर बाउंड्री वॉल होने के बावजूद भी अवैध रूप से कब्जा करके स्टेज वह मकान व दुकान निर्मित किए गए हैं। साथ ही उद्योग की आसपास की गई कई ऐसी भूमि है जिन पर अवैध कब्जा करके लोगों के द्वारा भवन मकान एवं दुकान एवं होटल संचालित हो रही है इसके पीछे किसका हाथ है यह खुलासा अभी तक नहीं हो पाया था किंतु सोडा कास्टिक यूनिट के जी एम अविनाश वर्मा एवं सुरक्षा अधिकारी रामगोपाल उरमालिया की सह पर कंपनी प्रबंधन की निजी स्वामित्व की भूमि पर अवैध कब्जा कराए जाने का आरोप लग रहा है इसी प्रकार ओरिएंट पेपर मिल कागज कारखाना के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर मनजीत सिंह एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर पीके सिंह जिनके द्वारा उद्योग के सुरक्षा को लेकर बड़ी-बड़ी डींग हांकी जाती है वह इनके द्वारा उद्योग प्रबंधन के द्वारा सौंप गए उत्तरदायित्व सुरक्षा को लेकर नाकाम साबित हो रहे हैं। कारण यह है कि इनके नाक के नीचे कंपनी की निजी भूमि पर कहीं भी किसी के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया जा रहा है जिस पर उनकी चुप्पी साधने के पीछे क्या राज छिपा है उसका जवाब यह स्वयं ही दे पाएंगे।

तालाब गहरीकरण एवं साफ सफाई के संबंध में जब सोडा कास्टिक यूनिट के जीएम अविनाश वर्मा से मोबाइल नंबर पर बात की गई और पूछा गया की आपके द्वारा नगर परिषद को यह भूमि डोनेट की गई है इस कार्य में आपकी सहमति है क्या इस कार्य के लिए आपके उद्योग के द्वारा एन ओ सी जारी किया गया है या फिर लिखित या मौखिक रूप से कोई दस्तावेज तैयार किए गए हैं।इस पर टाल मटोल करते हुए जीएम अविनाश वर्मा के द्वारा यह कहा गया कि हमारी कोई सहमति नहीं है इनके द्वारा कार्य किया जा रहा था जो हमने रोक दिया है जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है निरंतर तीन दिनों से तालाब गहरीकरण का कार्य चल रहा है ऐसे में सोडा कास्टिक यूनिट के सुरक्षा अधिकारी और जीएम की मिली भगत से हो रहा है। इस संबंध में ओरिएंट पेपर मिल कागज कारखाना अमलाई के जीएम एचआर फैक्ट्री मैनेजर आलोक श्रीवास्तव से उनके नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया और इस प्रकार कंपनी की निजी स्वामित्व की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य एवं तालाब गहरीकरण के विषय में जानकारी दी गई तो उनके द्वारा रॉन्ग नंबर बताकर मोबाइल को कट कर दिया गया ऐसे में प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं अपनी कमियों को छुपाने के लिए उद्योग के इन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा उनकी नजरों के सामने कागज कारखाना ओरिएंट पेपर मिल की भूमि पर इनकी सा एवं सुरक्षा व्यवस्था में यह कार्य संपादित हो रहे जो कि संदेह के घेरे में है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नृसिंह मंदिर से चलाया जागरूकता

ग्रामीण षेत्र मै किया वृक्षा रोपण

ग्रामीण जल संवर्धन अभियान को संबोधित करते मंत्री गोतम टेटवाल

शुक्रवार को नरसिंह मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री टेटवाल ने हुए कहा की यदि कल सुरक्षित रखना है तो जल का अपव्यय नहीं करते हुए जल को संगृहीत करने की

दिशा मे प्रयास करने होंगे। प्राचीन जल स्त्रोत कुए, बावडिया, नदी, नाले एवं तालाब को पुनर्जीवित करते हुए इनमें बारिश का पानी संगृहीत करना होगा। जल-स्त्रोत की साफ सफाई आवश्यक है। नगर की कीर्तन मंडली, विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत, राजस्व अमला नगरवासियों के साथ अधिक से अधिक पौधे रोपकर उन्हे वृक्ष बनाए । वही राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने इस अवसर पर नृसिंह मन्दिर परिसर मै साफ सफाई कर ग्रामीण षेत्र मै वृक्षा रोपण कर संदेश दिया इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कैलाश नागर, जिला पंचायत सदस्य प्रति निधि रामलाल खटक, मंडल घनश्याम नागर, वरीष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश टेलर, समाज सेवी सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर पालीवाल वरीष्ठ भाजपा नेता पूर्व सरपंच यश्वन्त मोरे अजय पालीवाल भाजपा के मंडल महा मंत्री भगवान सिंह गुर्जर महा मंत्री सिधनाथ वर्मा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवीलाल कुशवाह सभी मोर्चे के अध्यक्ष जी,समाज सेवी मोहन कुशवाह, , दिनेश कुशवाह बूथ अध्यक्ष सुरेश कुशवाह,, विनोद कुशवाह,, अनिल कुशवाह, सुरेश कुशवाह, राजेश कुशवाह,सहित गांव के वरिष्ठ जन एवं सभी भाजपा के वरिष्ठ जन सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे ।

मांस, मनुष्य का भोजन नहीं है, बाबा उमाकान्त जी महाराज ने समझाए शाकाहारी व मांसाहारी जीवों में प्राकृतिक अंतर

सबसे बड़ा कब्रिस्तान- मांसाहारियों का पेट, न जाने कितने जीव हो गए दफन

करनाल (हरियाणा)प्रकृति के नियमों को सरल शब्दों में समझा कर मनुष्य को आगामी कुदरती कहर से बचाने वाले, इस समय के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि दुनिया की चीजें प्रकृति, कुदरत (भगवान) ने आदमी के फायदे के लिए बनाई है। नदी तालाब बनाया। उसमें शुद्धता के लिए मछली को बना दिया। कोई मुर्दा, बकरा, मुर्गा या पेशाब-टट्टी का टुकड़ा डाल दो तो मछली खाती है। गिद्ध और कौवे का भोजन मछली है। स्वास्थ्य सही रखने के लिए सूरज निकलने से पहले उठना फायदेमंद होता है। सूकरी लेट्रिन साफ करके चली आती थी। तो यह उन्हीं के लिए बनाया है। जब ऐसे जानवर मर जाते थे तो गिद्ध, कौवा, पक्षी, कुत्ता आदि जो मांसाहारी है, उनको खाते थे। मांसाहारी और शाकाहारी दोनों तरह के जानवरों की पहचान अलग-अलग कुदरत ने बना दिया है, और आदमी की पहचान अलग है।

कुदरती पहचान

कुत्ता, बिल्ली, शेर आदि मांसाहारी जानवरों की आंखें गोल, चमकीली होती है। अंधेरे में आपको दूर तक नहीं दिखेगा लेकिन इनको रात में दूर तक दिखाई पड़ता है। बड़ा जानवर, छोटे को खा जाता

है जैसे शेर खा जाता है। आहार, आहार के लिए इनको बनाया गया है। आदमी की आंखें लम्बी होती है। इन जानवरों के बच्चों की आंखें तीन-चार दिन बाद खुलती है। इनका मुंह भी साफ करने में कुछ समय लगता है। इनकी माँ चाट-चाट के गंदगी को हटाती है तब मुंह साफ होता है उसके बाद बच्चे दूध पीना शुरू करते हैं। मनुष्य के बच्चे की आंख, मुंह पैदा होते ही खुल जाते हैं, तभी जोर से चिल्लाता, रोता है। जानवर और कीड़े जल्दी आंख नहीं खोल पाते हैं। बिच्छू, बच्चा देने के बाद दूसरा बच्चा नहीं देती है। कलयुग के प्रथम सन्त कबीर साहब ने बहुत समझाया, कहा- कबीर गुरु की भक्त बिन, राजा गधा होए, माटी लदे कुम्हार की घास न डाले कोए। कबीर गुरु की भक्त बिन, नारी कुकरी होए, गली गली भूकत फिरत, थूक न डाले कोई।

मांसाहारी और शाकाहारी जीवों में भिन्नताएं

मांसाहारी जानवरों का दांत एक बार जमता है और जीवन भर रहता है। मनुष्य के बच्चे का दांत एक बार जमता, निकलता है, फिर बाहर हो जाता है फिर दूसरा मुंह में जमा होता है। चाहे घोड़ा, गधा कोई भी शाकाहारी जानवर हो, (सामने) मांस डाल दो, सूँघ करके छोड़ देते हैं। आदमी भले ही कुछ न सूंघे, सब खाता दबाता चला जाए, लेकिन वह छोड़ देते हैं। शाकाहारी के, आदमी के भी दांत चपटे होते हैं। मांसाहारियों के दांत नुकीले होते हैं। बाहर से पहचान के लिए कुदरत ने बाहर निकले दो दांत बना दिए। यह मांसाहारी होते हैं। उनमें जबड़ा, जिसमें से दांत निकलता है, वो नहीं होता है। इसलिए आदमी जिसके जबड़ा होता है, वो मुंह (दाएं-बाएं) घुमा करके खा लेता है। आसमान को मांसाहारी (ऐसे मुंह उपर उठा कर) नहीं देख सकते हैं। बैठे-बैठे आदमी पीछे मुंह करके गर्दन घुमा करके देख सकता है। आदमी मुंह बंद करके खा सकता है। मांसाहारी जानवर मुंह बंद करके खा नहीं सकते हैं क्योंकि इनका मुंह ऊपर-नीचे ही होता है। यह तो नोचे, चप-चप खोदे, खाए और निगल गए। पानी कम पीते हैं। जैसे कुत्ते को गर्मी के महीने में पानी नहीं मिलता है तो जीभ बाहर निकालता-अंदर करता है। हवा में मौजूद नमी से पानी ले लेते हैं। आदमी को पानी की ज्यादा जरूरत पड़ती है। मनुष्य को पसीना ज्यादा आता है। उनको पसीना नहीं आता है। मांसाहारी के बच्चे पेट में जल्दी बनकर पैदा हो जाते हैं। मनुष्य के बच्चे 9 महीने मां के पेट में बनकर के बाहर निकलते हैं। तो यह सब पहचान है। तो जीवों पर दया करो, शाकाहारी बनो और बनाओ।

केंद्रीय राज्यमंत्री का प्रथम धार नगर आगमन पर कार्यकर्ताओ ने भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9424075866

धार - आजादी के बाद धार महू लोकसभा से पहली बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिली है केंद्र सरकार में धार महू सांसद सावित्री ठाकुर की महिला एवं बाल विकास विभाग में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाया गया है। केंद्र सरकार में राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद पहली बार शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र में प्रथम धार नगर आगमन पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भाजपा कार्यकर्ता एवं धार नगर की जनता ने भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया धार नगर में प्रवेश होते ही मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर के नेतृत्व में जेतपुरा में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमति ठाकुर की अगवानी की गई एवं भव्य स्वागत किया गया इसके बाद कैलाश नगर में किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोदिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया उसके बाद पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष निलेश राठौड़ व अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सिंह फकीरा के नेतृत्व में मोर्चे के कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार के नेतृत्व में भी स्वागत किया उसके बाद धार विधायक नीना वर्मा के नेतृत्व में धार विधानसभा की ओर से स्वागत किया गया महिला मोर्चा की ओर से त्रिमूर्ति चौराहे पर स्वागत किया गया युवा मोर्चा की ओर से भी स्वागत किया गया इसी के साथ अनेक मंचो से भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया भाजपा कार्यकर्ताओं में इतना उत्साह था की समय से 4 घण्टे लेट आने पर भी कार्यकर्ताओ में अपार उत्साह देखने लायक था कार्यकर्ताओ ने अपार उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया । इसके बाद निजी गार्डन में मंचीय कार्यक्रम भी हुआ गरिमामय कार्यक्रम में मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा, धार विधायक नीना वर्मा, धरमपुरी विधायक कालूसिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी,भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभु राठौर, विनोद शर्मा, दिलीप पटोदिया, खेमराज पाटीदार भाजपा जिला पधाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे मंचीय कार्यक्रम की शुरुवात भारतमाता एवं भाजपा के पितृ पुरुषो के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने दिया उसके बाद धार विधायक नीना वर्मा ने भी संबोधित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है में आप सभी के स्वागत से में अभिभूत हु । हमारे धार जिले का देश में नाम करने वाले वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा का में सम्मान करती हु और उनके मार्गदर्शन में जिले प्रदेश और देश के लिए काम करूंगी । देश की आधी आबादी महिला की हे और मुझे महिलाओं के लिए काम करने का मोका मिला है। में मोदी जी के नेतृत्व में महिला शक्तिकरण के लिए काम करूंगी कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़ किया । भाजपा जिला धार की ओर से सम्मान पत्र का वाचन जिला उपाध्यक्ष निलेश भारती ने किया । उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

प्रमुख सचिव के आदेश को ठेगा.. पटरा नुमा रिब लगा सड़को पर दौड़ रहे रेत के ओवरलोड वाहन

गजेंद्र परिहार

शहडोल। अजब गजब है हमारा शहडोल और शहडोल के विभिन्न विभाग खैर ताजा तरीन मामला शहडोल खनिज विभाग का है जहां प्रमुख सचिव खनिज विभाग द्वारा हाल ही में निर्देश जारी किए गए थे की रेट परिवहन में ओवरलोड चल रहे वाहनों पर कार्यवाही की जाए.. और जिन ट्रांसपोर्टर द्वारा वाहनों में ऊपर पटरा फिट से लेकर 2.5 फिट तक के रिब नुमा पटरा लगे हैं उन पर कार्यवाही की जाए ताकि ओवरलोड रेट का परिवहन सड़क पर ना हो और सड़क समय से पहले ही क्षतिग्रस्त ना हो लेकिन कहते हैं ना की कुछ आदेश काजू तक ही सीमित रह जाते हैं ऐसा ही हुआ इस आदेश के साथ।

लगभग एक डग्गी ओवरलोड माल

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल और बुढार खैरहा के कुछ वाहन स्वामियों ने अपने आधा दर्जन से अधिक हाईवा और ट्रैकों में एक फिट से लेकर 2.5 फीट चौड़ाई तक की रिब अर्थात पटरा लगवा रखा है, और उन गाड़ियों में जब वे वाहन स्वामी रेत लेने किसी खदान में भेजते हैं तो लगभग उसे हाईवा में 1 मिनी ट्रक जितनी रेत लगभग 180 फिट रेत अतिरिक्त मिलती है जिसे बाजार में डायरेक्ट से कई गुना दाम पर बेचा जाता है और यह खेल कई महीनो से चल रहा है।

कटिंग में बिकती है ओवरलोड रेत

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति हाईवा में लगभग 200 फिट रेत ओवरलोड शहडोल जिला मुख्यालय सहित बुढार,खैरहा,धनपुरी,सिंहपुर और मुख्यालय व अन्य क्षेत्रों में पहुंच रही है जहां वाहन स्वामी पहले ही लगभग 180 फिट रेत काट कर अलग कर लेते हैं और बाकी की रेत ग्राहक को बेंच दी जाती है और लगभग 180 फिट रेत की क्वांटिटी को मिनी ट्रक या ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ग्राहकों तक अलग से रकम लेकर पहुंचाया जाता है इसके अलावा शहडोल जिला मुख्यालय में तीन से चार रेत कारोबारी हाईवे को डग्गी में कन्वर्ट कर डग्गी से रेत सप्लाई कर रहे हैं।

आखिर कब होगी कार्यवाही

परिवहन विभाग के मापदंडों के अनुसार हाईवा की बॉडी बनाई जाती है तो वहीं कुछ वाहन स्वामी पैसे की लालच में निर्धारित मापदंड के विरुद्ध अलग से रिब अथवा पटरा लगवा लेते हैं जो की पूर्णता गैर कानूनी है नियम अनुसार परिवहन एवं पुलिस विभाग को इन पर कार्यवाही करने का अधिकार है, तो वहीं खनिज विभाग को भी रिब लगा रेत परिवहन कर रहे भारी वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए थे लेकिन यह निर्देश ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया गया आंकड़ों के अनुसार यदि सभी वाहनों से रिब निकाल दी जाए तो प्रतिदिन शासन को लगभग 80 लाख से एक करोड़ 20 लाख रुपए की राजस्व का फायदा मिलेगा।

असवारी में नियम विरुद्ध संचालित पत्थर खदान, खनिज विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल

गोहपारू बोल्डर खदान में खनिज के कायदे रौंद रहे क्रेशर संचालक

शहडोल। शहडोल में खनन माफिया की कमी थी क्या जो दमोह और सागर से आए खनन माफियाओं ने शहडोल में अपना कब्जा जमा लिया जी हां जी क्रेशर को और खदान को तत्कालीन कलेक्टर सत्येंद्र सिंह द्वारा सीज कराया गया था उसे क्रेशर पर असवारी के क्रेशर संचालक ने पुनः अपना कब्जा कर लिया है, अब कहने को तो तिवारी जी बोल्डर या तो खरीद रहे होंगे या गोहपारु के असवारी स्थित अपने बोल्डर खदान से खुदवा रहे होंगे लेकिन यह बात सिर्फ कहने की है सूत्रों का कहना तो यह है कि जिस खदान और जिस क्रेशर को सीज किया गया था जिला प्रशासन को चुनौती देकर कथित तिवारी जी वहीं पर पुनः खनन कर रहे हैं। हालांकि एक वक्त तिवारी जी का खूब जलजला था दो नंबर वाले साहब से तिवारी जी की पटती थी और उन्होंने उस वक्त खूब खेल खेले कभी कभी अपने क्रेशर के पड़ोस में लगे दादा के क्रेशर से जा रही गिट्टी जप्त कराई तो कभी पेट्रोल पंप से लगे गोहपारू मुख्य मार्ग के दादा भाई के क्रेशर की गाड़ियां जप्त कराई।

बोदाटोला में चालू नया खेला...

जिला प्रशासन द्वारा टीम भेज कर जी क्रेशर को लगभग 3 वर्षों पूर्व सीज कर कार्यवाही की गई थी उसी क्रेशर को कथित क्रशर संचालक द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पुणे चालू कराया गया था जिस पर कोबरा की खबर पर संज्ञान लेकर तत्कालीन कलेक्टर वंदना वेद ने खनिज निरीक्षक प्रभात पट्टा को भेज कर क्रेशर को पुनः सीज करने की कार्यवाही की थी तब से क्रेशर के मूल संचालक के हौसले पस्त बचाए जा रहे थे लेकिन प्रशासन से पंगा लेने और कलेक्टर से दो दो हाथ करने की जो कथित गोहपारू के माफिया ने जो ठानी क्रेशर का संचालन पुन प्रारंभ हो गया अब देखना यह होगा की कार्यवाही क्या होगी। हालांकि तिवारी जी बॉर्डर के लिए कभी शहडोल के महाराज का नाम खराब करते हैं तो कभी कोई और बहना बताते हैं।

बोल्डर खदान की हो जांच

जानकार सूत्रों की माने तो असवारी में कथित तिवारी जी की खदान न सिर्फ लीज से बाहर जा चुकी है अपितु डीजीएमएस के कायदो के भी परे है तो वही खदान की गहराई उत्खनन किए गए बोल्डर की मात्रा सहित वृक्षारोपण ना करना ग्रीन परदे ना लगवाना, फेंसिंग बाउंड्री वॉल ना होना जैसे मापदंडों की कार्यवाही खनिज विभाग को करनी चाहिए। इसके अलावा गोहपारू जयसिंहनगर में संचालित अन्य क्रेशर संचालकों द्वारा भी नियमों को धता बताया जा रहा है पर भी कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए अब देखना यह होगा कि संवेदनशील कलेक्टर अवैध पत्थर खनन नियमों को धता बताने के मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

पुरातत्व विभाग के कर्मचारी ने दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से वसूला जुर्माना, पुलिस ने लौटाए

शहडोल। संभागीय मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक विराट मंदिर में उमरिया जिले से दर्शन करने आए दो दर्शनार्थियों से वहां मौजूद पुरातत्व विभाग के कर्मचारी ने जुर्माने के नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूल लिए। मामला पुलिस तक पहुंचा तो कर्मचारी ने रुपये वापस कर दिए। मामला शनिवार का है। उमरिया जिले से एक किशोर व किशोरी दर्शन के लिए विराट मंदिर आए थे। दर्शन करने के बाद दोनों अपने मोबाइल से मंदिर परिसर मे सेल्फी ले रहे थे। मंदिर मे तैनात पुरातत्व विभाग का अरविन्द तिवारी नामक कर्मचारी उनके पास आया। दोनों दर्शनार्थियों को डराने-धमकाने लगा। सेल्फी खींचने के एवज में दोनों को डरा-धमकाकर पांच सौ रुपये फाइन के नाम पर ऐंठ लिए। कोई रसीद भी नहीं दी। हालकि दोनों कहते रहे कि उनके पास केवल इतने ही रुपये हैं। अगर वो ये पैसे दे देंगे तो उनके पास घर जाने के लिए बस का किराया भी नही बचेगा। पुरातत्त्व विभाग के कर्मचारी ने उनकी एक बात भी नही सुनी। पांच सौ रुपए अवैध रूप से वसूले। इसके बाद दोनों दर्शनार्थी निराश होकर बाहर बाणगंगा चौराहा स्थित एक दूकान पहुचे। उन्होंने दुकानदार से कहा कि वह उन्हें सौ रुपए नगद दे दे इसके एवज में वह उसके फोन पे नम्बर पर अपने मित्र से सौ रुपये डलवा रहे हैं। इस बात को सुनकर दुकानदार ने दर्शानार्थियों से पूछा कि आखिर तुम इतनी दूर से आए हो और तुम्हारे पास घर जाने का किराया तक नही है। इसके बाद उन्होंने दुकानदार को सारा घटनाक्रम बताया। जुर्माने के नाम पर की गई वसूली के बारे में भी बताया। तब मामला थाने पहुंचा और उन्हें अपने पैसे वापस मिल सके। इस बात की जानकारी सोहागपुर थाना को दी गई। कुछ ही देर में वहां पुलिस पहुंच गई। इसके बाद दर्शनार्थियों से पूछताछ के बाद विराट मंदिर मे तैनात पुरातत्त्व विभाग के कर्मचारी अरविंद तिवारी को वहां बुलाया गया। पैसे लिए जाने की बात कबूल करने के बाद उसे पुलिस ने जमकर फटकार लगाई। रुपये वापस करने को कहा। इसके बाद कर्मचारी ने दर्शनार्थियों को पांच सौ रुपये लौटाए। यह मामला सामने आया तो रुपये लौटा दिए गए। सवाल यह उठ रहा कि मंदिर परिसर मे मौजूद उक्त कर्मचारी ने न जाने अब तक कितने लोगो से इसी तरफ जुर्माने के नाम पर रुपये ऐंठ गए होंगे। इसकी जांच आवश्यक है।

दुकान से चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल। फरियादी दिनेश प्रसाद मिश्रा पिता भैयालाल मिश्रा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा थाना जयसिंहनगर जिला शहडोल का लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि गुरूवार को मैं शाम को शासकीय उचित मूल्य दुकान में ताला बंद कर अपने घर चला गया था। जब शुक्रवार को घर से अपने शासकीय उचित मूल्य दुकान करकी आया देखा तो गेट का दरवाजा टूटा था अन्दर रखा 04 बोरा गेंहू नहीं था। प्रत्येक बोरा में स्पलाई कोर्पोरेशन लि0 जिला शहडोल क्रमाक न. 2314 सेवा सहकारी समिति मर्यादित खैरा लेख की पर्ची लगी हुई है। प्रत्येक बोरा में 50 के.जी. गेहूं कुल 02 कुन्टल कीमती 4800/रू. का दरमयानी रात कोई अज्ञात चोर शासकीय उचित मूल्य दुकान करकी का दरवाजा तोडकर अन्दर घुसकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर दौरान विवेचना आरोपी दादू उर्फ पवन बैगा पिता राजेश बैग उम्र 24 वर्ष एंव रामप्रकाश खटित पिता स्व. रामगरीब खटिक उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी करकी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो घटना घटित करना जुर्म स्वीकार किये चोरी किये माल 04 बोरा गेहूं कुल 02 कुन्टल कीमती 4800/रू का बरामद कराये जिन्हे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जयसिंहनगर पेश किया गया है।

पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बुढार क्षेत्रांतर्गत शुक्रवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अमलाई चौक में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर उक्त स्थान पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति सट्टा पर्ची काटते हुए मिला जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शंकर केवट पिता रमेश केवट उम्र 54 वर्ष निवासी बुढार का होना वताया। जिसकी तलासी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 270/-रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

तेज आंधी तूफान से 11 हजार केवी का टूटा तार, खेत में गिरने से दो मवेशियों की मौत

पुलिस ने संभाला मोर्चा, लोगों को घटनास्थल से किया दूर

शहडोल। जैतपुर थाना क्षेत्र के साखी मौहार टोला में शनिवार की सुबह तेज आंधी तूफान से 11 हजार केवी का तार टूट कर खेत में गिर गया। जिसकी चपेट में दो मवेशी आ गए और मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशी चरा रहे लोग दूर थे, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया है। मामले की जानकारी डायल 100 को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को घटनास्थल से दूर किया। साथ ही पुलिस ने बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को भी सूचना दी है लेकिन दो घंटे बीतने के बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारी कर्मचारी अब तक मौके से नदारद हैं। पुलिस ने मोर्चा संभाला हुआ हैं और घटना स्थल पर किसी को भी जाने की इजाजत नहीं दे रही है, क्योंकि बिजली की तार में अभी भी करंट फैला हुआ है। वहीं ग्रामीणों का कहना कि यह तार काफी दिनों से नीचे झूल रहा था और बिजली के पोल में अच्छे से फंसा नहीं था। आए दिन हवाओं के साथ तार हिलता था। पूर्व में लोगों ने मामले की खबर बिजली कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों को दी थी लेकिन बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे दो जानवरों की मौत हो गई है। जैतपुर थाना प्रभारी राम कुमार ने बताया कि सुबह-सुबह की घटना है, डायल 100 को खबर लगने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है। इसके साथ ही बिजली कंपनी को जानकारी दी गई है और कनेक्शन कटवाया जा रहा है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

जमकर लगाई गई अधिकारियों को फटकार

चुनाव बाद सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। लेखपाल रामकुमार के कार्यों में लापरवाही व राजस्व मामलों को अधिक समय तक लम्बित रखने व ससमय निस्तारण न करने पर बर्खास्त करने की चेतावनी देते हुये कहा कि यदि लम्बित प्रकरण समय से निस्तारित न किये तो बर्खास्तगी के लिये तैयार रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 32 शिकायतों में से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 68 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 65 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील लहरपुर में प्राप्त 33 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 43 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में चले ईंट पत्थर पुलिस सिपाही का सर फूटा दोनों पक्ष थाने पर मौजूद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

हरगांव सीतापुर । हरगांव थाने के अंतर्गत एक गांव में मामूली सी बात को लेकर हुए विवाद में शनिवार को अचानक आमने सामने आ गए। सूचना पाकर मौके पर हरगांव थाने की पुलिस चौकी ककराही के सिपाही भी पहुंचे।जहां आकस्मात अचानक दोनों पक्षों में ईंट पत्थर चलने लगे। जिससे एक सिपाही घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाने के ग्राम मोहरसा में वर्षों से एक मेला लगता है।जिस मेले में दूर दूर से दुकानदार आते है।गुरुवार की रात में एक दुकानदार विपिन निवासी लहरपुर जो लइया चना की दुकान मेले में लगाए हुए था को लेकर प्रधान प्रतिनिधि अच्छन खां व पूर्व प्रधान मुन्ना खां के बीच विवाद हो गया था।जिसको लेकर पुलिस चौकी ककराही प्रभारी बिनोद कुमार सिंह ने हरगांव थाने को सूचित भी कर दिया था।मगर हरगांव थाने की हीलाहवाली के चलते समुचित कार्रवाई नही की गई। जिसके परिणामस्वरूप आज शनिवार को अचानक पुरानी मामूली सी बात को लेकर उक्त दोनों पक्ष एक बार फिर आमने सामने आकर विवाद करने लगे।जिसकी सूचना पाकर पुलिस चौकी ककराही का सिपाही सुभाष वर्मा अपने अन्य सिपाहियों के साथ बीच बचाव को पहुंचा।मगर तभी अचानक दोनो तरफ से ईंट पत्थर चलने लगे।जिससे दोनों पक्षों से कई महिला पुरुष घायल हो गए। एक पत्थर लगने से सिपाही सुभाष वर्मा भी घायल हो गया।सूचना पाकर पहुंची हरगांव थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने पर बैठा दिया है।घायल सिपाही सुभाष वर्मा की तहरीर पर दोनो पक्षों के छब्बीस नामजद व तीस अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

विवाद की सूचना पर पहुची पुलिस ने मामले को सुलझाने का प्रयास

किया इसी बीच किसी तरह से सिपाही सुभाष को चोट लग गई। जिसका उपचार स्थानीय सामुदायिक

स्वास्थ्य केन्द्र पर कराया जा रहा है। इस मामले में दोनो पक्षों से तहरीर दी गई है हरगावं

पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज कर लिया गया है

सतीश चन्द्र शुक्ल
सीओ सदर

शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये बकरीद-डीएम

सीतापुर । जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग खुले स्थानों में नमाज अदा न करें, जिससे आवागमन में आम जनमानस को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जायें। शांति को बनाये रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, आप सभी से सहयोग अपेक्षित है। पानी, बिजली, मार्ग आदि समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बकरीद के त्योहार में साफ-सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा। खुले स्थानों में कुरबानी न की जाये, जो स्थान चिन्हित हैं, उन स्थानों पर कूड़ादान रखे जायें। प्लास्टिक का उपयोग न किया जाये, उसके स्थान पर डिस्पोजल का प्रयोग किया जाये। कुरबानी के उपरान्त जो भी वेस्ट बचे उसको गढ्ढे में दबा दिया जाये। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कहा कि आगामी त्योहारों पर सभी का सहयोग अपेक्षित है। सीतापुर जनपद में किसी भी त्योहारों में अप्रिय स्थिति नही आयी है, इससे सीतापुर का नाम जाना जाता है। आपसी सहयोग से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनायें। उन्होंने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं है उनका निस्तारण किया जायेगा। कुर्बानी के दिन मलबे को उठाने हेतु नगर पालिका से गाड़ियां आयेगी, निरन्तर साफ-सफाई करायी जायेगी। कोई भी व्यक्ति भड़काऊ भाषण न दें, जिससे सौहार्द बिगड़े। सौहार्द बिगाड़ने वाले के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसा कोई पोस्ट प्रसारित न किया जाये, जिससे किसी समुदाय, व्यक्ति विशेष की भावनाओं ठेस पहुंचे, ऐसा करने वाले के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये धर्मगुरू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । 15 जून से 21 जून तक उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का आयोजन पूरे उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है। उक्त क्रम में जनपद के विकास खण्ड ऐलिया में खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने विकास खण्ड परिसर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के सहयोग स्वागत योग कार्यक्रम का आयोजित किया।

प्रणायाम से शुरु करते हुए मंडूक आसन, कपाल भाति, अलोम-विलोम, सिंघासन आदि के आसन कराएं। खण्ड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 15 जून से 21 जून तक अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मेरी सभी लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग योग करने आए। आज जो लोग आए हैं हर व्यक्ति अपने साथ एक व्यक्ति को लेकर आए। योग करने से हम अंदर से भी स्वस्थ और बाहर से भी स्वस्थ रहते हैं।

पुलिस लाइन में किया गया योग दिवस का आयोजन

सीतापुर । क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सचान ने बताया कि 15.06.2024 को दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग सप्ताह के प्रथम दिन (15 जून 2024) को पुलिस लाइन्स सीतापुर में पूर्ण हर्षोल्लास एवं सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों के रुप में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री राजेश शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि श्री शिव कुमार गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्षा नेहा अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 किरन कुमारी दास की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं जैसे भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलियोग समिति, गायत्री शक्ति पीठ, प्रकृति पथ न्यास के साथ सामान्य जनमानस के लोगों ने पूर्ण उत्साह से योग के बारे में लाभ जैसे योग से शरीर, मन, आत्मा को शान्ति मिलती है सभी तरह से निरोग रहने का मार्ग प्रशस्त होता है, जिसका प्रदर्शन विभाग के योग प्रशिक्षक गंगासागर, विनय

कुमार, प्रियंका, दीपक, ऊषा ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सीतापुर डा0 सुरेश कुमार सचान ने किया।

जिला जज ने किया प्राधिकरण के भंडारे का उद्घाटन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कचहरी के एलडीसी कार्यालय में आज भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। शनिवार दोपहर 1.00 बजे जनपद न्यायाधीश मा0 मनोज कुमार तृतीय ने पूजा पाठ कर भंडारे का शुभारंभ किया। आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज परिवार न्यायालय निशा झा, श्रीमती सुदेश कुमारी, लघुवाद न्यायाधीश राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में ऋतिकेश, वैभव श्रीवास्तव, वीरेंद्र मिश्र, सर्वेश कुमार सलीम वैभव वर्मा, सुजीत बाजपेई, शुभांशी बाजपेई आशुतोष शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

मृतक के परिजनों ने लड़की पक्ष के 4 लोगों पर हत्या का आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर । नाबालिक से प्रेम करना इतना मंहगा पड़ेगा शायद मृतक इमरान ने कभी सपने भी नही सोचा होगा। ग्रामीणों की माने तो चौकी प्रभारी की भूमिका इस मामले शुरु से ही एक पक्षीय रही जिसका खामियाजा जान देखकर भुगतना पड़ा। बताते चले कोतवाली बिसवां इलाके की पुलिस चौकी सांडा के ग्राम सांडा में प्रेम प्रसंग के चलते बीती 25 मई की सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला था। जिसमे मृतक के परिजनों ने लड़की पक्ष के 4 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने 4 लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा भी दर्ज कर लिया था। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तथा पुलिस की कार्यवाही से खफा मृतक के परिजनों के साथ लगभग एक सैकड़ा ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए शनिवार को

मुख्यमंत्री से मिलने निकले। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुच गयी और परिजनों को शांत कराया। कोतवाली क्षेत्र के सांडा चौकी इलाके में प्रेम प्रसंग में एक लड़की 22 मई की रात अपने प्रेमी सांडा निवासी इमरान के साथ फरार हो गई थी। जिसको लेकर बिसवां कोतवाली में लड़की के पिता अनीस की तहरीर पर 23 मई को आरोपी इमरान व उसके भाई सलाउद्दीन पर नामजद मुकदमा पंजीकृत किया था। मृतक के भाई सलाउद्दीन की मदद से इमरान और लड़की को नैनीताल से लाया गया। और इमरान को बिसवां पुलिस को सौप दिया गया था। वही 24 मई को इमरान के परिजनों को बताया गया कि पुलिस की अभिरक्षा से आरोपी इमरान फरार हो गया है।25 मई शनिवार की सुबह आरोपी इमरान का शव घर के निकट ब्लॉक बाउंड्री के पास लगे पेड़ पर पतली सी प्लास्टिक से लटकता मिला । वहीं परिजनों ने पुलिस व लड़की पक्ष पर गंभीर आरोप लगाया थे। मृतक इमरान के भाई सलाउद्दीन के द्वारा थाने में दी गई तहरीर पर कोतवाली बिसवां में पुलिस ने सांडा निवासी अनीश पुत्र अब्दुल अजीज, सुफियान पुत्र मतीन व गुफरान, इमरान पुत्रगण लतीफ के विरुद्ध 302, 506 धारा के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया था पर अभी तक गिरफ्तारी न होने और अब तक कि पुलिस कार्यवाही से परिजन संतुष्ट न होने पर मृतक की मां जैबुन, बाबा निरहू, भाई सलाउद्दीन, अलाउद्दीन, छोंटू, चाचा मैलू, शौकत, तन्नवा के साथ साथ लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणों ने शनिवार को शव का दोबारा पीएम कराने व पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने को लेकर प्रदर्शन करते हुए सीएम से मिलने निकले। सूचना होते ही मौके पर कई थानों की पुलिस पहुच गयी काफी देर तक परिजनों को समझाने और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने पर परिजन शांत हुये। परिजनों ने संबंधित ज्ञापन तहसीलदार बिसवां को सौप दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिसवां अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कुछ नही है वो खुद गलत फहमी मे है।हाई कोर्ट गये है। कोर्ट का डिसीजन आएगा तभी कुछ आगे कार्यवाही की जाएगी।

भीषण गन्दगी की मार झेल रहे तरीनपुर के वासी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। जिस तालाब से जानवर अपनी बुझाते थे पक्षी बिहार करते थे उसी के सामने नाली और तालाब से लेकर चैरतफर गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है। कहने को हर रोज सफाई हो रही है नगर पालिका के जिम्मेदार मोदी के सपनों को सच करने में तुले हुए है इसके बाद भी शहर के सबसे व्यतस्त मोहल्ला तरीनपुर की गलियों का हाल बुरा है। यहां पर नालियों का गन्दा पानी सड़को पर बह रहा है। आवागमन काफ प्रभावित हो रहा है। वैसे तो नगर की सफाई व्यवस्था कमान सफाईनायम के हाथों में है वही हर जगह सफाई करवा रहे है लेकिन तरीनपुर में की नालियों में गन्दगी बजा बजा रही है आखिर इस मोहल्ले की नालियों की सफाई क्यो नही करवाई जा रही है काफी समय से नालियों का गन्दा पानी सड़को पर बह रहा है और तालाब के आस पास भी गन्दगी व्याप्त है इसके बाद भी नालियों की सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। सफाई नायक का कहना है कि हमारे पास सफाईकर्मियों की बड़े पैमाने पर कमी है इस कारण सीमित संसाधनों के जरिये जितना हम कार्य करवा पा रहे है करवा रहे है। क्या इस तरह से मोदी के मिशन को पूरा किया जायेगा। नालियों का पानी सड़को पर बह रहा है वही सीएम योगी दावे कर रहे है कि मोदी को सपनों को पूरा करने के लिये गावं से लेकर शहर तक नालियों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये इसके बाद भी बजबजाती गन्दगी लोगों को खिजा रही है। इस मामले में नगर पालिका की कारदाई संस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे है क्योकि कार्यदायी संस्था इस मामले निर्माण कार्य में गड़बड़ घोटाला जरूर ही ही किया है इसी कारण नाली में गन्दगी

और जल भराव की स्थित उत्पन्न हो रही है कुछ लोगों के घरों से पानी बाहर नही पा रहा है क्योकि नाली चोक होने के कारण नापदान का पानी घर से बाहर नही निकल पा रहा है। गौरतलब हो कि नगर के मोहल्ला तरीनपुर वार्ड नंबर 16 मे कुड़वा ताल के सामने पिछले कई महीनों से कोई भी सफाई का कार्य नहीं हुआ। 'जहाँ मोदी सरकार स्वच्छ भारत मिशन को लेकर इतनी बड़ी बड़ी तैयारी कर रही है, वही तरीनपुर कुड़वा ताल के सामने नालिया कूड़े व

गन्दगी से पटी हैं, गंदे पानी के ठहराव से अनेकों बीमारियां, होने का खतरा बना रहता है। 'बकरीद के त्यौहार मे भी बदबू मे रहेगी मोहल्ला वासी, स्थानीय लोगों ने बताया सफाई कर्मचारी व सफाई नायक से बात की जाती है तब वह कोई ना कोई बहाना बनाकर अपना पल्ला झाड़ने हुए नजर आते हैं। 'क्या यूं ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, यह एक बड़ा सवाल है'।

स्टडी प्वाइंट की छात्रा नेट परीक्षा में सफल रही

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खैराबाद सीतापुर।

स्टडी प्वाइंट कॉलेज की छात्रा रही रुचि यादव पुत्री प्रमोद कुमार यादव ने नेट 2024 की परीक्षा में 720 अंकों में 683 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की जिससे विद्यालय और परिवार सहित क्षेत्र वासियों का सम्मान बढ़ा है। इस सफलता के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आमिर रिज़वी, प्रशासिका श्रीमती लुबना रिजवी व प्रधानाचार्य अमी किरन् अवस्थी ने छात्रा और उसके परिजनों को बधाई दी है । भविष्य में यह उत्तरोत्तर प्रगति कर परिवार व विद्यालय का सम्मान बढ़ाते हुए देश व समाज सेवा में अग्रणी पंक्ति मे अपना नाम अंकित कराये ऐसा आशीर्वाद स्टडी प्वाइंट के सभी गुरुजनों ने दिया है

गृहणियों के किचन से दूर होता जा रहा प्याज

प्याज खरीदने के नाम कन्नी काट रहा आम इंसान एक वर्ष में दूसरी बार आई प्याज के दामों में बढ़ोत्तरी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। एक बार फिर प्याज के दाम आसमान छूने लगे है। ग्रहणियों का किचन अब प्याज के लिये तरसने लगा है। तरी गाढ़ी करने के लिये गृहणियों को सौ बार सोचना पड़ रहा है और प्याज की जगह किसी टमाटर का लिया जा रहा है। आज आदमी की पकड़ से लगातार प्याज दूर होता जा रहा है। प्याज के दाम चालिस रूपये को पार कर रहा है जो आम आदमी को अब रूलाने लगा है। एक बार फिर प्याज के दाम सातवें आसमान को छूने से आम आदमी को बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने गृहणियों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। ऐसे में आम आदमी को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। जून माह में प्याज की कीमतों में दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।गर्मी के मौसम में हरी सब्जियां पहले से ही महंगी हैं। ऐसे में अब प्याज के बढ़ते दाम ने आम आदमी को रुलाना शुरू कर दिया है। इसके पीछे प्याज की ज्यादा डिमांड को वजह माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि व्यापारियों ने प्याज के स्टॉक को रोकना शुरू कर दिया है।एक सप्ताह पूर्व प्याज बीस से पचीस रुपये किलो फुटकर दाम में बिक रहा था। सप्ताह भर में ही प्याज चालीस से पचास रुपये प्रति किलो में बिकने लगा है। जिसके चलते लोग प्यज को आवश्यकतानुसार ही खरीदने लगे हैं।जून महीने में प्याज किसानों और व्यापारियों के पास रखे स्टॉक से ही आपूर्ति होती है। किसानों ने अपने स्टॉक को बेचना कम कर दिया है। जिसके बाद प्याज की कीमत में इतना उछाल देखने को मिल रहा है। व्यापारियों का दावा है कि 17 जून को ईद-अल-अजहा के लिए प्याज की घरेलू मांग अचानक से बढ़ गई है। इसको देखते हुए सप्ताह भर में प्याज के दामों में बढोतरी हुई है।अर्चना पांडेय, गृहणी ने बताया कि अचानक प्याज के दाम दो गुने हो गए हैं, जिससे किचन का बजट बिगड़ गया है। सरकार को प्याज के दाम पर अंकुश लगाना चाहिए। सोनी देवी गृहणी सब्जी से लेकर सलाद तक

प्याज का काम है। लेकिन प्याज काफी महंगा हो गया है। जिससे प्याज जरूरत के अनुसार ही लेना पड़ रहा है। प्रियंका देवी, गृहणी ने बताया कि गर्मियों में प्याज सलाद के साथ काफी खाया जाता है। अभी कुछ माह ही नया प्याज आया था लेकिन अचानक व्यापारियों ने प्याज के दाम काफी बढ़ा दिया। जिससे किचन का बजट गड़बड़ हो गया है।रेनू देवी, गृहणी ने बताया कि गर्मियों में सलाद में भी प्याज काफी खाया जाता है। ऐसे में प्याज काफी महंगा हो गया है। अभी 20 रुपये प्रति किलो में बिक रहा था और अब 40 से 50 रुपए में बिक रहा है इससे रसोई का बजट गड़बड़

तेजाब पिलाकर कर दिया बहू का कत्ल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सकरन सीतापुर।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नवविवाहिता को उसके ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पिटाई कर एसिड पिला दिया। मामले में विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति संग पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के पिपरापुरवा मजरा

प्यारापुर गांव निवासी छोटकन्नू ने अपनी बेटी रूबी की शादी एक वर्ष पूर्व सकरन थाना क्षेत्र के गिरधारीपुरवा मजरा गडौसा गांव निवासी राहुल के साथ तयशुदा दहेज देकर की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए रूबी को मारने पीटने व प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि बीते बुधवार को अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए ससुराल वालों ने पहले रूबी की पिटाई की। उसके बाद उसे जबरन एसिड पिला दिया। जब इसकी सूचना छोटकन्नू को हुई, तो वह अपनी बेटी की ससुराल पहुंचे। आरोप है कि ससुराल वालों ने छोटकन्नू के साथ भी गाली-गलौज की। छोटकन्नू वहां से बेटी रूबी को सकरन थाने लेकर आए। जहां पति राहुल ससुर राजेन्द्र व उनकी पत्नी, दीनू व उनकी पत्नी संग कुल पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पांचों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है । कार्यवाहक थानाध्यक्ष

मशरूम के खेती के लिये दिया गया 27 दिनों का प्रशिक्षण'

विकास की दिशा में अहम भूमिका निभायेगी मशरूम की फसल- डा. दयाशंकर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीआई) के तत्वावधान में, भाकृअनुप - अटारी, कानपुर के समन्वयन से, कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर में मशरूम ग्रोवर एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक पर 27 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों

कार्यकुशलता एवं दक्षता का सृजन करना है। इन उद्देश्यों में मुख्य रूप से कौशल विकास, रोजगार के अवसरों का सृजन, उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार, उद्यमिता को बढ़ावा, बाजार की जानकारी, आधुनिक तकनीकों का ज्ञान, पर्यावरणीय स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा, एवं विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी को प्रोत्साहित करना शामिल है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, सीतापुर, उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कमलेश कुमार पांडेय, पूर्व निदेशक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर ने की।कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने

संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें कृषि में नवाचार और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने अपने वक्तव्य में कृषिकार्यों में वर्मी कम्पोस्ट की उपयोगिता और भारतीय व्यंजनों में मशरूम की बढ़ती मांग के संदर्भ में बाजार प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. के.के. पांडेय ने अपने पूर्व अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिभागियों को कार्य में कुशलता के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कृषि में कुशलता ही सफलता की कुंजी है और इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी इसे प्राप्त कर सकेंगे। दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वयक, सचिन प्रताप तोमर एवं डॉ. रीमा, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं आगामी 27 दिनों के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को न केवल कृषि के आधुनिक तरीकों से अवगत

कराएगा, बल्कि उन्हें स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, डॉ. आनंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिशिर कांत

'किशोरियां पाएं स्वास्थ्य व शिक्षा तभी बनेगा देश भी अच्छा का जोरदार आगाज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या

मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। जनपद के अकबरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चन्दनपुर, सिसानी अखईपुर, कजरी नन्दापुर, इस्माइलपुर गँज, आलमपुर अखई, अलीपुर कोड़रा, नसीरपुर कैथी, व हरखपुर कौड़हा मे सँचालित किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन अकबरपुर के होटल शेरेटन मे हुआ। जहां कार्यक्रम से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं ने भागीदारी कर ÷किशोरियां पाएं स्वास्थ्य व शिक्षा तभी बनेगा देश भी अच्छा%% का जोरदार आगाज किया।

जन विकास केन्द्र भितरीडीह द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण को सम्बोधित करती हुई सचिव गायत्री ने कहा कि सभी बालिकाओं को मजबूत आत्म-विकास और सशक्तिकरण के लिए सक्षम बनाकर शिक्षा की अनौपचारिक धारा के माध्यम से आवश्यक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल प्रदान करना। अधिक सामाजिक संपर्क और ज्ञान की इच्छा को प्रोत्साहित करना तथा उनकी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करने में सहायता करना। किशोरियों की पोषण, स्वास्थ्य और विकास की स्थिति में सुधार लाना, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और पारिवारिक देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें जीवन कौशल सीखने के अवसरों से जोड़ना, किशोरियों को घरेलू एवं व्यावसायिक कौशल में सुधार/उन्नयन के लिए प्रशिक्षित एवं सुसज्जित करना। उन्हें अपने सामाजिक परिवेश की बेहतर समझ हासिल करने और समाज के उत्पादक सदस्य बनने के लिए पहल करने में सहायता करना हमारा उद्देश्य है।

प्रथम दिन प्रशिक्षण मे प्रशिक्षक उमाशंकर द्वारा लोगों को व्यक्ति के गुण, कार्यकर्ता के गुण, समयपालन, कार्यक्षमता बातचीत व व्यवहार का तरीका सँगठन निर्माण की प्रक्रिया और पैरोकारी का तरीका बताया।

दूसरे दिन प्रशिक्षक बालगोविंद ने कार्यक्रम के लक्ष्य उद्देश्य गतिविधि लाभग्राही व परिणाम पर महत्वपूर्ण गुर सिखाए। तथा किशोरी विकास से सम्बंधित सरकारी विभाग विभागों से तालमेल व समन्वयन की आवश्यकता पर सीख दिया।चर्चा वार्ता बतकही व लेखन के माध्यम से लोगों के अवसर चुनौती भय व ताकत का विश्लेषण किया गया। और मजबूत सामाजिक कार्यकर्ता बनकर सरकार व समाज के साझे मे गांव व देश के विकास में सहयोग करने का सँकल्प दिलाया गया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में मनोज कुमार आशमा देपेश रानी छोटेलाल निरकला व मोहम्मद इसराइल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नवनिर्वाचित सांसद लाल जी वर्मा को अटेवा ने दी बधाई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। नवनिर्वाचित सांसद अम्बेडकरनगर को टीम अटेवा अम्बेडकरनगर ने जीत की बधाई दिया व पूर्व की तरह पुरानी पेंशन बहाली की बुलन्द आवाज को सदन में उठाकर बहाल करवाने की अपील किया।

माननीय सांसद लाल जी वर्मा ने पुरानी पेंशन बहाल करवाने का वादा किया,

इस अवसर पर प्रदेश सलाहकार राकेश रमन, प्रदेशीय मंत्री संजय उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष संदीप पटेल, जिला संयोजक राम बली त्रिशरण, जिला संयोजक आगरा जुग्गी लाल वर्मा,जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ प्रमोद वर्मा, जिला महामंत्री धर्मेंद्र यादव, जिला संगठन मंत्री डॉ. अरविन्द यादव, अरूण वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनुज वर्मा, ब्लॉक महामंत्री गुलाब चंद, ब्लॉक संयोजक रणजीत हिन्दुस्तानी, जिला सहसंयोजिका अनीता चौधरी, जिला संगठन मंत्री अनुपम चौधरी, सक्रिय सदस्य प्रदीप राज भारती, संजय प्रजापति, सूर्यनाथ बौद्ध, जय राम, राम उग्रह चौधरी, राम मगन , अजय वर्मा जिला प्रभारी सफाई कर्मचारी ,डॉ . राधेश्याम, सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आशुतोष श्रीवास्तव के हत्या के विरोध में उनको न्याय दिलाने के लिए पैदल कैंडल मार्च

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद में कायस्थ महासभा ने वृहस्पतिवार शाम को जौनपुर निवासी पत्रकार स्वर्गीय आशुतोष श्रीवास्तव के हत्या के विरोध में उनको न्याय दिलाने के लिए पैदल कैंडल मार्च किया गया । इस दौरान अंबेडकर नगर से भारी संख्या में उपस्थित चित्रांश भाइयों ने पत्रकार को नया दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया और शासन से जल्द से जल्द सीबीआई जाँच द्वारा न्याय दिलाने तथा परिवार में एक लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की गई है । इस बीच कायस्थ ललित मोहन श्रीवास्तव कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो आने वाली में समय में और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।कायस्थ जिला महासचिव अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ महासभा अंबेडकर नगर पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा आवाज बुलंद करती रहेगी।

कैंडल मार्च में गुरुचरण श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, डाक्टर राधे रमण सावंत ,केशव चित्रांशी, सुधांशु श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, रानू श्रीवास्तव, , विजय श्रीवास्तव, दिव्यांशु , प्रमोद ,हिमांशु , सुंदरम , मिक्की, अखिलेश , राजकुमार , संतोष , सुमित , राहुल ,राघवेंद्र , अजीत ,विपिन ,अनिल , आत्मा , अंशुल ,प्रदीप , अमित ,बृजेश, जितेन्द्र सहित अन्य चित्रांशी शामिल रहे।

सभासद आरती जायसवाल की मांग पर फव्वारा तो हुआ चालू लेकिन गेट पर अभी भी लगा हैं ताला

पार्क के अंदर नहीं हुई बिजली के केबिलो की अंडर वायरिंग,कभी भी घटित हो सकती हैं जनहानि की कोई बड़ी घटना

सभासद ने मामले की शिकायत सीएम व डीएम से करने की कही बात

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के गोशाईगंज नगर पंचायत प्रसासन सरकारी पैसे का कैसे दुरपयोग करता हैं?इसका जीता जगता उदाहरण देखना हैं तो डॉ अम्बेडकर चौक पर लाखो रूपये की लागत से बना पार्क/फव्वारा चले आईये !बीते दिनों सभासद आरती जायसवाल की शिकायत पर 2 दिन पूर्व पंचायत प्रसासन ने अम्बेडकर चौक पर लाखों रुपये की लागत से पार्क मे बने फव्वारे क़ो चालू तो करा दिया लेकिन गेट पर लगे ताले क़ो खोलवाना वो भी भूल गये !लाख टके का सवाल यह हैं कि पार्क के अंदर कोई मनोरंजन न कर सके?क्या इसीलिए नगर पंचायत ने इसको बनवाया हैं?फिलहाल सभासद आरती जायसवाल ने बताया कि अगर पंचायत प्रसासन अपने रवैये मे सुधार नहीं करता हैं तो जल्द ही मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी क़ो पत्र भेजकर की जाएगी !गौरतलब हो कि बीते 2 जून क़ो जनमोर्चा ने ÷अम्बेडकर चौक पर निर्मित फ़ौव्वारा अरसे से बदहाल÷-%पार्क के गेट पर बंद रहता हैं ताला ! !सभासद आरती ने की बदहाली दूर करने की मांग%सीर्सक से सम्बंधित खबर क़ो प्रकाशन किया था !खबर क़ो संज्ञान मे लेकर एक सप्ताह बाद पंचायत प्रसासन की तंन्द्रा टूटी तो उसने पार्क के अंदर बने फव्वारे क़ो आनन फानन चलवा दिया गया लेकिन गेट पर ताला लगे होने से लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं !मोहल्लेवासी आज भी पार्क एवं फव्वारे का आनंद लेने से वँचित हैं !मालूम हो कि पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र कसौधन ने अपने दूसरे कार्यकाल मे वार्ड नं-2, 6,9 की सीमा से सटे रामगंज रेलवे क्रासिंग से कोतवाली जाने वाले संपर्क मार्ग पर लाखो रूपये की लागत से पार्क एवं फ़ौव्वारे का निर्माण कराया था !पार्क/फव्वारे बनवाने के पीछे तत्समय चेयरमैन की मंसा थी कि पार्क बन जाने पर इधर से गुजरने वाले राहगीर जहाँ सुबह शाम इस पार्क मे बैठकर आनंद उठाएंगे वही मोहल्ले वाले भी शाम क़ो इस पार्क के अंदर बने फव्वारे का लुत्फ़ उठा सकेंगे !बीते माह सभासद श्री मती जायसवाल की शिकायत पर ठेकेदार ने आनन फानन बिजली के वायरो क़ो बिना अंडर ग्राउंड किये उसको चला दिया था !लेकिन चार दिन भी नहीं बीता था की स्थित फिर वही पुराने ढर्रे वाली हो गयी !सभासद आरती जायसवाल ने बताया कि ईओ क़ो बीते 10 मई क़ो एक शिकायती पत्र देकर फव्वारे के गेट पर लगे ताले क़ो खोलने एवं पार्क के अंदर आम -जन के लिए खतरे का सबब बने खुले मे पड़े बिखरे बिजली के केबल क़ो अंडरग्राउंड कर इधर से गुजरने वाले राहगीरों की सुबिधा के लिए पार्क के अंदर सीमेंटेड बेंच लगवाने की मांग की गई थी !लेकिन स्थित आज भी जस की तस हैं !अब मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी से करते हुए इसके जांच की मांग की जाएगी।

ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने वाले 5 लोगों पर केस दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिले के बल्दीराय थाना पुलिस ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वाले 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। क्षेत्रीय लेखपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम के निर्देश पर केस दर्ज कराया गया है।सभी आरोपी ग्राम सभा की जमीन पर घर बना लिये है।बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। कई बार कब्जा हटाने की बात कही गई, लेकिन ऐसा नहीं किया। शिकायत मिलने पर एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह ने जांच करने के निर्देश दिए थे।क्षेत्रीय लेखपाल अमित यादव ने इसकी जांच की तो पाया कि ग्राम समाज की जमीन पर 5 लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस पर एसडीएम ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। बल्दीराय थानाध्यक्ष आरबी सुमन का कहना है कि कब्जेदार अजय कुमार, विजय कुमार,राजकुमार,प्रेम कुमार व शिव सागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एसडीएम का कहना है कि अवैध कब्जे जल्द हटाए जाएंगे।

25 हजार का इनामी उत्कर्ष सिंह गिरफ्तार, STF ने लखनऊ से पकड़ा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या।एसटीएफ की अयोध्या यूनिट ने शुक्रवार दोपहर माफिया अजय सिंह सिपाही गिरोह के शूटर और 25 हजार के इनामी उत्कर्ष सिंह उर्फ पिंटू को गिरफ्तार कर लिया। वह सुलतानपुर में दर्ज जानलेवा मुकदमे के मामले में फरार चल रहा था।

डिप्टी एसपी एसटीएफ प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, उत्कर्ष मूल रूप से सुलतानपुर जिले के कादीपुर के कटसारी गांव का रहने वाला है। मुखबिर की सूचना पर लखनऊ में एसटीएफ की अयोध्या टीम एक्टिव थी। सूचना के आधार पर दोपहर उत्कर्ष सिंह को रजिस्ट्री ऑफिस के पास से घेराबंदी कर धर दबोचा।

कादीपुर थाने में उत्कर्ष के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज था। पांच अप्रैल को ढाबे पर खाने खाने के दौरान उत्कर्ष का अनुपम सिंह से झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद यह लोग समझौते के लिए पुन एक स्थान पर इकट्ठा हुए। वहां पर उत्कर्ष ने साथियों के साथ मिलकर अनुपम के साथी अविनाश सिंह उर्फ शुभम के ऊपर फायर कर दिया था। उसके बाद से वह फरार चल रहा था। कचहरी में किसी जमीन का एग्रीमेंट कराने आया था। वह किसकी जमीन का एग्रीमेंट कराने आया था। इसकी तफ्तीश की जा रही है। डिप्टी एसपी के मुताबिक, घटना के बाद से उत्कर्ष मोबाइल फोन पर मैनुअल कॉल पर बात नहीं करता था। उसके बाद से वह व?हॉट्सऐप और इंटरनेट कॉलिंग करता था। उत्कर्ष अंबेडकर नगर विधि विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई भी कर रहा था।

एम्बुलेंस सेवा में कर्मचारियों की कमी कैसे चल रही इमरजेंसी सेवा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर।अभी तक एंबुलेंस फर्जीवाड़ी की खबर प्रकाशित हो रही है प्रमुखता से इस बीच एक मामला और प्रकाश में आ गया विश्वास सूत्रों के द्वारा जानकारी मिली कि अंबेडकर नगर जिले में 108 एंबुलेंस सेवाओं में 12 और 102 एंबुलेंस सेवाओं में 45 कर्मचारियों की कमी है, दोनों एंबुलेंस सेवाओं में कोई भी रिलीवर कर्मचारी नहीं है । एम्बुलेंस कर्मचारियों के कमी होने से एंबुलेंस सेवा सुचारु रूप से संचालित भी नहीं हो पा रही है एंबुलेंस कर्मचारी की कमी की जानकारी नोडल अधिकारी डॉक्टर गौतम मिश्रा से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि यह जानकारी तो मुझे नहीं है और एक जानकारी ली गई कि जिला अस्पताल पर 108 की टोटल 04 एंबुलेंस का आवंटन है जो शुरू से जिले पर रहकर मरीजों को सेवा दे रही थी लेकिन कर्मचारियों की कमी के नाते 0082 को भिंयांव भेजा गया और एक को 0165 को जहांगीरगंज भेज दिया गया जिससे जिला पर मरीजों को असुविधा हो रही है जिम्मेदार अधिकारियों के कान तक भनक नहीं लग रही है एंबुलेंस सेवाओं में भ्रष्टाचार जिस तरीके फैला है कहीं नहीं कहीं तङ्क्यश्वस्न्रद्ध कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए कम कर्मचारियों को रखकर टारगेट पूरा करवाया जा रहा है। एक तरफ जिले में कर्मचारी भी कमी है वहीं पर प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा प्रभारी विनोद मिश्रा और अजहरुद्दीन जबरदस्ती कर्मचारियों के ऊपर टारगेट देकर फर्जी केस बढ़ाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं और जो नहीं केस नहीं बढ़ा पा रहा है उसको कंपनी से बाहर का रास्ता दिखाने की धमकी देते हैं आखिर यह खेल कब तक चलेगा जिले में यह कहना बड़ा मुश्किल हो रहा है जांच पर जांच चल रहे लेकिन भ्रष्टाचार का पोल खुलता नजर आ रहा है वहीं पर एंबुलेंस नोडल अधिकारी जवाब देने से कतराते फिर उन्होंने कहा इसकी पूरी जानकारी लेकर बताया जाएगा और इसको संज्ञान में लेकर कार्रवाई भी की जाएगी लेकिन अभी तक नहीं कोई जानकारी नहीं दिया गया फिलहाल देखना यह होगा कि इस पर कैसे जिम्मेदार अधिकारी लगाम लगाते हैं या फिर ऐसे प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा प्रभारी विनोद मिश्रा अजहरुद्दीन,बेलगाम होकर कर्मचारियों को टारगेट पूरा करने का दबाव बनाते रहे।

ड्यूटी 36 घंटा वेतन 24 घंटा,चूस रहे कर्मचारियों के खून

कुछ एम्बुलेंस कर्मचारी नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एम्बुलेंस कर्मचारी की कमी का यह यह नतीजा है कर्मचारियों को लगातार ड्यूटी करनी पड़ती है कम्पनी का यह नियम है एक शिफ्ट 12 घंटे का होता है लगातार कोई कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी कर सकता है, यहां तक कर्मचारियों का 24 घंटे बाद भी कर्मचारियों को ड्यूटी करनी पड़ती है लेकिन हाजिरी नहीं लगती, जहां तक यही कारण है कम कर्मचारियों में ज्यादा काम कराना अमित वर्मा को कम्पनी भगवान की तरह पूजती है और कुछ नहीं कर रही है ।

कही औकात से ज्यादा ड्यूटी ही एक्सीडेंट का कारण तो नहीं

पिछले महीने प्रकाश में आया था एम्बुलेंस चालक नींद में आकर एक्सीडेंट कर और उसमें तीन मौतें हुई थी जिससे चालक को कम्पनी ने हटा दिया लेकिन औकात से ज्यादा ड्यूटी जबरदस्ती करवाना और भी जाने भी जा सकती है और इसका जिम्मेदार चालक होता है लेकिन क्या इसके जिम्मेदार प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा नहीं जो स्टाप की कमी से कर्मचारियों से ज्यादा से ज्यादा ड्यूटी ले रहे हैं।

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया औचक निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या ।ड्रग इंस्पेक्टर सुमित कुमार वर्मा ने मिल्कीपुर तहसील स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी किया। आईजीआरएस पोर्टल पर इसकी शिकायत हुई थी। मिली शिकायत के क्रम में औषधि निरीक्षक ने सिधौरा मोड़ के पास संचालित मुकेश मेडिकल स्टोर पर छापे की कार्यवाही किया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मौके पर दुकान में भंडारित औषधियों को फार्म-16 पर क्रमवार विवरण अंकित करते हुए क्रमांक 01 से 99 तक कुल 05 पृष्ठों में सूची बद्व करते हुए, दो प्लास्टिक की बोरी में सील मोहर किया गया। जिसका कुल मूल्य करीब सवा लाख है। इस दौरान मौके पर 3 संदिग्ध औषधियों के नमूनें औषधि भी नियमानुसार संग्रहित किये गये। जिसे जांच परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला आगरा को भेजा जायेगा। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकेश कुमार के द्वारा औषधि एवं सौन्दर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 की धारा-18 सी0 एवं 27 बी0 द्वितीय का उल्लंघन किया गया है। जिसमें नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।

दो वर्ष से बंद पड़ा है डाकघर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

महरुआ। भीटी तहसील क्षेत्र के नरहरपुर में पांच दशक पूर्व संचालित डाकघर में दो वर्ष से ताला लटक रहा है। यहां प्रकाश पटेल पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात थे। वित्तीय अनियमितता के कारण वह निलंबित कर दिए गए। तब से डाकघर बंद पड़ा हुआ है। जिस पोस्ट मास्टर की यहां तैनाती हुई वह न तो चार्ज लिए और न एक भी दिन डाकघर खुला। डाकघर न खुलने से ग्राहकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जो लोग पैसा जमा किए है वे निकासी नहीं कर पा रहे हैं। मकान मालकिन कृष्णा देवी ने बताया कि उनका किराया भी नहीं मिल रहा है। ग्राहकों ने कई बार इसकी शिकायत डाक अधीक्षक से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ईद-उल-जुहा त्योहार पर अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही:डीएम

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त ईद-उल-जुहा बकरीद के त्योहार को सकुशल शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पीस कमेटी के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में टांडा तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर निरंतर भ्रमण सील रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाली कोई अप्रिय स्थिति संज्ञान में आने पर तत्काल संबंधित उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी को अवगत कराते हुए उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित अधिकारी बकरीद त्यौहार पर कुर्बानी के बाद अवशेषों के निस्तारण के संबंध में संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं निकाय के अधिशासी अधिकारी से समन्वय कर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जांच में मानकविहीन मिला स्विमिंग पूल, एडीएम को सौंपी रिपोर्ट

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।

अकबरपुर के गनेशपुर में संचालित स्विमिंग पूल जांच में मानकविहीन पाया गया। इसी पूल में मंगलवार को नहाते समय शिवम डूब गया था। एडीएम ने उपजिलाधिकारी को जांच सौंपी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिवम की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।बीते मंगलवार को अकबरपुर कोतवाली के गनेशपुर में संचालित साई ग्रैंड मैरिज लॉन के स्विमिंग पूल में अहिरौली थाने के अन्नावा बाजार निवासी शिवम अग्रहरि की डूबने से मौत हो गई थी। बिना पंजीयन संचालित स्विमिंग पूल की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी सदानंद ने उप जिलाधिकारी अकबरपुर को मामले की जांच सौंपी थी। जांच में स्विमिंग पूल मानक विहीन मिला है। वहीं, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शिवम की डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अभी प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दी गई है। कोतवाल बीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शिवम की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जल्द ही अफसरों को भेज दी जाएगी।बताते चलें की उक्त अवैध स्विमिंग पूल के अलावा नगर के शहजादपुर, दोस्तपुर रोड, अकबरपुर रेलवे स्टेशन, अयोध्या मार्ग, मालीपुर रोड पर पांच और तरणताल संचालित हो रहे हैं। एक भी स्विमिंग पूल का पंजीयन क्रीड़ा विभाग में नहीं है। असुरक्षित स्विमिंग पूल में 50 से 100 रुपये शुल्क लेकर लोगों को एंट्री दी जा रही है। यदि इन पर नकेल नहीं लगाई गई तो इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ------

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने पर जारी होगा नोटिस

जांच रिपोर्ट मिल गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद स्विमिंग पूल संचालक को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी

उच्चाधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट

साईं ग्रैंड मैरिज लॉन के स्विमिंग पूल की जांच की गई। सुरक्षा समेत अन्य खामियां पाई गई हैं। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी गई है।पवन जायसवाल, एसडीएम अकबरपुर

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

भाजपा ने किया पलटवार, मंडल अध्यक्ष डमरू बहरा ने दिया बयान 'स्वास्थ मंत्री पर लगाए गए निराधार आरोप'

भुमि को लीज में एस ई सी एल प्रबंधन ने लिया, कार्यवाही के लिए ज़िम्मेदार आखिर वन विभाग की कैसे?

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

चिरमिरी। कोएला उत्खनन के कालाबाजारी को ले कर सियासी जंग सी छिड़ गई है, जहां आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला अब गरमाते नज़र आ रहा है, वन विभाग की भुमि को एस ई सी एल ने लीज पर लिया है, जिस भुमि में कोएला का अवैद्य उत्खनन निरंतर जारी है, यदि भुमि लीज पर ली गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि उस भुमि का मालिकाना हक वन विभाग का ना हो कर एस ई सी एल प्रबंधन का है और उस भुमि में किसी भी तरह की अनियमितता या अवैद्य कारोबार संचालित होने पर ज़िम्मेदारी भी एस ई सी एल प्रबंधन को लेनी चाहिए, जहां दूर दूर तक वन विभाग के लापरवाहियों का सवाल ही खड़े नहीं होता?

इस सम्पूर्ण मामले में जहां एक तरफ कांग्रेस पार्टी के पुर्व महापौर के. डमरू रेड्डी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ मंत्री एवं विधानसभा मनेंद्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जयसवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए सवाल खड़े किए कि यदि क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री इस अवैद्य कारोबारों एवं कारोबारियों को संरक्षण नहीं दे रहे हैं तब क्यों इन अवैद्य कारोबारों के विरुद्ध मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल सख्त कार्यवाही करने को ले कर कोई टिप्पणी नहीं दे रहे हैं और क्यों चुप्पी साधे हैं? यदि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जयसवाल इन मामलों में संलिप्त नहीं हैं तो इसके विरुद्ध अपनी प्रतिक्रिया



व्यक्त करें?

दूसरी तरफ़ इस बयानबाजी के खेल को जारी रखते हुए भाजपा ने भी कांग्रेस पार्टी के आरोपों को ग़लत और निराधार बताते हुए कांग्रेस पर जबरदस्त पलटवार किया है, भारतीय जनता पार्टी के चिरमिरी शहर के मंडल अध्यक्ष डमरू बेहरा ने विपक्षी दल के नेताओं से मिडिया के माध्यम से उनके द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर जवाब दिया कि ÷जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के नेता छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और क्षेत्र के यशस्वी विधायक श्याम बिहारी जयसवाल पर निराधार आरोप लगा रहे हैं और पुछ रहे हैं कि क्या इस पूरे अवैद्य कारोबार के संचालित होने के पीछे शासन प्रशासन की मिलीभगत है? इसका ज़्यादा तजुर्बा तो आरोप लगाने वाले लोगों को और उनकी पार्टी को होगा, के. डमरू रेड्डी बड़े नेता हैं तो उन्हें अनुभव भी ज़्यादा होगा, क्योंकि इससे पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश में तो सरकार कांग्रेस पार्टी की थी, जिस दौरान बड़े बड़े मशीनों से जेसीबी से कोएला निकाला जाता था और खुलेआम कोएला कबाड़ सट्टा का कारोबार किया जाता था, मगर उस समयकाल में किसी तरह का कोई रोकथाम यदि नहीं किया जाता था जो कि यह साबित करता है कि उनके कार्यकाल में सेटिंग काफी अच्छी थी। उनको मैं बताना चाहूंगा कि मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने जिस दिन शपथ ग्रहण किया उसी दिन खुले मंच से यह बात भी मिडिया के माध्यम से जनता के सामने स्पष्ट

किया था कि भाजपा के शासन में चिरमिरी शहर में किसी भी तरह का अवैद्य कारोबार संचालित नहीं होगा और यदि इसकी खबर मिलती है तब प्रशासन को खुला छूट दे दिया गया है कि इन अवैद्य कारोबारों पर शासन प्रतिबंध लगाने के लिए हर प्रकार का सख्त रवैया अपनाते हुए कार्यवाही को अंजाम दे, और बीते छह माह में प्रशासन ने कोएला और कबाड़ के विरुद्ध कई सफल कार्यवाहियों को अंजाम दिया भी है, इसका प्रमाण भी मिडिया ने खबरों के माध्यम से सबके समक्ष समय समय पर रखा भी है।÷ मंगल अध्यक्ष डमरू बेहरा ने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा कि ÷स्वाभाविक सी बात है, अभी सामने नगरीय निकाय चुनाव है, और कुर्सी की लालसा तो सभी को होती है, कांग्रेस के शासन काल में जिन लोगों ने चुप्पी साध रखी थी और उंकू चुप्पी के पीछे कहीं न कहीं शायद एक सफल सेटिंग उनके चुप्पी साधने का एक मुख्य कारण था, उन्हें क्षेत्र में संचालित अवैद्य कारोबार आज नज़र आ रहे हैं, और जनता के सामने ये वही लोग हैं, भाजपा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं, जिनके समयकाल में अवैद्य कारोबारियों ने खूब माल कमाया, खुद भी खाया उन्हें भी खिलाया, जो यहां की जनता से छुपा नहीं है और इसी वजह से यहां की जनता ने पुर्व में शासन कर रहे कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहा।÷

मगर इस बयानबाजी के बीच, क्षेत्र में चल रहे अवैद्य कारोबारों पर आगे किस तरह से अंकुश लगेगा और प्रशासन के हाथों शहर के और कितने अवैद्य कारोबारियों के काले धंधे बंद किए जाएंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा?

गंगा दशहरे पर गंगा स्नान और दान करने से पितरों को मिलती है मुक्ति

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाता है। इस बार यह पर्व 16 जून को पड़ रहा है।

ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर गंगा स्नान और दान करने का अधिक महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इन कार्यों को करने से इंसान को बुरे कर्मों छुटकारा मिलता है और भाग्य में वृद्धि होती है। इसके अलावा पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

गंगा दशहरा के दिन चार शुभ संयोग : अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग सहित हस्त नक्षत्र का निर्माण हो रहा है।इस शुभ मुहूर्त में मां गंगा और भोलेबाबा की आराधना करना और दान-पुण्य के कार्यों का बड़ा महत्व बताया गया है।

गंगा दशहरा पर शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि की शुरुआत 16 जून को देर रात 02 बजकर 32 मिनट पर होगी और वहीं, इसका समापन 17 जून को सुबह 04 बजकर 43 मिनट पर होगा। ऐसे में गंगा दशहरा 16 जून को मनाया जाएगा।

गंगा दशहरा पर किन चीजों का दान करना फलदायी होता है : गंगा दशहरे पर आप जो भी दान करें उसकी संख?या 10 होनी चाहिए। साथ ही जिन वस?तुओं का पूजन करें उनकी भी संख्या 10 होनी चाहिए।

गंगा दशहरे पर पानी या फिर शर्बत से भरा कलश दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है। कलश दान का शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है। यदि वह जल से भरा हो तो और भी शुभ है। ऐसा करने से आपके सभी पाप धुल जाते हैं और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

गंगा दशहरे पर छाता, जूता, चप्पल और टोपी का दान करना भी परमफलदायी माना गया है। दरअसल गंगा दशहार ज्येष्ठ मास में होता है और इस वक्त गर्मी चरम पर होती है। इसलिए धूप से बचाने वाली वस्तुओं का दान करना शास्त्रों में परम पुण्य माना गया है।

गंगा दशहरे पर सत्तू, पानीदार फल और मौसमी फलों का दान करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन सत्तू के साथ दान करने की वस्तुओं में गुड़ भी रखा जाता है।

गंगा दशहरे पर शरीर को ठंडक प्रदान करने वाले सूती वस्त्र, गमछा और धोती किसी ब्राह्मण को दान करने चाहिए। साथ ही इस सामर्थ्य के अनुसार कुछ दक्षिणा भी गरीब ब्राह्मण को देनी चाहिए।

जनपद पंचायत जबेरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 07 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि से हुए 118 कार्य

जम्मू से राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो की रिपोर्ट

दमोह। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान 5 जून से 16 जून तक अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत प्रदेश के साथ ही जिले में जल संवर्धन हेतु विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसमे जल के संरक्षण के लिए जल स्रोतों के रखरखाव व साफ सफाई श्रमदान किया जा रहा हैं।

जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा के निर्देशन में लगातार विभिन्न ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान कार्य किये जा रहे है। इसी क्रम में जनपद पंचायत जबेरा की 70 ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत काम किए गए। जनपद सीईओ आर पी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत जबेरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 70 ग्राम पंचायत में 7 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि से पर्कुलेशन टैंक, कपिलधारा, तालाब जीर्णोद्धार, तालाब नवीनीकरण, स्टाफ डेम, तालाब जल क्षमता, चेक डैम, खेत तालाब ग्रेवियन, गली प्लग, रिचार्ज पीट आदि का निर्माण विभिन्न ग्राम पंचायत में किया हैं जिससे जल भराव होगा। साथ ही जल का उपयोग लंबे समय तक कर सकते हैं इससे मवेशियों को पानी उपलब्धता, किसानों को सिंचाई हेतु पानी व लोगों को उपयोग के लिए पानी उपलब्ध रहेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान में रासेयो की पहल

रैली,निबंध लेखन और पोस्टर प्रतियोगिताओं के जरिए दिया जल स्त्रोतों को बचाने का संदेश

अम्बाह/मुरैना। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की श्रृंखला में पहल करते हुए शनिवार को महात्मा लोचनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बाह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गोद लिए गांव चांद का पुरा में जन जागरुकता रैली निकाली तत्पश्चात निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की । जिनमें छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी करते हुए अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन कर जल और जल स्त्रोतों को बचाने का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र छात्राओं ने बताया कि जल स्त्रोत जलापूर्ति के अलावा सदैव से हमारे धार्मिक संस्कारों और आस्थाओं के केन्द्र रहे हैं । अतः इनका संरक्षण और संवर्धन करना हम सबका पुनीत कर्तव्य है। चित्रकला प्रतियोगिता में योगेश शर्मा ने प्रथम,शिवम माहौर ने द्वितीय और किरण राठौर ने तृतीय तथा निबंध लेखन में सूर्यभान सिंह तोमर ने प्रथम, भूरी शर्मा ने द्वितीय और अंकित राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में मनमोहन सिंह राठौर,सोना भदौरिया और रुद्र प्रताप सिंह तोमर के पोस्टरों को भी सराहा गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य आरएस यादव के मार्गदर्शन और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा के नेतृत्व में किया गया था। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती सावित्री देवी , समाजसेवी राजकुमार तोमर और अनेक ग्रामीण जन मौजूद रहे।

ईको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण सप्ताह मनाते हुए सीएम राईज विद्यालय में विद्यार्थियों को बताया जल संरक्षण का महत्व

सबलगढ़/ राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश अनुसार ईको क्लब अंतर्गत पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में दिनांक 5 जून से 12 जून तक ईको क्लब फिर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संबंधी गतिविधियों का आयोजन शासकीय सीएम राज विद्यालय सबलगढ़ में किया जा रहा है जिसमें जिला नोडल अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशानुसार विकासखंड नोडल अधिकारी मनोज भाटेले के मार्गदर्शन में ईको क्लब प्रभारी राकेश कुशवाहा के द्वारा जल ही जीवन है की थीम पर आधारित विद्यार्थियों को जल संरक्षण के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं यह बताया गया कि जल संरक्षण व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से सभी की जिम्मेदारी है यदि हम आज जल संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो संपूर्ण मानव जाति का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय सबलगढ़ में विद्यार्थियों को वर्षा जल संचयन और उसके लाभों के विषय में जागरूक किया गया एवं विद्यालय में हम किस तरह पानी का उपयोग कर सकते हैं और पानी के दुरुपयोग को कैसे रोक सकते हैं इस विषय में विस्तार से बताया गया इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बी.एन. शर्मा वरिष्ठ अध्यापक धर्मेंद्र सिंह जादौन एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

माननीय श्री उमेश कुमार शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के आदेशानुसार न्यायालय परिसर सबलगढ़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती प्रितांजली सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005, भरण-पोषण संबंधी कानून के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए विधिक जागरूक किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों के कानूनी समस्याओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

अपर कलेक्टर के नेतृत्व में जांच दल सबलगढ़ पहुंचा

जांचबाद मकान तोड़ने और मकान मालिक पर कानूनी कार्रवाईहोगी

सबलगढ़।। सबलगढसंतर नंबर तीन में 15 मार्च को शाम के समय अज्ञात करणोसे महावीर प्रसाद प्रधानडैयरीवालो के मंडी संतर नंबर 3 मेप्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग लग गई थी दो-तीन घंटे मेंही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया था आग इतनी भयंकर थी कीउस समय जिले भर की कई दमकल 14 घंटे के बाद भी मुश्किल से काबू पा सकी फिर भी सुबह तक आग जलती रही इसमें मकान सहित पूरा माल जलकर खाक हो गया था और पड़ोस के तीन मकान तथा आगे बने कुछ मकानों की दीवारों को नुकसान पहुंचा था दमकलोकीपानीकीलाइनकोगली में से मकान तोड़कर पानी से आग बुझाने का प्रयास किया था जिला प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है नगरपालिका ने गोदाम मालिक सहित पड़ोस के मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं कलेक्टर अंकित अस्थाना नै अपर कलेक्टर सीवी प्रसाद के नेतृत्व में जांच दल गठित करके सबलगढ़ भेजा है जांच दल प्रमुख अपर कलेक्टर सीवी प्रसाद एसडीएम सबलगढ़ वीरेंद्र कटारे तहसीलदार सबलगढ़ भारतेंदु यादव अशोक पटेलसीएम औ सहित राजस्व प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी शुक्रवारको जांच करने सबलगढ़ गोदाम पर पहुंचे गोदाम के मकान मालिक को बुलाकर अपर कलेक्टर ने जानकारी ली इसके बाद एसडीएम वीरेंद्र कटारेऔर सीएमओ अशोक पटेल को अपर कलेक्टर ने आदेश दिया कि नगर पालिका पूरे मकान को तोड़कर अपने कब्जे में ले ले और घनी आबादी वाले इलाके के मध्य यदिओरभी अत्यंत ज्वलनशील प्लास्टिक गोदाम बनाकर रह रहे हो जो आम जनता को खतरे में डालने वाले उन गोदाम मालिको के खिलाफभी कठोर कार्रवाई की जाए ।।इनका कहना है ।।जिलाकलेक्टर ने मुझे जांच अधिकारी नियुक्त किया है घटना बहुत बड़ी और रियासी इलाके के मध्य होने के कारण आम जनता को खतरा उत्पन्न करने वाली थी अभी जांच कर रहे हैं जांच उपरांत दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी मकान तोड़ा जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति नहीं हो और ऐसी अन्य जगहों पर भी गोदाम यदि बनाए गए हैं उनकी भी जांच की जाएगी ।।सीबीप्रसाद जांच अधिकारी अपर कलेक्टरमुरैना।।

अच्छी वर्षा एवं देश में खुशहाली लाने के लिए गिरिराज जी मंदिर पर संगीत मय सुंदरकांड का पाठ किया गया

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

पोरसा। इस बार वर्षा ऋतु में अच्छी वर्षा हो तथा सनातन धर्म की मर्यादा कायम रहे देश में खुशहाली रहे भाईचारा कायम रहे इस बात को ध्यान में रखकर महंत राम किशोर दास शास्त्री के सानिध्य में आज भगवान गोवर्धन गिरिराज जी महाराज के मंदिर पर संगीत मय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कई दर्जन भक्तों ने भाग लेकर सुंदरकांड का पाठ किया अंत में सभी भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।

इस कलयुग में सब की रक्षा करने के लिए राम भक्त हनुमान जी को नियुक्त किया गया है जो हनुमान जी की सेवा पूजा करता है वह व्यक्ति सदा सुखी व कुशल रहता है आज भगवान गोवर्धन गिरिराज जी महाराज के मंदिर पर महंत राम किशोर दास शास्त्री के सानिध्य में संगीत मय सुंदरकांड के पाठ

का आयोजन किया गया जिसमें महंत राम किशोर दास शास्त्री, संत देवी शरण महाराज प्रेमपुरा, संत रामानंद सरस्वती राजोधा, पंडित जगत नारायण शर्मा थापक ,शंभू सिंह तोमर, दीपक सिंह तोमर ,दीनू सिंह तोमर, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह तोमर, राधेश्याम सिंह तोमर ,रमेश सिंह तोमर, पप्पू सिंह तोमर, रामकिशोर बघेल, मुरारी लाल गुप्ता ,ब्रजराज सिंह तोमर, श्रीमती रजनी गुप्ता, श्रीभगवान गुप्ता,मुंदरे गुप्ता, आदि सहित कई दर्जन भक्तों ने संगीत मय सुंदरकांड के पाठ करके भगवान को रिझाने का प्रयास किया गया तथा भगवान के सभी ने एक राय होकर मन्नत की अर्जी लगाई मन्नत की अर्जी में प्रभु से प्रार्थना की की भगवान इस वर्ष इतनी अच्छी वर्षा करें की फसल गत वर्ष से दुगनी हो जाए जिससे किसानों के घर में खुशी के दीपक जलने लगे तथा देश में सुख समृद्धि काइम हो तथा हिंदू धर्म की व सनातन धर्म की मान्यता इस धरती पर चलती रहे अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

पुलिस लाइन में 1 माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का पुलिस अधिकारियों द्वारा निरंतर किया जा रहा निरीक्षण

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

प्रतिभागियों के खेलकूद, शिक्षा, संगीत, तैराकी, एवं अन्य क्रियाकलापों में निरन्तर करवाया जा रहा अभ्यास

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर छतरपुर जिले में पुलिस लाइन परिसर में पुलिस परिवार के बच्चों हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप का आयोजन दिनांक 15 मई 2024 से दिनांक 21 जून 2024 तक किया जा रहा है।

समर कैंप में पुलिस परिवार के बच्चों को खेलकूद, शिक्षा, संगीत, सांस्कृतिक नृत्य, के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों जैसे मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा करवाया जा रहा है।

खेलकूदो में जैसे राजकीय खेल मलखंब, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी शूटिंग एवं लॉन टेनिस तथा अन्य क्रियाकलापों जैसे रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी सांस्कृतिक नृत्य, अन्यकलाकृतियां हेतु भी प्रशिक्षण जारी है।

इसके साथ ही आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, जूडो कराटे का भी प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। इस समर कैंप में पुलिस परिवार के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 15 मई 2024 को पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा किया गया था। एवं शिविर का समापन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून को होना है।

पुलिस लाइन परिसर में आयोजित समर कैंप में सम्मिलित प्रतिभागियों द्वारा अभ्यास जारी है, प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा संबंधित कार्यक्रम खेलकूद एवं अन्य क्रियाकलापों हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अध्ययन हेतु आवश्यक सुविधाओं वाला कक्ष, इनडोर एवं आउटडोर खेल मैदान के साथ-साथ संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था है।

समर कैंप में रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा द्वारा सम्मिलित पुलिस परिवार के बच्चों, प्रतिभागियों के आवागमन हेतु उनके आवासीय परिसर से प्रशिक्षण स्थल पुलिस लाइन तक वाहनों की व्यवस्था, संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिभागियों के आहार हेतु पौष्टिक आहार जैसे अंकुरित चने, सोयाबीन, मूंग एवं विभिन्न प्रकार के आवश्यक पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई है। इनके साथ-साथ प्राथमिक उपचार किट, चिकित्सा संसाधन एवं ग्रीष्म मौसम को दृष्टिगत रखते हुए ग्लूकोज, नींबू पानी पुदीना की भी व्यवस्था है। तैराकी, मार्शल आर्ट सहित अन्य क्रियाकलापों में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

समर कैंप में अत्यधिक मात्रा में वृक्षारोपण कर उनके महत्व, उपयोगिता व संरक्षण के विषय में चर्चा कर प्रेरित किया गया। साथ ही पक्षियों एवं नन्हे जानवरों हेतु पेयजल व आहार की भी व्यवस्था कराई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह द्वारा ग्रीष्म कालीन शिविर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण भी किया जा रहा है। सभी प्रतिभागिओं को उनसे जुड़े इनडोर एवं आउटडोर खेलकूद के मैदान में जाकर अभ्यास प्रदर्शन को देखा जा रहा है।

निर्माणाधीन फूल माइनर नहर में लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

गोरमा बांध से 36 किलोमीटर फूल तक बन रही है माइनर नहर*

सब डिवीजन सिंचाई विभाग पर भी लगे सांठ गांठ के आरोप

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

रीवा मऊगंज जिले के हनुमान अंचल में निर्माणधीन फूल माइनर नहर में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। गौरतलब है कि निर्माणाधीन फूल माइनर नहर की दूरी 36 किलोमीटर की है। जो कि गोरमा बंधा से फूल तक बनाई जानी है। गौरतलब है कि इसकी मोटाई 3 इंच से 3÷30 इंच तक की होनी चाहिए, किंतु निर्माणाधीन नहर में इसकी मोटाई मात्र डेढ़ से 2 इंच रखी गई है। बताया गया है कि सब डिवीजन सिंचाई विभाग द्वारा इस नहर के निर्माण के लिए रविन्द्र बिल्डिकान कंपनी को 11 करोड रुपए की निविदा स्वीकृत की गई थी। जिसे पीसीसी नहर बनाया जाना था, किंतु जिस कंपनी को माइनर नहर के निर्माण का काम सौंपा गया था उसने पेटी पर किसी अन्य ठेकेदार को यह काम सौंप दिया है।जिसके द्वारा भ्रष्टाचार एवम घटिया सामग्री के स्तेमाल के चलते यह नहर जहां एकओर बनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर फटती जा रही है। स्थानीय वासियों ने आरोप लगाया है कि इस नहर में सीमेंट की जगह डस्ट बालू का उपयोग किया जा रहा है। इसमें बालू और सीमेंट कम होने तथा घटिया किस्म की गिट्टी मिलाई जाने से नहर बनने के साथ ही फटना शुरू हो गई है। सब डिवीजन सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर मिली भगत कर ठेकेदार को संरक्षण देने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इतना ही नहीं बताया गया है कि उक्त नहर सीधे कलेक्टर के नियंत्रण में बनाई जा रही है।बीजिसकी निगरानी विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी करनी चाहिए। किंतु सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत और जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते फूल माइनर नहर के निर्माण में गंभीर अनियमितता तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। यदि इसी तरह निर्माणधीन नहर में भ्रष्टाचार का खेल जारी रहा ,तो शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद किसानों के लिए यह परियोजना स्वप्न साबित होकर रह जाएगी। जिला प्रशासन एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि इस निर्माणधीन नहर का निरीक्षण कर इसकी बारीकी से जांच कराई जाए।ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और शासन की मनसा के अनुरूप यह नहर किसानों के लिए उपयोगी साबित हो सके। अन्यथा करोड़ों रुपए पानी की तरह बहने के बावजूद किसानों के लिए इसकी कोई उपयोगिता नहीं रह जाएगी।

47

पहले अवंटित की जमीन, निर्माण होने के बाद गिरा दी बाउंड्रीवॉल

महिला ने कलेक्टर से की उद्योग विभाग की शिकायत, कार्यवाही की मांग

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर/मो.7509091263

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना पन्ना नाका की रेडियो कॉलोनी निवासी अंजना पत्नि नीरज मिश्रा द्वारा सिविल लाइन थाना और कलेक्टर कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर उद्योग विभाग पर आरोप लगाए हैं कि विभाग ने इंड्रस्ट्रियल एरिया चन्द्रपुरा में स्थित उसके स्वामित्व के प्लॉट नंबर 10 की बाउण्ड्री बॉल गिरा दी है साथ ही विभागीय कर्मचारियों द्वारा उसके साथ अभद्रता की गई है। अंजना ने आवेदन देकर क्षतिपूर्ति कराने और अभद्रता किये जाने का मामला दर्ज करवाकर वैधानिक कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। अंजना द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इंड्रस्ट्रियल एरिया चंन्द्रपुरा में उसे वर्ष 2023 में भू-खण्ड क्रमांक-10 आवंटित किया गया था, जिसमें कार्य करने की समय सीमा आवंटन आदेशनुसार 2 वर्ष तय की गयी थी। आवेदिका का आरोप है कि उसे आदेशानुसार पूरी जमीन प्रदान नहीं की गयी थी और उससे कहा गया था कि जितनी भूमि है, उतने पर ही निर्माण कराएं। अंजना के मुताबिक उन्होंने उक्त भू-खण्ड पर बाउंण्ड्रीवॉल का निर्माण विभाग के नक्शे के अनुसार किया था लेकिन 14 जून 2024 को उद्योग विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके भू-खण्ड पर निर्मित बाउन्ड्री-बॉल को बिना किसी सूचना के तोड़ दिया और इसके बाद उन्हें सूचना दी गयी है। अंजना के मुताबिक विभाग की इस कार्रवाई से उन्हें करीब ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उनका आरोप है कि जब उन्होंने कर्मचारियों से मामले की शिकायत की तो कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता भी की। अंजना ने बताया कि उन्होंने 17 मई 2024 को कलेक्टर से शिकायत की थी लेकिन आज तक कार्रवाई नही की गयी। उन्होंने पुनः आवेदन देकर उद्योग विभाग के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने और अभद्रता करने वाले कर्मचारियों पर मामला दर्ज कराए जाने की मांग की है।

संजीवनी 108 एंबुलेंस में मौजूदा स्टाफ बना मरीजों की मुसीबत, एंबुलेंस कर्मचारी कमीशन के चक्कर में छोड़ रहे निजी अस्पताल

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव संवाददाता भानु प्रताप राय

बिगत कई माह से जानकारी मिल रही थी की मरीजों को 108 एंबुलेंस का स्टाफ अपनी गाड़ी में शिफ्ट करने के कुछ देर बाद ही प्राइवेट एंबुलेंस बालो को मरीज हैंडओवर कर देते हैं जिससे मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती कर कमीशन के तौर पर मनमानी राशि वसूल की जा सके निजी अस्पताल निजी वाहन ब शासकीय 108 एम्बुलेंस बालो को मरीज पहुंचाने पर एक मोटी रकम कमीशन के तौर पर देते हैं जिसके लालच में मरीज को जबरजस्ती बहला फुसला कर 108 वाहन चालक निजी गाड़ी के अपना माध्यम बनाकर निजी अस्पताल छोड़ने का कार्य करते हैं जिससे अपनी कमाई में इजाफा किया जा सके

108 द्वारा मरीजों को सरकारी अस्पताल न ले जा कर निजी अस्पताल में निरंतर भर्ती किया जा रहा बताया जा रहा की 13 /6/24 को दोपहर 1 से 2 बजे की घटना जबलपुर रोड पर 2 गाडियां आपस में भिड़ गई जिसके चलते वहा मौजूद लोगो

द्वारा 108 पर फोन किया गया गोटेगांव गाड़ी ष्द 04 ठ्ठ्य 4594 108 में पदस्थ पायलट पियूष शुक्ला और ईएमटी धनपति सतारे द्वारा मरीज को 108 में बिठा कर थोड़े आगे ही आते से प्राइवेट एम्बुलेंस के चालक से बात की ओर प्राइवेट गाड़ी में मरीज को बिठा कर प्राइवेट हॉस्पिटल भेज दिया और अपने अधिकारियों डीएम को सूचना दे दी की हमने मरीज को प्राइवेट श्रीधाम हॉस्पिटल भेज दिए और उनके द्वारा जवाब आया की अच्छा किया इन में इनके डीएम का सहयोग भी रहता है ऐसा बताया जा रहा हैं और अधिकारी द्वारा इनसे बोला गया की आप सरकारी अस्पताल में गाड़ी शो कर दो 108 की चलती लापरवाही से गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए मरीजों को सरकारी अस्पताल न ले जा कर प्राइवेट भेजा जा रहा और इनके अधिकारी द्वारा इनको सराहना दी जा रही की अच्छा काम किया और इनके ऊपर बैठे अधिकारियों को भी यह सब नही दिख रहा यह लोगो को भेजा जा रहा कमीसन के चक्कर में गरीब लोगो को बहला फुसलाकर की हम अपका फ्री में करा देगे ऐसा बोल कर मरीजों को भेजा जा रहा इसकी जिम्मेदारी कौन लेता हैं उच्च अधिकारियों से बात कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी

नगर पालिका अनूपपुर में आया भूचाल

पी.आई.सी.की सदस्यता से दूसरा त्यागपत्र

अखण्ड प्रताप सिंह। केसरिया हिंदुस्तान

अनूपपुर । नगर पालिका परिषद अनूपपुर में इस समय भूचाल सा आया हुआ है।जहां एक के बाद एक पी.आई.सी.की सदस्यता से त्यागपत्र देने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। अभी मई माह 2024 में संजय चौधरी पार्षद वार्ड क्रमांक 2 ने सभापति योजना,यातायात,परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग समिति से त्यागपत्र दिया था।इसके पश्चात जून माह 2024 में सुनीता (राधिका)बियानी पार्षद वार्ड क्रमांक 12 सभापति सामान्य प्रशासन विभाग नेपी.आई.सी.की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है।

उन्होंने अपने त्यागपत्र में उल्लेख किया है कि दिनांक 14/06/2024 को रखी गई पी.आई.सी. की बैठक के पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष पति के आपत्तिजनक व्यवहार एवं पी.आई.सी के कार्य सुचारू रूप से न होने एवं सामान्य प्रशासन विभाग के किसी भी कार्य व कार्यवाही की जानकारी न देकर मनमाना कार्य करने के कारण मैं सभापति,सामान्य प्रशासन विभाग व पी.आई.सी. की सदस्यता से त्यागपत्र दे रही हूं।

ज्ञातव्य हो कि अनूपपुर नगर पालिका में पी.आई.सी का गठन भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों को मिलकर किया गया है।जबकि अध्यक्ष भाजपा से बिलॉन्ग करती है।

एस पी श्री अगम जैन की उपस्थिति में अनुभाग बड़ा मलहरा में संपन्न हुआ यातायात इंटर्नशिप समर कैंप

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने हेतु की अपील, एक सप्ताह के इंटर्नशिप कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित

ट्रैफिक इंटर्नशिप समर कैंप के समापन समारोह में सम्मिलित प्रतिभागियों ने अपनी कला, नाटक, कविता प्रस्तुत कर यातायात जागरूकता का दिया संदेश

जिला मुख्यालय एवं अनुभाग नौगांव के पश्चात अनुविभागीय स्तर पर अनुभाग बड़ा मलहरा में दिनांक 9 जून से प्रारंभ एक सप्ताह के आयोजित इंटर्नशिप समर कैंप कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों को एक सुसज्जित , सुरक्षित सड़क सस्कृति की परंपरा से अवगत कराते हुए , ट्राफिक नियमो की जानकारी , अति दुर्घटना वाले स्थान का अवलोकन , यातायात पुलिस संबंधी उपकरण, सिग्नल एवं संकेत की जानकारी, यातायात व्यवस्था एवं यातायात पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया तथा एक आदर्श नागरिक एवं सजग, रोड सेफ्टी प्रोत्साहक और गुड सेमेरेटन हेतु प्रेरित किया गया।

शनिवार को बड़ामलहरा में आयोजित समापन समारोह

कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों ने एक सप्ताह के इंटर्नशिप इन डोर एवं आउटडोर में यातायात विशेषज्ञ एवं यातायात उपकरणों, व्यावहारिक प्रशिक्षण, मार्गो के दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र एवं ब्लैक स्पॉट टर्निंग में भ्रमण तथा यातायात जागरूकता के माध्यम से प्रशिक्षण में प्राप्त शिक्षा एवं अनुभव को अपनी कला, नाटक, कविता, नृत्य, स्लोगन आदि का स्वरूप देकर प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में प्रेजेंटेशन एवं शार्ट फ़िल्म के माध्यम से सड़क दुर्घटना के कारण एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु उपाय भी प्रदर्शित किए गए।

साथ ही उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित उनके परिजनों एवं जनप्रतिनिधियों को सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने हेतु संदेश दिया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, अनियंत्रित गति एवं गलत दिशा से वाहन ना चलाएं। बीच रोड में अचानक वाहन ना रोके। पैदल रोड क्रॉस करते समय जेब्रा क्रॉस लाइन का प्रयोग करें।

'चंदू चैम्पियन' के प्रीमियर में फिल्मी सितारों की महफिल मे पहुंचे अभिनेता रविंद्र ठाकुर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी'सोनु'

-कार्तिक आर्यन की फिल्म %चंदू चैंपियन% काफी चर्चा बटोर रही है। गुरुवार को बॉलीवुड के कुछ खास लोगों के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म %चंदू चैंपियन% 14 जून से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

कबीर खान के निर्देशन में बनी इस मुरलीकांत पेटकर जी के बायोग्राफिकल में कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर से भी पता चलता है कि कार्तिक ने फिल्म के लिए कड़ी मेहनत की है। कपिल मिसाळजी का भी बोहोत सहयोग रहा गुरुवार फिल्म का एक खास प्रीमियर आयोजित किया गया था,जिसमें बॉलीवुड के कई कलाकार मौजूद थे।इस आयोजन मे रतलाम जिले के गाँव पंथ पिपलोदा से जूडे फिल्मी दुनिया मे उभरते सितारे अभीनेता रविन्द्र ठाकुर भी पहुचे वर्तमान मे ठाकुर आलोट जनपद पंचायत मे जनप्रतिनिधी भी है यह फिल्म मुरलीकांत पेटकर जी के जीवन पर ये आधारीत है।

जवा चौराहे से यूनियन बैंक तक सड़क में 12 माह भरा रहता है पानी।

पानी भरे होने से हो चुकी है कई दुर्घटनाएं।

जिम्मेदार अधिकारी नही दे रहे ध्यान।

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

उपेक्षा का शिकार हुआ जवा मुख्यालय।

रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जवा चौराहे से यूनियन बैंक तक पूरे सड़क में 12 माह पानी भरा रहता है जिस बजह से आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते रहते है जिसके लिए समाजसेवियो से शासन प्रशासन से नाली की साफ सफाई एवं सड़क में भरे पानी निकासी की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है ताकि नालियों एवं सड़क में भरा गंदा पानी से लोगो को निजात मिल सके।

वही नगमा निवासी समाजसेवी नंदलाल यादव ने कहा कि जब इस भीषण गर्मी में इस सड़क में पानी भरा हुआ है तो बरसात के दिनों में 4 माह कैसा दिखता होगा। उन्होंने कहा कि इस रोड से सांसद विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि निकलते है लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जाता है ये समस्या बीते 10 वर्ष से है कई बार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत सीईओ,स्थानीय विधायक, सांसद और जिला कलेक्टर को आवेदन दिया गया है फिर भी समस्या जस के तस है।

हर पांच वर्ष में चुनाव के समय आश्वासन दिया जाता है इसके बाद सारे आश्वासन हवा हवाई हो जाते है इस तरह से जवा मुख्यालय बीते 10 वर्ष से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

सवाल यही की आखिर कब तक मे जवा के लोगो को इस गंदगी और सड़क में भरे पानी से निजात मिलेगी?

टीकमगढ़ जिला अस्पताल में दिल्ली से आई जांच टीम की बंद कमरे में मीटिंग, तालमेल बैठाने के बाद टीम ने साधी चुप्पी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह/

जिला ब्यूरो

टीकमगढ़ जिला अस्पताल की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। आज भी एक तारीफे काबिल वाक्या सामने आया। दिल्ली से आज सुबह ही जांच टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों ने तमाम वार्डो को इस तरीके से दर्शाया जैसे जिला अस्पताल राज्य का एक मात्र ऐसा जिला चिकित्सालय है।जो राज्य में नम्बर बन है। हर एक मामले में लेकिन जिला अस्पताल की जमीनी हकीकत कुछ और है। जांच के दौरान पहले टीम से चर्चा हुई। जिस पर टीम ने मीडिया की तमाम बात सुनी

बंद कक्ष में हुई मीटिंग

दौरान मीडिया को रुबरु होने पर के लिए करीब 10 मिनिट का समय दिया गया। मीडिया को कक्ष से बाहर कर दिया गया। और बिना किसी सुविधा के बाद न बैठने की

व्यवस्था और न ही पानी की व्यवस्था काफी देर इंतजार के बाद जब मीडिया ने पुनः अंदर जाकर वर्जन मांगा तो सहायक प्रबंधक डॉक्टर अंकुर साहू द्वारा मीडिया से अनुमति मांगने की बात करते हुए कहा गया की किस की अनुमति से अंदर आए। तभी टीम के साथ आए एक कर्मचारी बाहर आए और मीडिया से बातचीत की ओर मीडिया को मिलने का आश्वासन दिया गया। की अन्दर जो भी बात होगी जानकारी दी जाएगी।लेकिन 3 घंटे मीडिया के इंतजार करने के बाद भी मीडिया को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई।

बंद कमरे क्या बैठा तालमेल, जांच टीम हुई मोन आखिर टीम से बंद कमरे में ऐसी किन गम्भीर मुद्दों पर बातचीत की गई की मीटिंग के बाद दिल्ली से आई जांच टीम मीडिया से दूरियां बनाती नजर आई।मानो बंद कमरे में किसी गंभीर मामले को दफन कर दिया गया हो।आखिर ऐसा क्या हुआ बंद कमरे में की सिविल सर्जन और तमाम डॉक्टरों की बीच की बात क्या रही की निरीक्षण करने पहुंची टीम पहले मिडिया से रुबरु होना चाहती थी।लेकिन बंद कमरे की मीटिंग के बाद टीम और जिला अस्पताल प्रबंधक और तमाम डॉक्टरों के बीच क्या तालमेल बैठा की टीम को चुप्पी साधना पड़ी और मीडिया से टीम रुबरु नही हुई और मोन नजर आई।

इनका कहना है।

जिला अस्पताल की सहायक प्रबंधक अंकुर साहू ने मीडिया के तमाम सवालों पर अपनी सफाई दी। जिसमे उन्होंने कहा कि दिल्ली से लक्ष्य की टीम आई थी। मैडम का कहना है। जिला अस्पताल में सफाई रहती है। और ऐसे नही है की हमेशा गंदगी हो। कुछ कर्मचारी जो अनुपस्थित होते है तभी समस्या आती है। टीम को हाउस कीपिंग और कम स्टाफ में अच्छी व्यवस्था देना अच्छा लगा।टीम रिर्पोट लेकर गई है। हमे भी नही पता की क्या होगा अव रिजल्ट वही तमाम सवालों पर मैडम का कहना था।मामले संज्ञान में आए है। जिन पर कार्यवाही की जाएगी। फिल्हाल जिला अस्पताल के अधिकारी तारीफो के पुल बांधते आए नजर ।सवाल तो यह खड़ा होता है।

आखिर टीम को जिला अस्पताल की जो व्यवस्था अच्छी लगी उन पर जांच टीम मिडिया से रूबरू होकर क्यों नही बोली ? ऐसा क्या हुआ बंद कमरे में की टीम